kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-10 ❑ शनिवार, 07 फरवरी 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट देश को नई ऊँचाइयों तक ले जाने वाला है और नेशन फरस्ट की सोच को साकार करता है।प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह बजट गरीब, किसान, महिला, युवा और मध्यम वर्ग के समग्र कल्याण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।
प्रभारी मंत्री ए.के. शर्मा

मणिपुर के चूड़ाचांदपुर में बढ़ा तनाव, नई सरकार' के विरुद्ध हुई विरोध प्रदर्शन 11

कार का साइड मिरर टूटने के विवाद में युवक की हत्या, साथी घायल 12

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में न कर्फ्यू है, न फसाद और न ही अराजकता

# रामभक्तों का अपमान भारत की विरासत व आध्यात्मिक मूल्यों का अपमान था : योगी

एजेंसी

हरिद्वार/यमकेश्वर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि एक समय रामभक्तों का अपमान किया जाता था, लेकिन यह केवल रामभक्तों का नहीं बल्कि भारत की विरासत और आध्यात्मिक मूल्यों का अपमान था, जिसके कारण उत्तर प्रदेश अराजकता और दंगों का केंद्र बन गया।

हरिद्वार में स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि जी महाराज की श्रीविग्रह मूर्ति स्थापना समारोह को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के दौर में प्रदेश में गुंडागर्दी चरम पर थी, न बेटी सुरक्षित थी और न व्यापारी। उनकी सरकार में विरासत के सम्मान के साथ कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई, जिसके परिणामस्वरूप आज दंगा और दंगाई दोनों गायब हो गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में न कर्फ्यू है, न फसाद और न ही अराजकता। स्पष्ट नीति और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति के चलते प्रदेश विकास और सुशासन के पथ पर आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण इसी बदलाव का प्रतीक है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आश्रम पद्धति और भारतीय परंपरा प्रशासन और प्रबंधन की वास्तविक शिक्षा देती है। उन्होंने कहा कि संन्यासी आश्रम व्यवस्था से



**योगी बोले**

❑ संस्कार, शिक्षा और संस्कृति से ही बनेगा समृद्ध उत्तराखंड : योगी

❑ एक समय रामभक्तों का अपमान किया जाता था, लेकिन यह केवल रामभक्तों का नहीं बल्कि भारत की विरासत और आध्यात्मिक मूल्यों का अपमान था, जिसके कारण उत्तर प्रदेश अराजकता और दंगों का केंद्र बन गया

अनुशासन, सेवा और सुशासन सीखता है, जिससे प्रशासन चलाने की क्षमता विकसित होती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि माघ मेले में अब तक 21 करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या, काशी, मथुरा-वृंदावन, प्रयागराज, हरिद्वार, बदरीनाथ और केदारनाथ अब केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना के केंद्र बन चुके हैं।

इसके बाद पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर स्थित एक इंटर कॉलेज के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड का समग्र विकास केवल भौतिक संसाधनों से नहीं, बल्कि संस्कार, शिक्षा और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण से ही संभव है। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें संस्कार, कौशल विकास और जीवन निर्माण के केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक शिक्षा ढांचे का विकास है, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पलायन न करना पड़े। उन्होंने कहा कि गुरुकुल परंपरा में शिक्षा जीवन के हर संघर्ष के लिए विद्यार्थी को तैयार करती थी और सकारात्मक सोच व परिश्रम ही प्रगति का मार्ग है।

योगी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यालयों को कौशल विकास और समग्र व्यक्तित्व निर्माण के केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने गांवों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर देते हुए कहा कि पलायन रोकने के लिए शिक्षा, नवाचार और रोजगार के अवसर स्थानीय स्तर पर विकसित करने होंगे। उन्होंने विद्यालय भवन का उपयोग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और कौशल विकास गतिविधियों के लिए करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।दोनों कार्यक्रमों ● शेष पेज 11 पर

### परीक्षा पे चर्चा' की पहल विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार करेगी: योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज 'परीक्षा पे चर्चा' के माध्यम से विद्यार्थियों से संवाद करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और सफलता की शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर लिखा कि परीक्षा आत्मविश्वास, अनुशासन और धैर्य की कसौटी होती है। ऐसे क्षणों में सही मार्गदर्शन विद्यार्थियों के मन से भय हटाकर उनमें विश्वास और ऊर्जा भर देता है। परीक्षा पे चर्चा' की पहल करोड़ों विद्यार्थियों के मन में नई दिशा, नई ऊर्जा और नए विश्वास का संचार करेगी।ख्र प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा' में विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि तनाव नहीं, संतुलन को अपनाइए। प्रतिस्पर्धा नहीं, आत्म-विकास पर ध्यान दीजिए और परिणाम नहीं, निरंतर प्रयास पर भरोसा रखिए। उनके शब्दों में सकारात्मक दृष्टि, लक्ष्य की स्पष्टता और हर चुनौती का मुस्कुराकर सामना करने की प्रेरणा समाहित है। योगी ने लिखा कि यह संवाद केवल परीक्षा कक्ष तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन की हर परीक्षा में स्थिर रहने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने सामर्थ्य पर विश्वास बनाए रखने का संदेश देता है।

# भारत ने फिर रचा छठी बार अंडर-19 विश्वकप में इतिहास

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। भारतीय अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और छठी बार विश्व कप का खिताब जीत लिया। भारत पूरे टूर्नामेंट के दौरान अजेय रहा और ग्रुप चरण से लेकर फाइनल मुकाबले तक कोई टीम आयुष म्हात्रे की अगुआई वाली टीम को हरा नहीं सकी। भारत के लिए वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे और अभिज्ञान कुंडू ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान शानदार प्रदर्शन किया।

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में 100 रनों से हराया। भारत ने इंग्लैंड के सामने 412 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में इंग्लिश टीम 40.2 ओवर में 311 रन रन पर सिमट गई। टीम इंडिया के लिए वैभव सूर्यवंशी फाइनल के सुपरस्टार रहे। उन्होंने 80 गेंद में 175 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। वहीं, इंग्लैंड की ओर से कैलब फाल्कनर ने शतक जड़ा, लेकिन टीम को नहीं जिता पाए। फाल्कनर ने 67 गेंद पर 115 रन की पारी खेली। टूर्नामेंट में अजेय रही भारतीय टीम भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट के दौरान अजेय रही। भारत ने पहले मैच में अमेरिका को छह विकेट से हराया। इसके बाद बांग्लादेश को 18 रन से मात देकर सुपर सिक्स चरण में प्रवेश किया। ग्रुप चरण के आखिरी मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को डीएलएस प्रणाली से सात विकेट से हराया। ग्रुप चरण में दमदार प्रदर्शन के बाद भारत ने सुपर सिक्स चरण में जिम्बाब्वे को 204 रनों के बड़े अंतर से हराया। फिर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 58 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और पाकिस्तान को बाहर का रास्ता दिखाया। भारत ने सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

अब इंग्लैंड को हराकर खिताब अपने नाम किया।

## इंग्लैंड को 100 रन से रौंदा



### दबदबा ऐसा कि 16 में से 10 बार फाइनल में पहुंचे

सर्वाधिक बार खिताबी मुकाबले खेलने का है रिकॉर्ड इसमें कोई शक नहीं है कि भारत का अंडर-19 विश्व कप में हमेशा ही दबदबा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि भारत अंडर-19 विश्व कप के 16 सत्र में से 10 बार खिताबी मुकाबले में पहुंच चुका है जो सर्वाधिक है। भारत ने लगातार छठी बार खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया था। टीम ने 2016, 2018, 2020, 2022, 2024 और 2026 में खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। यह आंकड़ा ये बताने के लिए अपने आप में काफी है कि भारतीय टीम का अंडर-19 में कोई सानी नहीं है। यहां तक कि ऑस्ट्रेलिया टीम भी भारत से काफी पीछे है। ऑस्ट्रेलिया ने छह बार अंडर-19 टीम के फाइनल में जगह बनाई है और चार बार खिताब जीता है।

अंडर-19 विश्व कप का किया था सबसे बड़ा रन चेज भारत के नाम अंडर-19 विश्व ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### बेकाबू वैगन-आर का कहर: तीन को रौंदते हुए मकान में घुसी कार

बरेली । उत्तर प्रदेश के जनपद बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र स्थित एजाज नगर गोटिया में शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार वैगन-आर कार बेकाबू हो गई। कार ने पहले सड़क किनारे जा रहे तीन लोगों को टक्कर मारी और फिर अनियंत्रित होकर एक मकान की दीवार तोड़ते हुए अंदर जा घुसी। हादसे का खौफनाक मंजर पास लगे कैमरे में कैद हो गया, जिसका वीडियो सामने आने के बाद इलाके में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। देखते ही देखते घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। तीनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही बारादरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि कार को कब्जे में ले लिया गया है और एएद्वद्व फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है। चालक की पहचान कर उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। प्रथम दृष्टया तेज रफ्तार और लापरवाही हादसे का कारण प्रतीत हो रही है। घटना का समय सुबह करीब 10:15 बजे का है।

### अमित शाह 14 फरवरी को पुडुचेरी के कराईकल का करेंगे दौरा

चेन्नई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 14 फरवरी को पुडुचेरी के कराईकल का दौरा करेंगे। वे सरकारी और पार्टी कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का अभी पूरा विवरण नहीं साझा किया गया है। यह जानकारी पुडुचेरी राज्य के भारतीय जनता पार्टी(भाजपा)के प्रमुख प्रवक्ता एम. अरुलमुरुगन ने शुक्रवार को एक बयान में दी।उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री शाह अपने कार्यक्रमों का पूरा विवरण आने वाले कुछ दिनों में जारी किए जाने की जानकारी दी है। पुडुचेरी, तमिलनाडु सहित देश के पाँच राज्यों में जल्द ही विधान सभा के चुनाव होने वाले हैं। इन राज्यों के लिए चुनाव की तारीखों की घोषणा शीघ्र ही किए जाने की संभावना है। चुनाव की तैयारियों को लेकर राजनीतिक दल गठबंधन वार्ता, सीट बंटवारे सहित विभिन्न चुनावी गतिविधियों में तेजी से जुट गए हैं।

# हरिद्वार तीर्थस्थल ही नहीं भारत की सांस्कृतिक चेतना का केन्द्र : राजनाथ

एजेंसी

हरिद्वार । केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गंगा तट पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हरिद्वार केवल एक तीर्थस्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना का केंद्र है। यहीं से भारतीय संस्कृति की अखंड धारा प्रवाहित होती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की रक्षा केवल भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी सांस्कृतिक जड़ों की सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। यदि संस्कृति कमजोर होती है तो राष्ट्र भी कमजोर हो जाता है। उन्होंने सनातन संस्कृति, अद्वैत वेदांत, भक्ति परंपरा और गुरु-शिष्य संवाद को भारत की आत्मा बताया। रक्षा मंत्री हरिद्वार के सप्तऋषि क्षेत्र स्थित भारत माता मंदिर परिसर में ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज की समाधि मंदिर में मूर्ति स्थापना के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। शुक्रवार को विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर समाधि मंदिर एवं प्रतिमा का विधिविधान से अनावरण किया गया।



❑ हरिद्वार केवल एक तीर्थस्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना का केंद्र है

❑ पावन अवसर पर उपस्थित होना उनके लिए सौभाग्य का विषय है। मां गंगा को नमन करते हुए ऋषि-मुनियों की स्मृतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की

❑ स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि भले ही आज हमारे बीच शारीरिक रूप से उपस्थित नहीं हैं, किंतु उनकी साधना, विचार और जीवन दर्शन आज भी समाज को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं

समारोह के समापन अवसर पर केन्द्रीय रक्षा मंत्री के साथ ही आवास और शहरी मामलों के केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक तथा जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि महाराज सहित अनेक संत-महात्मा एवं गणमान्य अतिथियों ने समाधि स्थल पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस तीन दिवसीय भव्य आयोजन में देशभर से संत-महात्मा, धर्मगुरु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं राजनीतिक नेतृत्व उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्र चेतना, सनातन संस्कृति, गुरु-शिष्य परंपरा तथा मानव सेवा जैसे विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। राजनाथ सिंह ने कहा कि इस पावन अवसर पर उपस्थित होना उनके लिए सौभाग्य का विषय है। मां गंगा को नमन करते हुए ऋषि-मुनियों की स्मृतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। ● शेष पेज 11 पर

### लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर नितिन गडकरी सहित अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। भारतीय संगीत को अपनी दिव्य स्वर साधना से विश्व पटल पर प्रतिष्ठित करने वाली स्वर कोकिला, 'भारत रत्न' लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर उन्हें केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सहित अन्य नेताओं ने श्रद्धांजलि दी।

केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने नमन करते हुए कहा कि भारत रत्न आदरणीय लतादीदी मंगेशकर के स्मृति दिवस पर उन्हें सादर अभिवादन।


केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लिखा कि भारत रत्न लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि लता मंगेशकर ने भारतीय संगीत को समृद्ध करने के साथ ही उसे वैश्विक पहचान दिलाई। उनके स्वरों में भक्ति, देशप्रेम, करुणा और संवेदना का ऐसा समावेश था, जो हर पीढ़ी के हृदय से जुड़ गया। लता दीदी की गायकी भारतीय संस्कृति की आत्मा का स्वरूप थी, जो समय के साथ और अधिक अमर होती चली जाएगी। संगीत, संस्कार और साधना के रूप में वे सदैव हमारी स्मृतियों में जीवित रहेंगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स ● शेष पेज 11 पर

# घूसखोर पंडत फिल्म के निर्देशक व टीम के खिलाफ उत्तर प्रदेश में एफआईआर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रचारित-प्रसारित की जा रही फिल्म 'घूसखोर पंडत' के निर्देशक के खिलाफ राजधानी की कोतवाली हजरतगंज में एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई समाज में वैमनस्य फैलाने, धार्मिक एवं जातिगत भावनाओं को आहत करने और शांति व्यवस्था को भंग करने के प्रयास के आरोप में की गई है।

थाना हजरतगंज के प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रचारित हो रही फिल्म तथा सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे इसके कंटेंट पर संज्ञान लिया। उनके अनुसार 'घूसखोर पंडत' फिल्म का शीर्षक और उसकी प्रचारित सामग्री प्रथम दृष्टया आपत्तिजनक पाई गई है। एफआईआर में जातिगत अपमान के बिंदु पर स्पष्ट किया गया है कि फिल्म का शीर्षक एक समुदाय, जाति विशेष (ब्राह्मण) को लक्षित कर अपमानित करने के उद्देश्य से रखा गया प्रतीत होता ● शेष पेज 11 पर



### घूसखोर पंडत' फिल्म पर प्रतिबन्ध लगाए सरकार : मायावती

लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शुक्रवार को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रचारित-प्रसारित की जा रही फिल्म 'घूसखोर पंडत' को प्रतिबन्ध लगाने की मांग की है। वहीं, इस फिल्म के नाम और उसकी सामग्री को लेकर ब्राह्मण समाज और विभिन्न सामाजिक संगठनों में आक्रोश है। विभिन्न संगठनों ने शुक्रवार को इसके विरोध में कई जिलों में उग्र प्रदर्शन किया। बसपा प्रमुख मायावती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट ● शेष पेज 11 पर

इस्लामाबाद में जुमे की नमाज के दौरान

# शिया मस्जिद में धमाका 31 की मौत, 169 लोग घायल

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद की एक मस्जिद में आत्मघाती हमला किया गया। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान तरलाई इलाके की इमाम बारगाह खदीजत-उल-कुबरा में जोरदार धमाका हुआ। इस विस्फोट में कई लोगों के हताहत होने की खबर है। ब्लास्ट के बाद पूरे शहर में इमरजेंसी लगा दी गई है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तहरीक ए तालिबान (टीटीपी) से जुड़े हमलावर ने गेट पर रोके जाने के बाद खुद को उड़ा लिया था। फिदायीन हमले में 31 की मौत, 169 घायल- जहां यह धमाका हुआ है वो शिया मस्जिद है। इस धमाके में 31 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 169 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद पूरे इलाके को सुरक्षा बलों ने घेर लिया है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक यह धमाका एक सुसाइड बॉम्बिंग यानी



आत्मघाती हमला था। यह हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव की दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस्लामाबाद कैपिटल टेरिटरी पुलिस के प्रवक्ता तकी जवाद ने कहा कि धमाके की प्रकृति का पता लगाना अभी जल्दबाजी होगी और फोरेंसिक टीमों को यह तय करना होगा कि यह आत्मघाती हमला था या प्लांट किया गया बम। जान बचाकर भागने लगे लोग धमाके के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। लोग अपनी जान बचाते हुए इधर-उधर भागते दिखे। सूचना मिलते ही फौरन पुलिस और रेस्क्यू टीमें पहुंची और राहत व बचाव ● शेष पेज 11 पर

परीक्षा पे चर्चा में छात्रों को प्रधानमंत्री मोदी का मंत्र

# शिक्षा जीवन के सर्वांगीण विकास का माध्यम


एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा पास करना नहीं बल्कि जीवन का सर्वांगीण विकास होना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि परीक्षा जीवन की अंतिम मंजिल नहीं, स्वयं को परखने का एक माध्यम है। अंक ही सबकुछ नहीं होते, असली लक्ष्य संतुलित, आत्मविश्वासी और सक्षम जीवन का निर्माण होना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने आज यहां अपने आवास पर 'परीक्षा पे चर्चा' 2026 के नौवें संस्करण में देश के विभिन्न हिस्सों से आए विद्यार्थियों से संवाद किया।

मणिपुर की एक छात्रा के सवाल पर प्रधानमंत्री ने छात्रों को सलाह दी कि जो बीत गया उसकी गिनती में समय बर्बाद न करें। अपना उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि '17 सितंबर को उनके जन्मदिन पर एक नेता ने फोन किया और बोले कि अब आप 75 के हो गए, तो मैंने कहा कि अभी 25 बाकी हैं।' उन्होंने कहा कि 'जो बीता है, मैं उसे गिनता नहीं हूं। जो बचा है उसको गिनता हूं।' उन्होंने छात्रों से भी यही दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि जो बीता है उसकी गिनती में समय बर्बाद मत कीजिए, जो बचा है उसको जीने के लिए सोचिए। अलग-अलग अध्ययन पद्धतियों को लेकर भ्रम माता-पिता और शिक्षकों द्वारा सुझाई जाने वाली अलग-अलग अध्ययन पद्धतियों को लेकर भ्रम संबंधी एक छात्र के सवाल पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह स्थिति जीवन भर बनी रहती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद भी लोग उन्हें अलग-अलग तरीके से काम करने की सलाह देते हैं। सलाह जरूर लें लेकिन वही करें जो आपके स्वभाव और परिस्थितियों के अनुकूल हो। मोदी ने कहा, ख्रआप अपना जो पैटर्न है, उस पर पूरा भरोसा करो। लेकिन जो पैटर्न के लिए सुझाव देते हैं, उसको ध्यान से सुनो, समझने की कोशिश करो और उसमें आपको लगता है कि यह चीज अगर जोड़ दूं तो अच्छा होगा। लेकिन किसी के कहने पर मत जोड़ो, अपने अनुभव से जोड़ो।

इम्पोर्टेंट क्वेश्चन पर अत्यधिक निर्भरता को लेकर किया आगाह प्रधानमंत्री ने बोर्ड और स्कूल परीक्षाओं की तैयारी में पिछले वर्षों के ● शेष पेज 11 पर



❑ परीक्षा जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं, सर्वांगीण विकास जरूरी : प्रधानमंत्री

❑ एक नेता ने कहा आप 75 के हो गए, तो मैंने कहा अभी 25 बाकी हैं:

### प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वी नागालैंड के विकास के लिए त्रिपक्षीय समझौते को ऐतिहासिक बताया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्वी नागालैंड के लिए किए गए त्रिपक्षीय समझौते को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने आज कहा कि इससे विकास को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र के लोगों के लिए नए अवसर खुलेंगे। यह समझौता एक दिन पहले केंद्र सरकार, नागालैंड सरकार और पूर्वी नागालैंड पीपल्स ऑर्गनाइजेशन (ईएनपीओ) के बीच हुआ है। यह छह पूर्वी जिलों में आठ मान्यता प्राप्त नागा जनजातियों का प्रतिनिधित्व करता है। इसका मकसद प्रगति को तेज करना और क्षेत्र में समावेशी विकास सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, ''यह वास्तव में एक ऐतिहासिक समझौता है। यह विशेष रूप से पूर्वी नागालैंड के विकास की गति को बढ़ाएगा। मुझे यकीन है कि यह लोगों के लिए अवसर और समृद्धि के नए रास्ते खोलेगा। यह पूर्वोत्तर में शांति, प्रगति और समावेशी विकास के प्रति हमारी अटूट ● शेष पेज 11 पर

# डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की समीक्षा बैठक

❐ निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जिले में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रमऽ2026 को लेकर गुरुवार को संगम सभागार में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने बताया कि दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 06 फरवरी 2026 निर्धारित है, ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के माध्यम से अधिक से अधिक अर्ह मतदाताओं का फार्म-6 भरवाना सुनिश्चित करें, ताकि उनका नाम 06 मार्च 2026 को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में शामिल हो सके।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में न रहे तथा सभी पात्र नागरिकों का नाम अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। साथ ही 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं से भी फार्म-6 भरवाने पर विशेष बल दिया गया।उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा ने बताया कि जनपद में कुल 35,36,555 पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें से 32,47,898 की मैपिंग हो चुकी है, जबकि 2,88,657 मतदाता नो-मैपिंग श्रेणी में हैं। वहीं 7,73,778 मतदाता तार्किक विसंगतियों के कारण चिन्हित किए गए हैं, जिनके सुधार की प्रक्रिया को आयोग के निर्देश पर सरल किया गया है।प्रशासन के अनुसार अब तक 1,53,407 फार्म-6 प्राप्त हो चुके हैं। बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, त्रुटिरहित और समावेशी बनाने पर सभी से सहयोग की अपील की

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों का हुआ भव्य विदाई समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संस्थापक प्रबंधक डॉ॰ शशिकांत शर्मा ,प्रधानाचार्य एन एस पी एस त्रिपुला एस॰एल॰प्रजापति, प्रधानाचार्य सलेथू राजीव सिंह एवं उप -प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

सरस्वती मां की पूजा के पश्चात कक्षा-11 के छात्र- छात्राओं ने सभी गणमान्यों, शिक्षक - शिक्षिकाओं एवं कक्षा -12 के छात्र- छात्राओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कक्षा -11 के छात्र- छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का कुशल संचालन कक्षा -11 के छात्र खुशी,आस्था,प्रज्ञा,समीक्षा, प्रांजुल,नैमिष,सिद्धांत के द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में सर्वप्रथम कशिश,अर्पिता,अनन्या, अनुश्री ,काव्या के द्वारा सभी गणमान्यों व अन्य सभी का स्वागत गीत के माध्यम से उनका स्वागत व अभिनंदन किया। परिधि, श्वेता, प्रज्ञा, समीक्षा के द्वारा फ्रेंडशिप सॉन्ग व आस्था, खुशी,गौरी, अनुष्का, अदिति, पुष्पांजलि, कशिश, मोनिका,सक्षम ,आयुष, आदर्श आदि के द्वारा ग्रुप डांस प्रस्तुत किया गया साथ ही यशस्वी, मानसी, रिया,अंशिका अनुष्का, युगवीर, आकिब ,शशांक, पीयूष आर्यन पटेल आदि के द्वारा एक्ट प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में अंशिका,अंशिका वर्मा, अनामिका, कशिश, वैष्णवी,जीनत के द्वारा फ़ेयरवेल सॉन्ग व समीक्षा, अनन्या, सोनाक्षी, एकता, राज,आदर्श, शुभम,आयुष आदि के द्वारा एक्ट प्रस्तुत किया गया।कक्षा -12 के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ कक्षा-11 के विद्यार्थियों द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी को स्मृति चिन्ह व टाइटल भेंट कर विदाई दी गई। इसी क्रम में कुछ छात्र व छात्राओं को पूरे- वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में विशेष प्रदर्शन के लिए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जिनमें - ''बेस्ट पर्सनैलिटी मेल'' अक्षत वर्मा ,''बेस्ट पर्सनैलिटी फीमेल'' आयुषी पाण्डेय , ''स्टूडेंट- ऑफ द ईयर'' जाह्नवी मिश्रा , ''स्टार परफॉर्मर ऑफ कल्चरल एक्टिविटी अवार्ड''समीक्षा त्रिपाठी, ''पेरेनियल स्टूडेंट अवार्ड'' विकास ,अभिनव, उत्पल, स्वजल, नीरज, युगांत, समीक्षा, अर्शिया, आरोही, रिया, दिव्यांक,अनन्या, कोमल, श्रेया, अल्पेंद्र, कुनाल, अंकुर, देवांश, शशांक, अभिनव, हर्षित, मो0कैफ, आयुषी, देवांग, परिंस, आंशिक,अनामिका, अन्नू, मधु, यशी, आकांक्षा, आलोक, शिवांश,प्रज्ञा, खुशबू, शालिनी, दिव्यांश, शुभी ,मुस्कान, यशी, पूजा, अवंतिका, सना फातिमा,मारिया,राजन,शुभ, आयुष, ऋषिकेश, धनराज, सुमित, हिमांशु,आयुष, शावेज़,आकाश,अंशिका को दिया गया।

## माघ मेला 2026: आस्था, अनुशासन और सुशासन का अभूतपूर्व संगम, 21 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया पुण्य स्नान

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** संगम तट पर आयोजित माघ मेला 2026 ने अपने सुव्यवस्थित आयोजन और विशाल जनभागीदारी के साथ अब तक के सभी माघ मेलों को पीछे छोड़ दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सतत निगरानी में यह आयोजन 'संस्कृति-आधारित सुशासन' का प्रभावी मॉडल बनकर उभरा है।माघ मेला अधिकारी ऋषिराज के अनुसार पौष पूर्णिमा से प्रारंभ हुए इस मेले में अब तक पांच प्रमुख स्नान पर्व सकुशल संपन्न हो चुके हैं, जिनमें 21 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान किया।इस बार मेला क्षेत्र को 800 हेक्टेयर तक विस्तारित किया गया, सात सेक्टर बनाए गए और नौ पांटून पुलों का निर्माण हुआ। भीड़ प्रबंधन के लिए 42 पार्किंग स्थल, 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन निगरानी और 15 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला सेवा ऐप, गोल्फ कार्ट और बाइक टैक्सी जैसी आधुनिक सेवाएं शुरू की गईं। प्रशासनिक कुशलता, स्वच्छता, सुरक्षा और डिजिटल प्रबंधन के कारण माघ मेला 2026 आस्था के साथ अनुशासन और सुशासन का प्रतीक बनकर सामने आया है।

## जनता दर्शन में डीएम ने सुनी शिकायतें, त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

**प्रयागराज , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जनता दर्शन के दौरान जनसामान्य की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कई मामलों में अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर मौके पर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।विशेष रूप से भूमि विवादों के मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर तत्काल स्थल पर पहुंचकर समाधान कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को राहत देना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## नाबालिक बालिका का हुआ एक्सट्रैक्शन मामले का खुलासा, चार हिरासत में

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित फाफामऊ थाने में दर्ज नाबालिक बालिका का ऐलान एक्सट्रैक्शन मामले का शुक्रवार को खुलासा करते हुए तीन महिला समेत चार लोगों को हिरासत में लेकर गहन जांच करते हुए विधिक कार्रवाई किया। यह जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने दी।उन्होंने बताया कि 6 फरवरी को पीड़िता की मां के तहरीर पर प्रयागराज के फाफामऊ थाने में अपहरण एवं जबरन नाबालिक बालिका का ओवा एक्सट्रैक्शन कराने का मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गहनता से जांच के दौरान जानकारी मिली कि कूटरचित दस्तावेज तैयार किया गया। जिसमें पीड़िता का फर्जी आधार कार्ड सीमा के बेटे हिमांशु ने तैयार किया। आधार कार्ड में नाबालिक बालिका को विवाहित एवं बालिग दिखाया गया। इसके बाद इन्द्र आईवीएफ ओवा केंद्र की एजेंट कल्पना भारती के पास ले जाया गया। जहां ओवा एक्सट्रैक्शन कराया गया।उन्होंने बताया कि इस मामले में पलक, रिंकी, सीमा और फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले हिंमाशु को हिरासत में लिया गया है। सभी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान अन्य सभी दोषियों के खिलाफ भी विधिक कार्रवाई की जाएगी और साक्ष्य एवं प्रमाण के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सैनिक स्कूल के छात्रों ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शुक्रवार को जन भवन में उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल के गणतंत्र दिवस परेड में पुरस्कृत एवं राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के लिए चयनित छात्रों ने शिष्टाचार भेंट की।इस अवसर पर राज्यपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर आगे बढ़ रहे हैं और इसी तरह निरंतर प्रयास करते रहिए।उन्होंने विद्यार्थियों से अपने परिवार और माता-पिता के योगदान को सदैव स्मरण रखने का आह्वान किया। उन्होंने जीवन में माता-पिता के योगदान एवं महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि उनका सम्मान करना हमारी सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षकों एवं अभिभावकों को यह कार्यक्रम बच्चों को अवश्य सुनाना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के निर्माण के दिए गए मंत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि आत्ममंथन, स्वच्छता, समय प्रबंधन और लक्ष्य निर्धारण जैसे मूल्यों को जीवन में अपनाना अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने यह भी कहा कि वरिष्ठ वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों द्वारा विकसित तकनीकों का सदुपयोग होना चाहिए, दुरुपयोग नहीं। वर्तमान समय में मोबाइल जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है, जिसके दुष्प्रभाव भी सामने आ रहे हैं। गेमिंग के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यदि गेमिंग करनी है तो वह रामायण, पंचतंत्र जैसे प्रेरणादायक विषयों पर आधारित हो, जिससे बच्चों में संस्कार और रचनात्मकता का विकास हो। आज यहां आयोजित प्रदर्शनी के दौरान बच्चों की रचनात्मक क्षमताएं देखने को मिलीं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# अल्पसंख्यक समुदाय के 2.39 लाख से अधिक विद्यार्थियों को मिली छात्रवृत्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । योगी सरकार ने समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने के अपने संकल्प को मजबूती प्रदान की है। इस दिशा में योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत 2.39 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ प्रदान किया है।

इस योजना के अंतर्गत इस वर्ष अब तक लगभग 71.35 करोड़ रुपये की धनराशि का वितरण किया जा चुका है। योगी सरकार की ये योजना प्रदेश के सिख, जैन, बौद्ध और मुस्लिम जैसे अल्पसंख्यक समुदाय के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्राप्त करने में आर्थिक संबल प्रदान करती है। साथ ही समाज के सभी वर्गों को विकास का समान अवसर प्रदान कर सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की अवधारणा को साकार कर रही है। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत अल्पसंख्यक समुदाय के 1,09,084 छात्र हुए लाभान्वितअल्पसंख्यक छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में कक्षा 9 और 10 में पढ़ने वाले अल्पसंख्यक समुदाय के लगभग 1,09,084 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा चुकी है।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में 1,30,265 छात्रों को मिली छात्रवृत्तिराज्य सरकार, योजना के तहत पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के अंतर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के 11वीं और 12वीं के अलावा अन्य तकनीकी एवं व्यवसायिक शिक्षा के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करती है। इस क्रम में वर्ष 2025-26 में7 अब तक लगभग 1,30,265 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की है। इस दिशा में विभाग की ओर से अब तक तीन चरणों में लगभग 39.16 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित की गई है।प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने जारी बयान में कहा कि सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करती है ताकि कोई भी छात्र आर्थिक कारणों से पढ़ाई से वंचित न रहे, बल्कि शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर हो प्रदेश के विकास में सकारात्मक योगदान दे सके। प्रदेश सरकार की ये पहल न केवल ड्रॉपआउट दर में कमी लाने में सहायक साबित हुई है, डबल इंजन सरकार की ञ्सबका साथ, सबका विकासञ्ञ की अवधारणा को भी साकार किया है।

# प्राचीन माता काली मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य विधिवत संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अयोध्या। जनपद के अमानीगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डुंडी में स्थित प्राचीन माता काली मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर में सम्मान एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया।माता काली मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य कृष्ण मोहन एवं राम कृपाल के सहयोग से कराया गया।

इस पुनीत कार्य में कामता प्रसाद शुक्ला ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। वहीं, भागवताचार्य पंडित रोहित मिश्रा जी द्वारा वैदिक विधि-विधान से पूजन एवं अनुष्ठान संपन्न कराया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिव कुमार शुक्ला, कृष्ण कुमार शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि एवं पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ( बबलू ), राम चरित गुप्ता सहित ग्रामवासी एवं भक्तगण उपस्थित रहे। सभी ने मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# यूपी एसआईएफएस में साइबर सिक्योरिटी एन्ड डिजीटल फोरेंसिक कोर्स संपन्न

❐ साइबर चुनौतियों से लड़ने का ज्ञान मात्र साइबर प्रशिक्षण ही है: अनुराग यादव,आईएएस

❐ प्रशिक्षण के ज्ञान का प्रयोग अपने यूनिटों में करें : डॉ जी.के.गोस्वामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में आज आईफोरसी (I4C) गृह मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से आयोजित चौथे साप्ताहिक कोर्स साइबर सिक्योरिटी एन्ड डिजीटल फोरेंसिक कोर्स का आज समापन किया गया जिसके मुख्य अतिथि वरिष्ठ आइएएस अधिकारी श्री अनुराग यादव प्रमुख सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग उ0प्र0 थे । जिन्हें यूपीएसआईएफएस के संस्थापक निदेशक डॉ0 जी.के. गोस्वामी ने मंच पर स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। इस कोर्स में उ0प्र0 सहित गोवा उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखण्ड एवं जम्मू कश्मीर के कुल 40 पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग कियम था। इस साप्ताहिक कोर्स में विषय विशेषज्ञों द्वारा साइबर एवं फोरेंसिक विषयों का गहन अध्ययन कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ आइएएस अधिकारी अनुराग यादव प्रमुख सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग उ0प्र0 ने सभागार में उपस्थित अधिकारियों को कोर्स पूर्ण करने की बधाई देते हुए कहा कि आज अपराधी प्रत्यक्ष रूप से दिखता नहीं है वह अप्रत्यक्ष रूप से आपको नुकसान पहुचाता है पहले बन्दूक और तमंचे के बल पर लूट कर ली जाती थी परन्तु आज के समय में साइबर लूट कर ली जाती हैम उन्होंने कहा कि पहले कई वर्षो में जितनी कीमत का धन नही लुटा होगा उससे अधिक धन वर्तमान में लोगो से लूट लिया जा रहा है वह भी एसे हथियार से जो दिखता नहीं है। उन्होंने कहा कि एसी परिस्थिति मे हमे सतर्क रहना होगा और समाज को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक भी करना होगा उन्होंने कहा कि साइबर चुनौतियों से लड़ने का ज्ञान मात्र हमें साइबर के प्रशिक्षण ही दे सकते है और यही निदान है।प्रमुख सचिव आईटी ने कहा कि आप सभी को प्रदेश में होने वाले साइबर और फोरेंसिक अपराधों को हल करने में अपनी अग्रणी भूमिका निभानी होगी। उम्मीद है आप लोगों ने विशेष ज्ञान हासिल किया होगाम समय की मांग के अनुसार आप सभी को महत्पपूर्ण कोर्स कराया गया है इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ जीण्के गोस्वामी ने संस्थान में चल रहे कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आप ने जिस लगन और मेहनत के साथ साइबर सिक्योरिटी एन्ड फोरेंसिक की गहनता से संस्थान में प्रशिक्षण ग्रहण किया उसी तन्मयता के साथ अपने यूनिटों मे भी इसका उपयोग अवश्य किजीएगा ताकि प्रशिक्षण के उद्देश्य को पूरा किया जा सकेम वर्तमान समय अपराध भी साइबर स्पेस में हो रहे है इसलिए । ऐसी परिस्थिति में हमें प्रशिक्षित होकर साइबर एवं डिजिटल फॉरेंसिक अपराध से लड़ने के लिए तैयार रहना होगा। इस अवसर पर अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा ने सभागार में उपस्थित समस्त अधिकारियों का अभार प्रकट किया कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी ने किया। इस अवसर पर उप निदेशक श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ0 मनीष राय, गिरिजेश राय, डॉ पलक, उप निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह एवं कार्तिकेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

## धोखाधड़ी व जालसाजी में ढाई साल से जेल में बंद अजहर उस्मानी की जमानत मंजूर

प्रयागराज । इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में करीब ढाई साल से जेल में बंद अजहर अनीस उस्मानी की जमानत मंजूर कर ली है।जमानत अर्जी पर न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने सुनवाई की। कोर्ट ने याची की लम्बी हिरासत और मुकदमे की धीमी प्रगति को देखते हुए उसे जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। अजहर के खिलाफ जॉर्जटाउन थाने में आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468, 471, 406 व 506 में मुकदमा दर्ज है। यह उसकी दूसरी जमानत अर्जी थी। पहली अर्जी पैरवी के अभाव में खारिज हो गई थी।याची के वकील का कहना था कि आरोपित 13 सितम्बर 2023 से जेल में है और अब तक एक भी गवाह का परीक्षण नहीं हुआ है। प्रभाकर तिवारी के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा गया कि केवल लम्बित मुकदमे जमानत रोकने का आधार नहीं हैं। कोर्ट ने सशर्त जमानत देते हुए याची को साक्ष्यों से छेड़छाड़ न करने, गवाहों को प्रभावित न करने और हर सुनवाई पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मालती देवी पत्नी माईदीन ग्राम खैरी पोस्ट भरथा चुर्रा मुर्रा जनपद गोण्डा का निवासिनी हूँ। जब कि मेरे आधारकार्ड में त्रुटि वश कुमारी राज हों गया है अंकित हो गया है,जब कि मेरा सही नाम मालती देवी है जो सत्य एवं सही है।
प्रार्थनी मालती देवी पत्नी माईदीन, ग्राम खैरी, पोस्ट जनपद गोण्डा

# लखनऊ में सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का विचारोत्तेजक संबोधन

❐ बोर्डरूम से ब्यूरोक्रेसी और बैलेट तक: आईआईएम लखनऊ में डॉ. राजेश्वर सिंह ने साझा किए वास्तविक नेतृत्व अनुभव

❐ Manfest–Varchasva में डॉ. राजेश्वर सिंह के शासन संबंधी विचारों न आईआईएम लखनऊ के विद्यार्थियों को किया प्रेरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। देश के अग्रणी प्रबंधन संस्थानों में शुमार Indian Institute of Management Lucknow के प्रतिष्ठित वार्षिक महोत्सव Manfest–Varchasva के अंतर्गत आयोजित Leadersâ Express सत्र में सरोजनीनगर विधानसभा के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने ख्रउइ विद्यार्थियों, शोधार्थियों, फैकल्टी सदस्यों एवं आउटरीच शिक्षकों को संबोधित किया। यह संवाद प्रबंधन, नेतृत्व, सार्वजनिक नीति और राष्ट्र-निर्माण के आपसी संबंधों पर केंद्रित एक अत्यंत विचारोत्तेजक एवं प्रेरक विमर्श के रूप में सामने आया।अपने संबोधन में डॉ. राजेश्वर सिंह ने आईआईएम लखनऊ की वैश्विक पहचान और अकादमिक उत्कृष्टता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह संस्थान केवल डिग्रियाँ प्रदान नहीं करता, बल्कि विद्यार्थियों में जिम्मेदारी, अनुशासन और नेतृत्व मूल्यों का विकास करता है। उन्होंने संस्थान की गत्रऋक रैंकिंग 2025 में 5वीं रैंक, सभी IIMs में 4था स्थान, Financial Times Masters in Management में वैश्विक स्तर पर 57वीं रैंक, तथा इइएट्ठ, इख्रउइ और क्ड्ठऋ्ट्ट जैसी अंतरराष्ट्रीय मान्यताओं को गुणवत्ता और उत्कृष्टता का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि आईआईएम लखनऊ विचारों की प्रयोगशाला और वैश्विक नेतृत्व का केंद्र है, जो ऐसे मस्तिष्क गढ़ता है जिन पर भारत को गर्व है और जिन्हें विश्व सम्मान देता है। यह सत्र केवल सैद्धांतिक चर्चा तक सीमित नहीं रहा। डॉ. सिंह ने अपने जीवन अनुभव साझा करते हुए इंजीनियरिंग से पुलिस सेवा, प्रवर्तन निदेशालय और फिर सार्वजनिक जीवन तक की यात्रा का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि कैसे अनिश्चितता, दबाव और जिम्मेदारी ने उन्हें निरंतर सीखने और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जीवन तयशुदा योजनाओं पर नहीं चलता, बल्कि अनुकूलन क्षमता, ईमानदारी और सतत सीख को महत्व देता है।कॉरपोरेट नेतृत्व और सार्वजनिक नेतृत्व की तुलना से जुड़े प्रश्न पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने राजनीति को प्रबंधन का सबसे चुनौतीपूर्ण रूप बताया। उन्होंने कहा कि एक विधायक को एक साथ दूरदर्शी नेतृत्व, योजनाओं का क्रियान्वयन, संकट प्रबंधन, हितधारक संवाद और जन-शिकायत निवारण जैसी अनेक भूमिकाएँ निभानी पड़ती हैं। उन्होंने 42 से अधिक विभागों में विकास कार्यों की निगरानी, 100 से अधिक केंद्र एवं राज्य योजनाओं के क्रियान्वयन तथा हजारों जन-समस्याओं के समाधान का उल्लेख किया।जन-शिकायत निवारण पर जोर देते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि सार्वजनिक नेतृत्व का आधार जमीनी जुड़ाव है। उन्होंने निरंतर फॉलो-अप, विभागीय समन्वय और शासन में संवेदनशीलता के महत्व को रेखांकित किया। दैनिक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने बताया कि नेतृत्व केवल बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स तक सीमित नहीं है, बल्कि आम नागरिक की छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान से भी जुड़ा है।सामाजिक प्रभाव पर चर्चा करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने समावेशी और न्यायसंगत विकास की आवश्यकता पर बल दिया।

## मछली पकड़ने गए अधेड़ की सुतली बम विस्फोट में मौत

बांदा। उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा के बदौसा थाना अंतर्गत भदवाल गांव में शुक्रवार को मछली पकड़ने गए एक अधेड़ की सुतली बम फटने से मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना करीब 3 बजे बागेन नदी के किनारे हुई।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सं. | 106-सिग/टेंडर/63/2025-26 | | |
| कार्य का नाम | नॉर्दर्न रेलवे के लखनऊ डिवीजन में लगाए गए STATCON मेक के IPS (102 नग) के लिए 36 (छत्तीस) महीनों के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। | | |
| अनुमानित लागत | ₹ 48302789.29/- | निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | ₹ 391500.00/- | कार्य पूरा करने की अवधि | 36 महीना |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 26.02.2026 15:30Hrs | | |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/ लखनऊ | | |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। •समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। •मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। •निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं. 106-सिग/टेंडर/63/2025-26 दिनांक: 05.02.2026

420/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राज्यसभा सांसद ने उठाई छुट्टा पशुओं की समस्या

❒ सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने कहा उत्तर प्रदेश में सड़कों, खेतों और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में घूम रहे छुट्टा पशु

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। राज्यसभा में शून्य काल के दौरान सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने उत्तर प्रदेश में सड़कों, खेतों और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में घूम रहे छुट्टा पशुओं की समस्या को उठाया। सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने राज्यसभा में शून्य काल में कहा कि उत्तर प्रदेश एक कृषि प्रधान राज्य है।

आज उत्तर प्रदेश के अनेक जनपदों में छुट्टा गोवंश किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। केवल कृषि ही नहीं, बल्कि यह समस्या अब सड़क सुरक्षा से भी जुड़ चुकी है। राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर छुट्टा पशुओं के कारण आएदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिनमें निर्दोष लोगों की जान जा रही है। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में यह एक गंभीर चुनौती बन चुकी है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गौसंरक्षण एवं गौ कल्याण की दिशा में कई सराहनीय प्रयास किए गए हैं। प्रदेश में गौ आश्रय स्थल स्थापित किए गए हैं तथा उनके संचालन हेतु धनराशि भी उपलब्ध कराई जा रही है। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर इस समस्या का पूर्ण समाधान अभी भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। मिथिलेश कुमार कठेरिया ने कहा कि यह केवल एक राज्य का नहीं बल्कि पूरे देश के ग्रामीण समाज और कृषि व्यवस्था से जुड़ा हुआ विषय है। उन्हें आशा है कि सरकार इस विषय पर गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाएगी।

## नगर आयुक्त ने किया नाला निर्माण का निरीक्षण, जल्द कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश



शाहजहांपुर। नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र ने आज वार्ड संख्या 03 मोहल्ला लोधीपुर में चल रहे नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त ने निर्माण कार्य की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित को निर्देशित किया कि नाला निर्माण कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण कराएं, जिससे महानगर वासियों को सुगम यातायात में सुविधा हो सके। निरीक्षण के दौरान निर्माण विभाग से अवर अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# फूलों की खेती से फौलादगंज मे कमाई की सुगंध

❒ लखनऊ लखीमपुर और हरदोई सीतापुर गोला मंड़ी भी फूलों की हो रही आपूर्ति

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नैमिषारण्य, सीतापुर। फूलों की खेती से फौलादगंज के किसानों की आजविका महक रही है गाँव के अधिकांस किसान फूलों की खेती करते और अच्छा मुनाफा कमाते है बिक्री के लिए भी परेशान नही होना पड़ता पड़ोसी जिलों की मंड़ी और खेत से हो भी फूलों की बिक्री हो जाती है गाँव फौलादगंज स्वामीदयाल लम्बें समय से फूलों की खेती कर रहे है।

इस वर्ष उन्होने छः बीघे मे गुलाब नौरंग बिजली के फूल और अन्य प्रजातियो के फूलों की खेती की है। स्वामी दयाल के अनुसार नैमिषारण्य के मंदिर मे इनकी बिक्री हो जाती है लखनऊ लखीमपुर और हरदोई सीतापुर गोला मंड़ी भी फूल भेजा जाता है स्वामीदयाल ने गुलाब की कलम तैयार की हैयह किसान कर रहे फूलों की खेतीगाँव के स्वामी दयाल ने 14 बीघा गेदा 6 बीघा गुलाब नौरंग व एक बीघा बिजली फूल की खेती की है इसी तरह अन्य किसानों ने भी फूलों की खेती की है नियमित देखरेख से अच्छी कमाई हो रही है२० हजार लागत अब 60 हजार की कमाईकिसान स्वामी दयालऔर बाबूराम ने बताया कि 20 बीघा फूलों की खेती मे करीब २० हजार रुपये की लागत आई है अब तक करीब 60 हजार रुपये के फूलो की बिक्री हो चुकी है शादी तिलक व अन्य मांगलिक कार्यक्रमो सहित धार्मिक आयोजनो मे भी फूल खरीदे जाते है कीट पतंगों से बचाव की समय समय पर दवा का छिड़काव करना पड़ता है

# सीतापुर की बेटी ने यूजीसी नेट में ऑल ओवर इंडिया में हासिल की 32वीं रैंक, जनपद का नाम किया रोशन

❒ जेआरएफ भी किया क्वालीफाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर । नगर क्षेत्र के उजागर लाल इंटर कॉलेज सीतापुर के प्रधानाचार्य डॉक्टर देवेंद्र पांडे की छोटी बेटी कोशिका पांडे ने यूजीसी नेट परीक्षा में पूरे देश भर में 32वीं रैंक हासिल करके प्रदेश सहित जनपद का नाम रोशन किया है पूरे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

कोशिका वर्तमान में साउथ एशियन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी दिल्ली में अर्थशास्त्र से परास्नातक कर रही है तथा उसने दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में बीए ऑनर्स किया है। कोशिका ने बताया कि वह अपने पिता तथा माता तथा बड़ी बहन जो कि दिल्ली में ही परास्नातक कर चुकी है तीनों के सहयोग से तथा तीनों के आशीर्वाद से निरंतर आगे बढ़ रही है कोशिका पांडे द्वारा पूरे देश भर में यूजीसी नेट परीक्षा में 32 वी रैंक प्राप्त करने पर प्रधानाचार्य डॉक्टर देवेंद्र पांडे को जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेंद्र सिंह राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य तथा विद्यालय के प्राधिकृत नियंत्रक अशोक कुमार सहित शिक्षकों अरुण कुमार मिश्र अमित त्रिपाठी संदीप शुक्ला आलोक कुमार वर्मा जगदीश यादव डॉक्टर कामना शुक्ला महेश नारायण मिश्र प्रेम शंकर सुशील कुमार मनोज कुमार प्रधान कुलदीप सिंह सुशील कुमार वर्मा विश्वनाथ यादव प्रभात नंदन मिश्र कामिल मसूद हाशमी रजनीश कुमार अरविंद कुमार तथा अनुजा द्विवेदी सहित शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने बधाई देते हुए बेटी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सीओ ने चलाया चाइनीझ मांझा के खिलाफ चेकिंग अभियान



शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव ने थाना कटरा क्षेत्र में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने थाना कटरा पुलिस के साथ पतंग और मांझा की दुकानों पर जाकर प्रतिबंधित चाइनीझ मांझा की जांच की। साथ ही आमजन को प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के प्रयोग से होने वाले जान-माल के नुकसान के प्रति जागरूक किया। सीओ तिलहर ने कहा कि प्रतिबंधित चाइनीज मांझा का क्रय-विक्रय और उसका उपयोग करना दंडनीय अपराध है। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने बताया कि चाइनीज मांझा के खिलाफ इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

# छेड़छाड़ के मुकदमे में समझौता का बनाया दबाव महिला ने फेंका तेजाब, पुलिस ने भेजा जेल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। थाना पुवायां क्षेत्र में छेड़छाड़ के मुकदमे में समझौता का दबाव बनाने पर एक महिला ने अपने देवर पर तेजाब फेंक दिया। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।दरअसल, थाना पुवायां क्षेत्र के गांव वीरमपुर निवासी दृगपाल पर उसकी भाभी ने तेजाब फेंक दिया था। परिजनों ने घायल दृगपाल को अस्पताल में भर्ती कराया।

दृगपाल की मां की तहरीर पर सरला देवी पत्नी देवेश कुमार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। दृगपाल की मां का आरोप था कि उसके पुत्र की आरोपी सरला देवी से पुरानी रंजिश चल रही है, जिसको लेकर सरला ने उसके पुत्र दृगपाल से गाली-गलौज की, विरोध करने पर सरला ने दृगपाल के ऊपर तेजाब फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी सरला देवी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उसे गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी सरला देवी ने बताया कि दृगपाल उसके पति का मौसेरा भाई है और रिश्ते में दृगपाल उसका देवर लगता है। बताया कि वर्ष 2021 में दृगपाल ने उसके साथ छेड़छाड़ की थी और उसके भाईयों ने उससे मारपीट की थी, सरला ने बताया कि उसने दृगपाल और उसके भाईयों पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसका मुकदमा कोर्ट में चल रहा है। दृगपाल इस मुकदमे में सुलह समझौता करने के लिए आएदिन उस पर दबाव बनाता था। बृहस्पतिवार को भी दृगपाल उसके पास आया और राजीनामा की बात कहने लगा, इसी बात पर उसकी दृगपाल से कहासुनी हो गई और उसने गुस्से में आकर दृगपाल पर तेजाब फेंक दिया। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# डीएम खीरी और गोला विधायक के साथ एसीएस अमृत अभिजात ने परखी गोला कॉरिडोर परियोजना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोला खीरी। प्रदेश के अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने आज जनपद लखीमपुर खीरी के प्रवास के दौरान छोटी काशी गोला कॉरिडोर परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल एवं विधायक अमन गिरी भी उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान परियोजना की प्रगति, गुणवत्ता एवं समय-सीमा को लेकर गहन समीक्षा की गई।

अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कॉरिडोर परियोजना को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता न करने की सख्त हिदायत दी।निरीक्षण के दौरान परियोजना के अंतर्गत विकसित किए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य, यातायात व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधाएं, पैदल पथ, प्रकाश व्यवस्था एवं पर्यावरणीय संतुलन से जुड़े बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि स्थानीय आस्था, धार्मिक परंपराओं और जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य कराया जाए।जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने अपर मुख्य सचिव को परियोजना की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि कॉरिडोर निर्माण से क्षेत्र की पर्यटन संभावनाओं को नया आयाम मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।वहीं, माननीय विधायक अमन गिरी ने कहा कि छोटी काशी गोला एक प्रमुख धार्मिक स्थल है और कॉरिडोर परियोजना के पूर्ण होने के बाद यह स्थान प्रदेश के प्रमुख पर्यटन व धार्मिक केंद्रों में शामिल होगा। इससे क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।निरीक्षण के अंत में अपर मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा किसी भी बाधा का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।छोटी काशी गोला कॉरिडोर परियोजना के पूर्ण होने से न केवल श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन की सुविधा मिलेगी, बल्कि यह परियोजना क्षेत्र की आर्थिक, सांस्कृतिक और पर्यटन पहचान को भी मजबूती प्रदान करेगी।

# हाथरस में ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे से मीरपुर पर कट की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हाथरस। उत्तर प्रदेश के हाथरस क्षेत्र के राया मार्ग स्थित मीरपुर गांव में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड हाईवे कट को लेकर किसानों का रोष गहरा रहा है। स्थानीय किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि हाईवे अथॉरिटी ने राया मार्ग पर कट नहीं दिया तो क्षेत्र का विकास रुक जाएगा और आवागमन में बड़ी बाधा उत्पन्न होगी। जनप्रतिनिधियों ने भी किसानों का समर्थन करते हुए राया मार्ग पर कट की मांग की है।किसानों का तर्क है कि राया मार्ग कई अन्य महत्वपूर्ण मार्गों और गांवों को जोड़ता है। यहां कट न होने से ग्रामीणों को हाईवे पर चढ़ने के लिए कई किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ेगा, जिससे कनेक्टिविटी का संकट पैदा होगा। किसान अपनी उपजाऊ भूमि हाईवे परियोजना के लिए देने को तैयार हैं, लेकिन वे बदले में क्षेत्र के लिए सुगम पहुंच मार्ग चाहते हैं। उनका कहना है कि यह उनकी जायज मांग है। शुक्रवार दोपहर पूर्व विधायक प्रताप चौधरी और जिला पंचायत सदस्य ईशान चौधरी सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधि एदलपुर झगरार गांव में किसानों के बीच पहुंचे। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए, आश्वासन दिया कि वे किसानों की इस मांग को लेकर एनएचएआई के उच्चाधिकारियों और शासन से बातचीत करेंगे। आगरा से अलीगढ़ के बीच बन रहे इस ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे को लेकर पिछले काफी समय से राया मार्ग पर हाईवे कट की मांग को लेकर किसानों की मांग जारी है।

## ग्राम पंचायत ददेवरा में जन चौपाल आयोजित, समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश




**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आज ग्राम पंचायत ददेवरा विकास खण्ड मछरेहटा में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जनता की समस्या जनता के द्वार को चरितार्थ करते हुए खंड विकास अधिकारी अधिकारी के द्वारा चौपाल में उपस्थित विभिन्न विभागो को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया की जनहित और जनता से जुडी समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाये। जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी।शासन-प्रशासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी उपस्थित ग्रामवासियों को दी गयी।पेंशन से सम्बन्धित प्रकरण, आंगनवाडी शौचालय राशन कार्ड से सम्बन्धित प्रकरणों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया। उपस्थित समूह की दीदी को ज्यादा से ज्यादा समूह गठन करने तथा आजीविका संवर्धन करने के लिए प्रेरित किया गया।

## सडिला में 5 दिवसीय रामलीला व रासलीला महोत्सव का भव्य आयोजन



**मछरेहटा, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत सडिला में चल रही 5 दिवसीय श्री रामलीला एवं रासलीला महोत्सव के दूसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। द्वितीय दिवस पर श्रीकृष्ण जन्म एवं पूतना वध लीला का भव्य एवं मनोहारी मंचन किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।कलाकारों ने श्रीकृष्ण के जन्म की दिव्य लीला को अत्यंत जीवंत ढंग से प्रस्तुत किया, वहीं पूतना वध प्रसंग के मंचन ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। प्रभावशाली संवाद, आकर्षक वेशभूषा और सजीव अभिनय ने समूचे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूरा पंडाल ल्लजय कन्हैया लाल कीङ्क और ल्लहरि बोलङ्क के गगनभेदी जयघोष से गूंज उठा।स्थानीय श्रद्धालुओं ने कहा कि यह महोत्सव धार्मिक चेतना को जागृत करने के साथ-साथ सांस्कृतिक एकता एवं सामाजिक समरसता को भी सुदृढ़ कर रहा है। आयोजन समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महोत्सव में सहभागिता करने तथा पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## जनपद में मनाया गया नायक जदुनाथ सिंह का बलिदान दिवस




**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डीएम ने परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह के बलिदान दिवस पर कलेक्ट्रेट के सैनिक कल्याण विभाग के परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा अमर शहीद परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह का बलिदान दिवस जनपद के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों, इंटर कॉलेजों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ ही उनके पैतृक गांव खजुरी में भी मनाया गया। इस अवसर पर राजपूत रेजीमेंट के सैन्य अधिकारी, पूर्व सैनिक एवं ग्रामीणों ने भी शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। डीएम ने कहा कि नायक जदुनाथ सिंह का बलिदान देश के लिए अमूल्य है और उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने देश की रक्षा करते हुए अद्वितीय वीरता का परिचय दिया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज के दिन छुटटी न मनाकर स्कूलों और कालेजों में परमवीर चक्र विजेता का बलिदान दिवस मनाया जा रहा है, ताकि बच्चे भी नायक जदुनाथ सिंह के बलिदान से प्रेरणा लें। इस दौरान न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के प्रभारी अध्यक्ष रामऔतार त्रिपाठी, परामर्शदाता परिवार न्यायालय कुंवर मुनीश सिंह परिहार, ग्रुप कैप्टन पीके गुप्ता, विजय प्रताप सिंह, अमित श्रीवास्तव, राजू बग्गा, रामकिशोर भदौरिया सहित पूर्व सैनिक आदि ने अमर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बांदा, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा के बबेरु कस्बे के करूइहा पुरवा में शुक्रवार को एक महिला ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, करूइहा पुरवा निवासी मोहनी पत्नी जगदीश ( 27) शुक्रवार दोपहर घर के अंदर हुक के सहारे साड़ी से फंदा बनाकर झूल गई। उस समय घर में मौजूद उसकी चार वर्षीय पुत्री के रोने पर आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई।मौके की सूचना मिलने पर महिला के पति जगदीश को फोन कर बुलाया गया।

# बरेका के अभिमन्यु राय उत्तर प्रदेश सब-जूनियर वॉलीबॉल टीम के प्रशिक्षक चयनित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



वाराणसी । उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के भंडार विभाग में कार्यालय अधीक्षक के पद पर कार्यरत अभिमन्यु राय को खेल जगत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन ने उन्हें प्रदेशीय सब-जूनियर वॉलीबॉल टीम के प्रशिक्षक/कोच के रूप में चयनित किया है।

यह जानकारी शुक्रवार को बरेका के जनसम्पर्क अधिकारी ने दी।उन्होंने बताया कि अभिमन्यु राय का चयन आगामी 44वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैम्पियनशिप के दृष्टिगत किया गया है, जिसमें उत्तर प्रदेश की टीम भाग ले रही है। अभिमन्यु राय अपने अनुभव, तकनीकी दक्षता एवं अनुशासनप्रिय प्रशिक्षण शैली के माध्यम से खिलाड़ियों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।उल्लेखनीय है कि राय लंबे समय से वॉलीबॉल खेल से जुड़े हुए हैं तथा खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनका यह चयन न केवल उनके व्यक्तिगत खेल योगदान का सम्मान है, बल्कि बरेका के लिए भी गर्व का विषय है कि अभिमन्यु राय प्रदेश स्तर पर खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच तक पहुँचाने में योगदान देंगे। इस अवसर पर बरेका के अधिकारी एवं खेलप्रेमी रेलकर्मियों ने राय को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी है।

# राज्य सूचना आयुक्त ने लखीमपुर खीरी में की लंबित आरटीआई अपीलों की समीक्षा

❒ अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, हर जन सूचना अधिकारी का नाम और नंबर हो प्रवेश द्वार पर, लंबित आरटीआई प्रकरणों की समीक्षा हो नियमित : राज्य सूचना आयुक्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखीमपुर खीरी । राज्य सूचना आयुक्त पदुम नारायण द्विवेदी ने शुक्रवार को लखीमपुर खीरी पहुंचकर कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जनपद के जन सूचना अधिकारी और प्रथम अपील अधिकारी के साथ सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत लंबित अपीलों और शिकायतों की समीक्षा की। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बैठक का सफल संयोजन किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य सूचना आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जन सूचना अधिकारी का नाम और मोबाइल नंबर अवश्य कार्यालय के प्रवेश द्वार पर अंकित होना चाहिए, ताकि आम जनता आसानी से संपर्क कर सके।आयुक्त ने विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे न केवल विभागीय कार्यों की बैठक आयोजित करें बल्कि सूचना के अधिकार के तहत लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा भी करें, ताकि जनपद में लंबित मामलों की समस्या खत्म हो।बैठक में आयुक्त ने यह भी जाना कि अधिकारी सूचना प्रदान करने में किन कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं और उनके समाधान के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। बैठक के अंत में उन्होंने अधिकारियों को यह संदेश दिया कि जनता के अधिकारों के संरक्षण में किसी भी तरह की ढील नहीं बरती जाएगी। बैठक के अंत में एडीएम ने राज्य सूचना आयुक्त के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि आज की बैठक में जो दिशा निर्देश प्राप्त हुए उनका अक्षरशः अनुपालन कराया जाएगा।इस अवसर पर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे, एएसपी पश्चिमी, मुख्य कोषाधिकारी अमित कुमार राय, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह सहित प्रथम अपीलीय अधिकारी और सभी जन सूचना अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत इच्छुक अभ्यर्थी करें आवेदन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मुरादाबाद । संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बेरोजगार व्यक्तियों हेतु एक महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रारम्भ की गई है, जिसका संचालन उद्योग विभाग द्वारा किया जा रहा है। व्यक्तियों को अपना स्वंय का रोजगार एवं नई इकाई/उद्योग स्थापित करने हेतु बिना ब्याज के लोन की सुविधा बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई करायी जा रही है।

इच्छुक अभ्यर्थी योजना के अन्तर्गत अधिक जानकारी एवं अपना आवेदन विभाग की वेबसाइट https://msme.up.gov.in/ पर आन-लाइन प्रेषित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत जनपद को आवंटित लक्ष्य 2800 के सापेक्ष अभी तक जनपद की बैंकों द्वारा 1686 प्रकरणों पर ही वितरण की कार्यवाही की गई जो अत्यन्त कम है, जबकि इस कार्यालय द्वारा बैंकों को पर्याप्त मात्रा में आवेदन पत्र अग्रसारित किये गये हैं, परन्तु बैंकों द्वारा लम्बित आवेदन पत्रों पर गम्भीरता से विचार नहीं किया रहा है जोकि अत्यन्त निराषाजनक है, जिसके कारण प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में लगातार जनपद पिछड़ रहा है। अधिक से अधिक व्यक्तियों को लाभ दिलाये जाने हेतु उधोग विभाग द्वारा जनपद की तहसीलों में लागातार जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

**बैंक द्वारा कार्यस्थल का निरीक्षण कर नियमानुसार आवेदन को स्वीकृत एवं वितरित किया जायेगा**

जनपद के व्यक्तियों को अवगत किया जाता है कि योजना के अन्तर्गत अभ्यर्थी की आयु 21 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य तथा अभ्यर्थी उ0प्र0 का मूल निवासी होना चाहिये। अभ्यर्थी को ऋण आवेदन पत्र में पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, पेन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता अंक पत्र, बैंक पासबुक, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र (यदि हो) की फोटो प्रति, कुटेशन एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट ऑन-लाइन अपलोड करना होगा। योजना के अन्तर्गत सेवा/उद्योग क्षेत्र हेतु रू0 5 लाख तक की परियोजना मान्य होगी। अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षिक अर्हता कक्षा 8 पास होनी चाहिये। सामान्य जाति हेतु स्वयं का अंशदान 15 प्रतिशत, पिछडी जाति हेतु 12.5 प्रतिशत व अनुसूचित जाति का अंशदान 10 प्रतिशत होगा। यदि पूर्व में किसी भी सरकारी योजना में अभ्यर्थी ने ऋण पर सब्सिडी का लाभ प्राप्त किया होगा तो वह इस योजना के अन्तर्गत पात्र नहीं होगा। अभ्यर्थी का ऋण आवेदन पत्र योजना के पोर्टल पर ऑन-लाइन प्राप्त होने पर परीक्षणोपरान्त सम्बंधित बैंक को प्रेषित किया जायेगा।

बैंक द्वारा कार्यस्थल का निरीक्षण कर नियमानुसार आवेदन को स्वीकृत एवं वितरित किया जायेगा। लाभार्थी द्वारा बैंक से प्राप्त ऋण का केवल मूलधन ही बैंक शाखा में चुकाना होगा। इस योजना में कोई ब्याज नहीं ली जायेगी। 04 वर्ष तक ऋण को सफलता पूर्वक चुकाने के पश्चात लाभार्थी को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत सब्सिडी/छूट का लाभ भी प्राप्त होगा। इच्छुक व्यक्ति अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय-जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र निकट निकट 23 पी0ए0सी0, कांठ रोड, मुरादाबाद में सम्पर्क कर सकते है।

## कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि कार्यकर्ताओं को निःशुल्क दिखाएं गोदान फिल्म : प्रकाश पाल

कानपुर । कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि अपने स्तर से टिकट क्रय कर कार्यकर्ताओं को निःशुल्क गोदान फिल्म दिखाएंगे। यह फिल्म आज से प्रदेश के विभिन्न सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म गौ माता की रक्षा, ग्रामीण जीवन, भारतीय परंपरा एवं संस्कारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है, जिसे देखना प्रत्येक कार्यकर्ता और आमजन के लिए प्रेरणादायक है। यह निर्देश शुक्रवार को भाजपा कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने दिए।गौ रक्षा एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित फिल्म 'गोदान' को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने एक विशेष अभियान प्रारंभ किया है। भाजपा प्रदेश नेतृत्व एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी सांसद एवं विधायक अपने-अपने जिलों में सिनेमाघरों के माध्यम से यह फिल्म भाजपा कार्यकर्ताओं को दिखाएंगे।प्रकाश पाल ने कहा कि यह अभियान केवल फिल्म प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके माध्यम से गौ संरक्षण, सांस्कृतिक चेतना एवं सामाजिक दायित्व के प्रति जनजागरण का कार्य भी किया जाएगा। सभी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि स्वयं फिल्म देखेंगे और अधिक से अधिक आम नागरिकों को भी इसे देखने के लिए प्रेरित करेंगे।भाजपा का यह प्रयास समाज में गौ रक्षा एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सकारात्मक संदेश देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## विशेष अभियान में मिले एक लाख पांच हजार से अधिक फार्म-6, युवाओं की बढ़ी भागीदारी: डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कानपुर । 27 अक्टूबर 2025 से 5 फरवरी 2026 के बीच कुल 2,20,651 फार्म-6 प्राप्त हुए हैं। ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद सात जनवरी से छह फरवरी तक युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 1,05,721 फार्म-6 प्राप्त हुए, जो युवाओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। यह बातें शुक्रवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कही।जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। विधानसभा क्षेत्रवार आंकड़ों के अनुसार महाराजपुर से 17,541, कानपुर कैंट से 13,745, किदवई नगर से 12,415, कल्याणपुर से 13,019, बिल्हौर से 9,862, बिठूर से 7,932, गोविंद नगर से 9,218, सीसामऊ से 7,119 और घाटमपुर से 8,196 नए आवेदन मिले हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि एक अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा अभी भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन एप के साथ-साथ ऑफलाइन मोड में वीआरसी केंद्रों पर फार्म-6 जमा करने की सुविधा उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करने का कार्य निरंतर प्रक्रिया है और इसके लिए किसी विशेष तिथि तक सीमित रहने की आवश्यकता नहीं है।फार्म-7 और फार्म-8 से सम्बंधित प्रक्रिया की जानकारी भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि फार्म-6, फार्म-7 और फार्म-8 का पूरा ब्यौरा जिला निर्वाचन अधिकारी के पोर्टल पर उपलब्ध रहता है, जिसे कोई भी व्यक्ति कभी भी देख सकता है। फार्म-7 के सम्बंध में यह स्पष्ट किया गया कि आपत्तिकर्ता का हस्ताक्षर अनिवार्य है, वह उसी विधानसभा क्षेत्र का निवासी होना चाहिए और फार्म पर अपना एपिक नंबर दर्ज करना आवश्यक है।बैठक में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से जुड़ी सुनवाई प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई।

## मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता व प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रम का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत 5 फरवरी 2026 को कृषि विभाग मुरादाबाद द्वारा मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता / प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रम का आयोजन अपराहन 12 बजे से मुशायरा ग्राउण्ड, कलेक्ट्रेट मुरादाबाद में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मिलेट्स रेसिपी उपभोक्ता जागरूकता एवं विकास प्रतियोगिता एवं हेतु श्री अन्न उत्पादों के समुचित उपभोग एवं लाभ के विषय में श्री अन्न के व्यंजनों को जनसामान्य के दैनिक आहार में सम्मिलित कराये जाने तथा उसके व्यापक प्रचार-प्रसार करना है।उक्त कार्यक्रम में श्री गोपाल अंजान, मा0 सदय विधान परिषद, डॉ नवदीप यादव, मा0 ब्लॉक प्रमुख मूढापाण्डेय, श्री विक्की ठाकुर, मा0 विधायक कुंदरकी के सुपुत्र, श्री जीवन प्रकाश, संयुक्त कृषि निदेशक मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद, सुश्री ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर, श्री संतोष कुमार द्विवेदी, उप कृषि निदेशक, श्री प्रशान्त कुमार, उप कृषि निदेशक(कृषि रक्षा) मुरादाबाद मण्डल, श्री गोविन्द बल्लभ पाठक, जिला विकास अधिकारी, श्री आर0पी0 भगत, डी0सी0 मनरेगा, श्री श्वेतांक पाण्डेय, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, श्री के0एन0 पाण्डेय, डी सी एन आर एल एम, प्रो0 डॉ अनामिका त्रिपाठी, पूर्व विभागाध्यक्ष वनस्पति विभाग गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण द्वारा पर्यटन विभाग/होटल एवं रेस्टोरेन्ट एसोसिएशन, एफ0पी0ओ0, स्कूल कॉलेज की छात्राओं, आई0सी0डी0एस0 तथा महिला समूह द्वारा स्टॉलों पर श्री अन्न से तैयार किये गये पकवानों/उत्पादों का अवलोकन/निरीक्षण किया गया। श्री संतोष कुमार द्विवेदी उप कृषि निदेशक द्वारा आगन्तुक सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का स्वागत किया गया तथा मिलेट्स की उपयोगिता के विषय में विस्तार से अवगत कराया गया।

श्रीअन्न के विभिन्न व्यंजनों का मूल्यांकन श्री गोविन्द बल्लभ पाठक, जिला विकास अधिकारी, प्रो0 डॉ अनामिका त्रिपाठी, पर्यावरण नोडल अधिकारी/पूर्व विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद, श्रीमति जानकी देवी, सी0डी0पी0ओ0 की समिति द्वारा किया गया।उक्त कार्यक्रम में पर्यटन विभाग/होटल एवं रेस्टोरेन्ट के मध्य आयोजित प्रतियोगिता में कुन्दन होटल को प्रथम पुरस्कार, नन्दन होटल को द्वितीय पुरस्कार एवं डयूमोर को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार 02-02 स्कूल/कॉलेज की छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार (कुल 06 स्कूलों को पुरस्कार) तथा 01-01 महिला समूहों को प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार तथा 02-02 आई0सी0डी0एस0 को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार (कुल 06 आई0सी0डी0एस0 को पुरस्कार) का वितरण किया गया। जनपद में श्री अन्न पर कार्य कर रहे वी0पी0सी0एल0, एफपीओ मुरादाबाद को श्री अन्न पर बने व्यंजनों का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रथम पुरस्कार किया गया। सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र दे कर सम्मानित किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार की धनराशि क्रमशः रू0 2500, रू0 2000 एवं रू0 1500 है जो उनके बैंक खाते में स्थानान्तरित की जायेगी।

उक्त कार्यक्रम में डॉ राजेन्द्रपाल जिला कृषि अधिकारी, डॉ योगेन्द्र कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी, हर्षित चौहान, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, सदर, डा0 शिवशंकर कृषि वैज्ञानिक के0वी0 के0 ठाकुरद्वारा, आमरेन्द्र श्रीवास्तव ,एक आर कोआपेरेटिव , सदानन्द शर्मा, सह जिला विद्यालय निरीक्षक, बबिता मेहरोत्रा, कार्यक्रम समन्वयक माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री चन्द्रहास कुमार द्वारा किया गया।

## पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने सीसी सड़क का फीता काटकर उद्घाटन किया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। नगर पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने शहर के चाहमीर और नागरान वार्ड में कई स्थानों पर सीसी सड़क व नाली निर्माण का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान चाहमीर में न्यू फैशन ब्यूटी सैलून से सचदेवा भवन होली तिराहा तक, नागरान में मोहम्मद दुलैन खां के मकान से राशिद पेंटर के मकान होते हुए कमग्रान मस्जिद के पास मेन रोड तक, तथा अन्य स्थानों पर सड़क व नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया।

नगर पालिका द्वारा इन कार्यों पर कुल 13 लाख 67 हजार रुपये की लागत खर्च की गई है। पालिका अध्यक्ष ने सड़क को जनता को समर्पित करते हुए कहा कि विकास कार्यों को तेज गति से कराया जाएगा और सभी वार्डों में समान रूप से काम किया जाएगा। उन्होंने लोगों से स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की भी अपील की।कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों ने पालिकाध्यक्ष का स्वागत किया और उनके प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सभासद ग्रीश शुक्ला, पूर्व सभासद अनामिका शुक्ला, अर्चना मिश्रा, आरती शर्मा, पूजा शंखधार, विमला शुक्ला सहित कई लोग और नगर पालिका अधिकारी मौजूद रहे।

### उझानी-दिल्ली हाईवे पर प्रशासन ने लिया बड़ा कदम

बदायूँ। कुड़ा नरसिंहपुर के पास लगातार हो रहे हादसों और किसान यूनियन के धरने के बाद प्रशासन ने एक्सिडेंटल जोन में मिट्टी डालकर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। बीते दिन की दोपहर घटना स्थल पर पहुंचे अधिकारियों ने पुलिया खोलकर पानी निकासी सुचारू की, लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर मार्ग को बंद कर दिया गया। बी.डी.ओ. सर्वज्ञय अग्रवाल, ए.डी.ओ. पंचायत हेमेंद्र कुमार, ग्राम पंचायत सचिव हरविंद सिंह, और निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता प्रिंस मिश्रा ने निरीक्षण किया।विमला हरि भगवान इंटर कॉलेज के पास बंद पड़ी पुलिया को जेसीबी से खोलकर पानी निकासी ठीक की गई। जिलाधिकारी के आदेश पर एक्सिडेंटल जोन पर मिट्टी डालकर मार्ग पर अवरोध बनाया गया।बीडीओ ने बताया कि यह कार्य अस्थायी (टेम्पररी) है और भविष्य में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करके स्थायी समाधान किया जाएगा।

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन, 427 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उझानी में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में नगर के 427 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। परीक्षा के सफल आयोजन में योगदान देने वाले विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि भौतिकवाद के युग में बच्चों को भारतीय संस्कृति, संस्कार और नैतिक मूल्यों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। वरिष्ठ गायत्री परिजन सुखपाल शर्मा ने शिक्षकों को इस अभियान की रीढ़ बताते हुए उनके योगदान की सराहना की।इस परीक्षा आयोजन में कई विद्यालयों के शिक्षक- शिक्षिकाओं और गायत्री परिजनों की सक्रिय भूमिका रही।

### पदोन्नत हुए उपनिरीक्षकों को स्टार लगाकर एसएसपी ने किया सम्मानित

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ डॉ. बृजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय बदायूँ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपनिरीक्षक पद से निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए पुलिस अधिकारियों को उनके कंधों पर स्टार लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. ह्रदेश कठेरिया एवं पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी भी उपस्थित रहे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने पदोन्नत हुए निरीक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि पदोन्नति के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ती हैं। उन्होंने सभी पदोन्नत अधिकारियों से अनुशासन, ईमानदारी और जनसेवा की भावना के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण रहा और पदोन्नत अधिकारियों ने वरिष्ठ अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### सुप्रीम फैसले से अनुदेशकों की हुई जीत, यू पी सरकार को लगा झटका

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** उत्तर प्रदेश के सरकारी जूनियर स्कूलों में कार्यरत अनुदेशकों की नौकरी पूरी तरह सुरक्षित रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसले में अनुदेशकों को ?17,000 प्रतिमाह मानदेय देने के आदेश को सही ठहराते हुए यूपी सरकार की अपील खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 10 वर्षों से लगातार कार्यरत अनुदेशक ल्लडीम्ड परमानेंट/फुल टाइमङ्ग माने जाएंगे। संविदा अवधि समाप्त होने के बाद भी उनकी सेवा स्वतः समाप्त नहीं होगी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि लगातार सेवा के कारण पद स्वतः सृजित माना जाएगा। कोर्ट ने 2013 से ?7,000 मानदेय को ल्लअनुचित श्रम व्यवहारङ्ग करार देते हुए कहा कि ?17,000 से कम मानदेय देना संविधान के अनुच्छेद 23 के विरुद्ध है। अंशकालिक शिक्षकों को नियत अवधि पर मानदेय पुनरीक्षण का पूर्ण अधिकार होगा। 2017S18 से ?17,000 मानदेय प्रभावी रहेगा और 2017 से अब तक का एरियर अनुदेशकों को मिलेगा। 1 अप्रैल 2026 से नियमित भुगतान शुरू होगा। 4 फरवरी 2026 से 6 माह के भीतर पूरा बकाया भुगतान सरकार को अनिवार्य रूप से करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से सवाल किया जब पढ़ेगा इंडिया, तभी बढ़ेगा इंडिया तो मानदेय देने में दिक्कत क्या है? इस फैसले को अनुदेशकों के संघर्ष की बड़ी जीत माना जा रहा है। जिले भर में अनुदेशकों में खुशी की लहर है और एक-दूसरे को बधाइयां दी जा रही हैं।

### 22 फरवरी को बदायूँ के डायट ऑडिटोरियम में मेगा विधिक सहायता शिविर का आयोजन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवाप्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर 22 फरवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से बदायूँ स्थित डायट ऑडिटोरियम में मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित किया जाएगा।अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (त्वरित न्यायाधीश) / प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिव कुमारी ने बताया कि शिविर के सफल आयोजन को लेकर प्रशासनिक विभागों को जन-कल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए हैं। शिविर में विभिन्न दीवानी, आपराधिक, वैवाहिक, दुर्घटना दावा, उपभोक्ता एवं चेक बाउंस मामलों का निस्तारण मध्यस्थता के माध्यम से कराया जाएगा।

### हरकत में आया बिजली विभाग, कुंवरगांव में बदला गया क्षतिग्रस्त बिजली का पोल

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर कुंवरगांव में बिजली विभाग की लापरवाही को उजागर करने वाली कैन्विज टाइम्स की खबर का असर देखने को मिला है। 31 जनवरी 2026 को खबर प्रकाशित होने के बाद 4 फरवरी को कुंवरगांव बिजली घर के पास टीवीएस बाइक एजेंसी के समीप लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़े बिजली के खंभे को हटाकर नया पोल स्थापित कर दिया गया। बताया गया कि जर्जर पोल में करंट उतरने की शिकायतें सामने आ रही थीं, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई थी। स्थानीय लोगों की शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही थी, लेकिन मीडिया में मामला उठते ही विभाग ने मौके पर पहुंचकर त्वरित कदम उठाया।क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस लेते हुए मीडिया की भूमिका की सराहना की और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसी समस्याओं का समय रहते समाधान किया जाएगा।

### सोना-चांदी हुआ सस्ता, 22 कैरेट गोल्ड और चांदी के दाम में बड़ी गिरावट

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सोना-चांदी के भाव में एक बार फिर गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (ऋछ्रख्ड) के अनुसार 22 कैरेट (916) सोने का दाम गुरुवार शाम ?1,39,692 प्रति 10 ग्राम से घटकर शुक्रवार को ?1,38,764 प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं 999 शुद्धता वाली चांदी के दाम में भी बड़ी कमी आई है। शुक्रवार को चांदी की कीमत में प्रति किलो 13 हजार रुपये से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। कीमतों में आई इस कमी से ग्राहकों को राहत मिली है।

### खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा दिया गया बढ़ावा

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अंतर्गत चल रहे क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केंद्र (लखनऊ) में खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार परीक्षण किया जाता है। केंद्र में न्यूट्रिशनल वैल्यू, कीटनाशक अवशेष, प्रोटीन, एंटीबायोटिक, ट्रांस फैट, धातु आदि की जांच की जाती है। किसान, उद्यमी और व्यापारी सस्ती दरों पर परीक्षण और प्रशिक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

### बेतवा नदी में युवक की डूबने से मौत

**हमीरपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में सदर कोतवाली क्षेत्र के कीरतपुर गांव निवासी एक युवक शुक्रवार को बेतवा नदी में नहाते समय गहरे गड्ढे में चले जाने से डूब गया। जानकारी होने पर नदी में मछली का शिकार कर रहे मछुआरों व ग्रामीणों ने युवक की तलाश की। काफी देर खोजबीन करने के पर युवक को पानी से बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।कीरतपुर गांव निवासी भीखम (40) पुत्र मइका शुक्रवार को बेतवा नदी में नहाने गया था। वहां बेतवा नदी में मौरंग निकाले जाने से बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे। जहां भीखम नदी के गहरे गड्ढे में चला गया, जहां वह डूब गया। वहां नदी में मछली का शिकार मछुआरों ने उसे डूबते देखा तो उसकी तलाश में जुट गए। सूचना पर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने भी युवक की तलाश शुरू की। कुछ समय बाद युवक को पानी से बाहर निकाला।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अविवाहित था और मजदूरी कर अपना भरण पोषण करता था। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पटेल ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई आईसीडीएस विभाग की समीक्षा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मुरादाबाद। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान आईसीडीएस विभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित विभिन्न गतिविधियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा बैठक की।

जिलाधिकारी ने जनपद में गंभीर अति कुपोषित श्रेणी के चिन्हित बच्चों का एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) के माध्यम से पोषण प्रबंधन कराए जाने को प्राथमिकता प्रदान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी मुख्य सेविकाओं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देश दिए की गंभीर अतिकुपोषित श्रेणी के बच्चों को चिन्हित करके उनके अभिभावकों को पोषण पुनर्वास केंद्र के माध्यम से प्रदान की जा रही पोषण सुविधाओं के बारे में प्रोत्साहित करते हुए बच्चों को भर्ती कराया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन और पोषण प्रबंधन के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन के संबंध में शासन द्वारा निर्धारित पैरामीटर के अनुरूप समीक्षा के दौरान परियोजना क्षेत्र कुंदरकी और मुंडा पांडे की प्रगति खराब पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई तथा निर्देश दिए की संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी गंभीरता बरतें तथा यह सुनिश्चित करें कि विभिन्न पैरामीटरों के अनुरूप किसी भी गतिविधि में राज्य के औसत प्रतिशत से कम प्रगति नहीं होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए की पोषाहार वितरण के साथ ही नियमानुसार तीन माह में एक बार फोर्टीफाइड चावल का वितरण भी अनिवार्य रूप से होना चाहिए, इसकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी की जाए।

आंगनबाड़ी केंद्रों के अनुरक्षण के लिए प्राप्त धनराशि का भी सदुपयोग करने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया साथ ही कहा कि केंद्रों के माध्यम से आयोजित होने वाली गतिविधियों की मॉनिटरिंग होनी चाहिए और वीएचएसएनडी सत्रों का भी गंभीरतापूर्वक आयोजन होना चाहिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी और जिला कार्यक्रम अधिकारी आशुतोष राय सहित अन्य संबंधित अधिकारी, सीडीपीओ और मुख्य सेविकाएं मौजूद रही।

## यूपी बोर्ड परीक्षा: 18 फरवरी से तैयारियां तेज कैमरे की निगरानी में होगी कॉपियों की पैकिंग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाएं 18 फरवरी से होंगी। सीसीटीवी और वॉयस रिकॉर्डर की निगरानी में कॉपियों की पैकिंग होगी। शिक्षा विभाग ने परीक्षाओं को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिलों के डीआईओएस को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों और वॉयस रिकॉर्डर की नियमित जांच करेंगे। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों का विशेष निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्टेटिक मजिस्ट्रेट रोजाना परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचेंगे। अपनी उपस्थिति में डबल लॉक खुलवाकर निर्धारित प्रश्नपत्र निकलवाएंगे और दोबारा लॉक को सील कराएंगे। परीक्षा केंद्र पर आवंटित परीक्षार्थियों के सापेक्ष सभी व्यवस्थाओं और सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती की समीक्षा भी करेंगे। केंद्र व्यवस्थापक परीक्षा केंद्र पर कॉपियों व प्रश्नपत्र पहुंचने से तीन दिन पूर्व स्ट्रांग रूम की स्थापना करेंगे, जहां 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे चालू रहेंगे। सभी कक्ष निरीक्षकों को अपने- अपने केंद्र व्यवस्थापकों को नियमित रूप से रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा।डीआईओएस लाल जी यादव ने कैन्विज टाइम्स के रिपोर्टर को बताया कि परीक्षार्थियों को उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक और उत्तर पुस्तिका क्रमांक लिखना अनिवार्य होगा।परीक्षार्थियों को जूते-मोजे उतरवाकर परीक्षा नहीं कराई जाएगी। छात्राओं की तलाशी केवल महिला शिक्षिकाएं ही करेंगी। सीटिंग प्लान का कड़ाई से पालन होगा, 50 फीसदी बाह्य कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। परीक्षा केंद्र परिसर में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा।

## संभल में सरकारी स्कूल की दीवारों में लिखी गईं कुरान की आयतें, हिंदू संगठनों के विरोध पर दो अध्यापक निलंबित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

संभल । उत्तर प्रदेश के जनपद संभल में शुक्रवार को हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने एक सरकारी स्कूल में जमकर हंगामा काटा। आरोप है कि स्कूल की दीवारों पर कुरान की आयतें लिखी गईं हैं और देश के महापुरुषों की फोटो एक कमरे में रस्सी से लटकाई गईं हैं। बढ़ते विरोध पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रधाना अध्यापक और सहायक अध्यापक को निलंबित करते हुए जांच गठित कर दी।चंदौसी तहसील अर्न्तगत थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव नगला पूर्वा में स्थित सरकारी स्कूल में शुक्रवार दोपहर को हिंदू संगठन विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंचे। आरोप है कि स्कूल परिसर में दीवारों पर मुस्लिम धर्म की आयतें लिखी हुई हैं। वहीं, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, मां सरस्वती, भारत माता, सुभाष चंद्र बोस, रवींद्रनाथ टैगोर सहित अन्य महापुरुषों की तस्वीरें एक कमरे में रस्सी से बांधकर रखी गई थीं। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने इसे सरकारी स्कूल में नियमों के खिलाफ बताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा महिला हेडमास्टर और सहायक शिक्षक से सवाल-जवाब किए गए। जिस पर पुलिस ने हस्तक्षेप किया। इसी बात को लेकर पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी बहस हो गई।विद्यालय की प्रधानाध्यापक पुष्पा देवी ने इस पूरे मामले के लिए सहायक अध्यापक मोहम्मद नाजिम को जिम्मेदार ठहराया। वहीं, टीचर ने आरोपों को लेकर अपनी सफाई दी और दोनों एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते नजर आए।विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने पुलिस को दी लिखित शिकायत में आरोप लगाया कि स्कूल में नियमों के विपरीत धार्मिक गतिविधियां कराई जा रही हैं। संगठनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।इस दौरान कुछ आपत्तिजनक बयान भी सामने आए। जिन्हें लेकर पुलिस स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी रही।इस विषय में विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता आशीष तूफानी ने कहा, स्कूल पहुंचने पर दीवारों पर कुरान आयतें लिखी मिलीं। महापुरुषों की तस्वीरें एक कमरे में रस्सी से बांधकर रखी हुई थीं। वहीं विभाग संयोजक सत्संग प्रमुख आचार्य, ऋतुपन शर्मा ने स्कूल में धार्मिक प्रतीकों के उपयोग पर आपत्ति जताई थी। इसकी जानकारी पर शिक्षा विभाग को पूरे मामले से अवगत कराया गया है।इस मामले में बीएसए अलका शर्मा ने बताया कि गांव नगला पूर्वा के प्राथमिक विद्यालय में कुरान की आयतें लिखे होने का मामला संज्ञान में आया है। प्रधानाध्यापक पुष्पा रानी और सहायक अध्यापक मोहम्मद नाजिम को सस्पेंड किया गया है। मामले में अगर आगे और किसी का नाम आता है तो विभागीय कार्रवाई होगी।थाना प्रभारी लोकेन्द्र त्यागी ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने प्रार्थना पत्र दिया है, मामला शिक्षा विभाग से जुड़ा है, इसलिए विभागीय अधिकारियों को भी अवगत कराते हुए जांच की जा रही है।

## रास्ते के विवाद में युवक की हत्या, पूर्व प्रधान समेत पांच को उम्र कैद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बरेली। उत्तर प्रदेश के जनपद बरेली में हाफिजगंज थाना क्षेत्र के औरंगाबाद गांव में रास्ते के विवाद में हुई सुखलाल हत्याकांड मामले में अदालत ने सख्त फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश तबरेज अहमद की अदालत ने पूर्व प्रधान समेत पांच दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। सभी पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।अभियोजन के अनुसार गांव में रास्ते पर पुआल डालने को लेकर शुरू हुआ विवाद धीरे-धीरे खूनी रंजिश में बदल गया था। मृतक सुखलाल के परिवार का आरोप था कि पड़ोसियों ने रास्ता अवरुद्ध कर दिया था, जिससे आवागमन बाधित हो गया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में लंबे समय से तनाव चल रहा था। घटना वाले दिन शाम करीब छह बजे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि पूर्व नियोजित साजिश के तहत आरोपित असलहे लेकर सुखलाल के घर में घुस आए। गाली-गलौज के बीच ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी गई। परिजनों के सामने ही सुखलाल को गोलियों से छलनी कर दिया गया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई, जबकि परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए।मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में 11 गवाहों के बयान, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्य पेश किए गए। साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने नन्हें उर्फ रणजीत, सोमपाल, पूर्व प्रधान संजय, गुड्डा उर्फ विवेक नाई और भजन लाल को हत्या का दोषी करार दिया।अदालत ने हत्या के मामले में उम्रकैद व 50-50 हजार रुपये जुर्माना, जानलेवा हमले में दस-दस साल की सजा व 20-20 हजार रुपये जुर्माना सुनाया। दंगा, घर में घुसकर मारपीट व अन्य धाराओं में भी अलग-अलग सजाएं दी गईं। दो आरोपियों को अवैध हथियार रखने में एक-एक साल की सजा मिली। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अदालत ने जुर्माने की राशि मृतक के माता-पिता को देने और अतिरिक्त मुआवजे के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया है।

# गाँवो की प्रधानी पंचायत चुनाव के लिए दावेदारों ने कसी कमर

**पांच साल गायब नेता अब 'वोट देवियों' के द्वार, सीट साफ नहीं पर वादों की शुरू हो गई भर मार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । जनपद के गांवों में इस समय मौसम वि भाग भले शीतलहर न बता रहा हो,लेकिन राज नीति ने लू चलवा दी है।जो नेता पांच साल तक गाँवो में गली का रास्ता भूल गए थे,वे अब ओस भरी सुबह में घर-घर दस्तक देकर लोकतंत्र की 'चरण स्पर्श साधना' में लीन हैं। पंचायत चुनाव 2026 दूर है, सीटें धुंध में हैं, मगर वादों की धूप ऐसी कि गांव की चौपाल तक तप रही है।त्रिस्त रीय पंचायत चुनाव में अभी वक्त है, पर जनपद के गांवों में चुनावी बुखार अभी से 104 डिग्री पर पहुंच चुका है,बिजली के खम्बो व दीवारों पर बैनर पोस्टर ऐसे चिपके हैं मानो मतदान क ल सुबह ही है।भावी प्रधान रोजाना घर-घर पहुं चकर पैर छू रहे हैं, और आशीर्वाद बटोर रहे हैं और विकास की ऐसी थाली परोस रहे हैं जिस में सड़क, नाली, पानी, बिजली से लेकर सुख-समृद्धि तक सब 'फ्री होम डिलीवरी' में शामिल है,विडंबना देखिए,यही चेहरे पिछले पांच सालों में गांव की धूल से परहेज करते रहे, अब वही लोग चौखट पर झुककर कह रहे हैं, 'आशीर्वाद दीजिए, इस बार सेवा का मौका दीजिए।' गांव वाले भी मुस्कान में राजनीति का पूरा इतिहास समेटे 'ठीक है' कहकर आगे बढ़ जा रहे हैं,पिछ ले चुनाव में हार चुके प्रत्याशी तो भावनाओं की पिच पर बैटिंग कर रहे हैं 'दादी अम्मा, पिछली बार वोट नहीं दिया, इसलिए हार गए.. इस बार जीत दिला दीजिए।' जवाब में दादी अम्मा की मुस्कान बताती है कि लोकतंत्र की याददाश्त उ तनी भी कमजोर नहीं जितनी समझी जा रही।

मजेदार बात यह है कि कई जगह अभी सीट आरक्षण साफ नहीं है। यानी 'सीट' की दीवार खड़ी है, पर महत्वाकांक्षा की सीढ़ी पहले से टिकी हुई है। घरों में बैठकर राजनीति के पन्ने पलटे जा रहे हैं, गणित लगाया जा रहा है, और उम्मीद की फाइलें खोली जा रही हैं। गांव की चौपालों पर चर्चा है, कौन जीतेगा, कौन हारेगा, और कौन जीतकर फिर पांच साल तक दर्शन दुर्लभ कर देगा।गुलाबी ठंड में सियासत और बसंत की यह तपिश बता रही है कि चुनाव दूर हो सकता है,लेकिन वोटर के दरवाजे तक पहुं चने की दौड़ अभी से शुरू हो चुकी है।

# पुलिस अधीक्षक ने चलाई तबादला एक्सप्रेस कई उपनिरीक्षक हुए इधर से उधर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । कानून-व्यवस्था को चुस्त -दुरूस्त बनाए रखने के लिए एसपी ने बृहस्पतिवार की देर रा त 19 उपनिरक्षकों के कार्य क्षेत्र में फ़ेर बदल किया है।नवाबगंज थाना क्षेत्र के ढेमवा घाट के चौकी प्रभारी रमेश कुमार को हटाकर कौड़िया थाना भेजा गया है।वही उप निरीक्षक सत्येंद्र या दव को वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना धानेपुर और गजेंद्र पांडे को वरिष्ठ उप निरीक्षक कटरा बाजा र बनाया गया है।प्रशांत गुप्ता को चौकी प्रभारी पाण्डेय बजार नगर कोतवाली बनाया गया है। वही मनोज कुमार सिंह को चौकी प्रभारी नियां वा उमरीबेगम गंज की जिम्मेदारी दी गई है, वही मुकेश गुप्ता को थाना खरगुपुर क्षेत्र के पिपरा बाजार पुलिस चौकी का प्रभार दिया गया है वही कामेश्वर रावत को चौकी प्रभारी जानकी नगर और विनोद कुमार सिंह को चौकी प्रभारी ढेमवा घाट बनाया गया।विवेक मौर्य को चौकी प्रभारी बालपुर, तेज नारायण गुप्ता को चौकी प्रभारी कहोबा मोतीगंज बनाया गया है।गौरव सिंह को थाना नवाबगंज, गौरी शंकर मल्ल को थाना छपिया,दुर्ग विजय सिंह और सहदेव दुबे को देहात कोतवाली भेजा गया है। वही अरुण कुमार और मुन्ना सिंह को थाना तरबगंज भेजा गया है।पवन कुमार गिरी को थाना खरगूपुर धी रेंद्र सिंह को थाना इटियाथोक,गगन दीन यादव को थाना मोतीगंज भेजा गया है।पुलिस अधीक्ष क विनीत जायसवाल ने सभी पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए हैं कि सभी पुलिसकर्मी तत्काल अपने-अपने कर क्षेत्र में पहुंचकर पदभार ग्रहण करें।उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनका समाधान करने के निर्देश दिए हैं।




# तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में आने वाले मतदाआतों की सूची

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**10 दिनों के अन्दर जमा किये जा सकेंगे अभिलेख**

बहराइच । उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में आने वाले व्यक्तियों के नाम ग्राम पंचायत भवनों, सार्वजनिक स्थलों, तहसील तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड कार्यालयों पर प्रदर्शित किये जा रहे हैं। श्री कुमार ने बताया कि तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में आने वाले प्रभावित व्यक्तियों की सूची प्रदर्शित होने के दिनांक से 10 दिनों के अन्दर प्रभावित व्यक्ति अपने अभिलेख/आपत्तियां व्यक्तित रूप से अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि, जिसमें बी.एल.ए. भी सम्मिलित हो सकते हैं, के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त प्रदर्शित सूचियों में स्पष्ट रूप से विसंगतियों का संक्षिप्त कारण भी उल्लिखित होगा। अभिलेख/आपत्तियां, बूथ लेवल अधिकारी के पास या तहसील स्तर के कार्यालयों में जमा की जा सकती हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग द्वारा निर्देश दिये गये है कि तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में आने वाले प्रभावित व्यक्तियों को अभिलेख/सामग्रियां/आपततियां जमा करने का अवसर देने के अतिरिक्त उन्हें व्यक्तिगत रूप से अथवा अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से तहसील स्तर के कार्यालय में सुना भी जा सकता है। अभिलेख प्राप्ति अथवा प्रभावित व्यक्ति की सुनवाई करने वाले अधिकारी द्वारा इस प्रकार के अभिलेखों की प्राप्ति और सुनवाई किये जाने को प्रमाणित किया जा जायेगा। सकता है। बीएलओ द्वारा प्राधिकार पत्र, यदि कोई हो, तथा अभिलेखों की प्राप्ति का प्रमाण-पत्र और इस प्रकार की सुनवाईयों के संचालन संबंधी प्रमाण-पत्र बीएलओ ऐप के माध्यम से अपलोड भी किये जायेंगे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

बहराइच । जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह फरवरी के प्रथम शनिवार 07 फरवरी 2026 को तहसील नानपारा में जिलाधिकारी तथा तहसील सदर बहराइच में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

# बहराइच में सशक्त गांव–विकसित राष्ट्र परियोजना के तहत परिचय भ्रमण शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मार्गदर्शन तथा टकेडा फार्मा के सहयोग से ममता एचआईएमसी द्वारा जनपद बहराइच में संचालित सशक्त गांवऽविकसित राष्ट्र परियोजना के अंतर्गत परिचय भ्रमण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस परियोजना के माध्यम से जिले के आठ विकास खंडों की 647 ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों को विभिन्न गतिविधियों के जरिए सशक्त किया जा रहा है। परियोजना के जिला समन्वयक आदर्श मिश्रा ने बताया कि सभी आठ विकास खंडों के 647 समिति सदस्यों का विकास खंड स्तर पर प्रशिक्षण सफलतापूर्वक कराया जा चुका है। अब इन्हीं प्रशिक्षित सदस्यों के लिए परिचय भ्रमण आयोजित किया जा रहा है, जिससे वे व्यवहारिक अनुभव प्राप्त कर अपने गांवों में योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कर सकें। परिचय भ्रमण के दौरान ममता एचआईएमसी के सहायक




निदेशक डॉ. विरल बजवाला ने बताया कि सभी ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों को एक सूचना पट उपलब्ध कराया गया है, जिस पर नियमित रूप से आंकड़े दर्ज किए जाएंगे, ताकि गांव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां एक स्थान पर उपलब्ध हो सकें। इसके साथ ही प्रत्येक गांव को वार्षिक ग्राम स्वास्थ्य कार्ययोजना पंजिका, जन्म-मृत्यु पंजिका, रोकड़ बही तथा मासिक बैठक पंजिका उपलब्ध कराई गई है, जिनका प्रभावी उपयोग गांव के समग्र विकास में सहायक होगा।

इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जागरूकता बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों को सशक्त करने से होने वाले लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसके माध्यम से घर-घर टीकाकरण के प्रति जागरूकता, अव्ययित निधि के उपयोग से आवश्यक स्वास्थ्य उपकरणों की उपलब्धता तथा गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण में सहयोग जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा सकते हैं। जिला सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक मोहम्मद राशिद मेकरानी ने जानकारी दी कि अब अव्ययित निधि का उपयोग विकास खंड स्तर पर किया जाएगा तथा समितियों के खातों में उपलब्ध धनराशि का उपयोग ग्राम प्रधान और आशा कार्यकर्ता के सहयोग से किया जाएगा। वहीं जिला स्वास्थ्य एवं सूचना-शिक्षा अधिकारी बृजेश सिंह ने कहा कि सामूहिक चर्चा से नए विचार उत्पन्न होते हैं, जिन्हें कार्यों में शामिल कर सरकार के उद्देश्यों को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकता है।

इस अवसर पर डॉ. अर्चित श्रीवास्तव, अंजली दीक्षित, देवेंद्र तिवारी, गौतम वर्मा, अफजल राहत, प्रतिभा शुक्ला, आनंद शुक्ला सहित अन्य अधिकारी एवं प्रतिभागी उपस्थित ।

# एसपी ने सुनी जनता की फरियाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर लोगों की समस्या का निस्ता रण किया और इसके साथ ही निर्देश दिया कि थाना प्रभारी थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका नि स्तारण करें।बताते चलें कि जनसमस्याओं को सुनने के दौरान थाना स्तरीय विवाद बड़े पैमाने पर सामने आए लिहाजा एसपी ने सख्त तेवर अपनाए हैं।जन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को लेकर बृहस्प तिवार को



पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई किया।सुबह करीब दस बजे से शुरू हुई जन सुनवाई लग भग एक बजे तक चली।जनपद के अनेक क्षेत्रों से आने वाले लोगों ने एसपी के सामने अपनी समस्याओं को रखा।पुलिस अधीक्षक ने संबं धित थानों से आने वाले लोगों की समस्याओं को सुना।कुछ मामलों में संबंधित को आदेशित कर तत्काल कार्रवाई करने को कहा।थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कहा कि थाने पर किसी भी फरियादी के आने पर उसकी बातों को सुना जाए और तत्काल प्रार्थना पत्र लेकर उसे पर उचित कार्रवाई हो।वही लोगों की समस्याओं का निस्तारण नहीं होने या कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित प्रभारी की जवाबदेही होगी।

## पुलिस ने चाइनीज मांझे के खिलाफ पतंग की दुकानों को खंगाला

अमेठी । चाइनीज मांझे के उपयोग और बिक्री पर रोक को लेकर अमेठी पुलिस द्वारा कस्बा में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।यह अभियान अमेठी कस्बे के गंगागंज मोहल्ले में क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्र एवं कोतवाली प्रभारी रवि कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया गया।अभियान के दौरान पुलिस टीम ने कस्बे में स्थित पतंग और मांझे की दुकानों पर पहुंचकर चाइनीज मांझे को लेकर गहन जांच पड़ताल की।दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिये गये कि किसी भी स्थिति में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री न की जाय। पुलिस ने दुकानदारों को इसके दुष्परिणामों के बारे में भी अवगत कराया।

## 09 फरवरी को राजकीय आईटीआई में आयोजित होगा अप्रेन्टिस मेला

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच की प्रधानाचार्या श्रीमती स्मृति शर्मा ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच परिसर में 09 फरवरी 2026 को अप्रेन्टिस मेला प्रस्तावित है जिसमें आईटीआई पास प्रशिक्षार्थियों की भर्ती हेतु जिले के सरकारी एवं गैर सरकारी विभागो व अधिष्ठान प्रतिभाग करेंगे। श्रीमती शर्मा ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 09 फरवरी 2026 को पूर्वान्ह 10ः00 बजे अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र एवं छायाप्रति साथ उपस्थित होकर अप्रेन्टिस मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

## जनपद में 08 फरवरी से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह जनवरी में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 08 से 26 फरवरी 2026 तक होगा। वितरण अवधि में अन्त्योदय काडी पर 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न प्रति कार्ड (21 कि.ग्रा. चावल व 14 कि.ग्रा. गेहूं) एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। वितरण की अन्तिम तिथि 26 फरवरी 2026 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता हैं कि उक्त वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई–पॉस मशीन पर अंगूठा लगवाकर ई–वेइंग स्केल मशीन से खाद्यान्न तौल करते हुए तत्समय ही लाभार्थी को खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण करें। यदि किसी विक्रेता के वितरण विरूद्ध वितरण में अनियमितता किये जाने की शिकायत प्राप्त होती है, तो विक्रेता के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## अमेठी के प्रत्येक ब्लाक में पशु औषधि केन्द्र किये जायेंगे स्थापित

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ गोपाल कृष्ण शुक्ला ने बताया कि पशुपालकों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण पशु औषधियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र की तर्ज पर पशु औषधि केन्द्र स्थापित किये जायेगें। इस क्रम में जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में एक पशु औषधि केन्द्र खोला जायेगा जिससे पशुपालकों को पशुओं के उपचार हेतु दवाएं किफायती दरों पर सुलभ हो सकें। उन्होंने बताया कि पशु औषधि केन्द्र खोलने के लिये आवेदन करने वाले आवेदक को फार्मासिस्ट का नाम एवं उसका वैध पंजीकरण विवरण, दुकान हेतु न्यनूतम एक सौ बीस वर्ग फुट स्थान का प्रमाण पत्र तथा ड्रग लाइसेन्स का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा एवं इस योजना के अन्तर्गत प्रधानमंत्री कृषक समृद्धि केन्द्र एवं सहकारी समितियों से जुडे योग्य लाभार्थियों को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी तथा यह योजना भारत सरकार की पशुधन स्वास्थ्य एवं बीमारी नियत्रंण कार्यक्रम के अर्न्तगत संचालित की जायेगी। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि पशु औषधि केन्द्र स्थापित करने के इच्छुक आवेदकों को पांच हजार रुपया का शुल्क अदा करना होगा व आवेदन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी एवं इच्छुक आवेदक पशु औषधि पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते है तथा पशु औषधि केन्द्र की स्थापना से पशुपालकों को समय पर सस्ती दवाएं उपलब्ध होगी जिससे पशुधन स्वास्थ्य में सुधार के साथ–साथ पशु पालन को और अधिक लाभाकारी बनाया जा सकेगा।

## एसपी ने पदोन्नति पाकर निरीक्षक बनने पर दी बधाई

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना पीपरपुर में तैनात उप निरीक्षक राम चेत यादव को पदोन्नति पाकर निरीक्षक बनने पर पुलिस अधीक्षक ने स्टार लगाकर पदोन्नति की शुभकामनाएं दी गई। नवागंतुक पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा शुक्रवार को थाना पीपरपुर में नियुक्त उपनिरीक्षक पदोन्नत होकर निरीक्षक बने रामचेत यादव को स्टार लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं बताया कि आज से पुलिस विभाग व समाज के प्रति आपका दायित्व एवं कर्तव्य और बढ़ गया है जिसे और जिम्मेदारी के साथ निभाकर अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करना है।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# पीएम आवास योजना से पात्रों को किया जाय लाभान्वित : डीएम

**पीएम आवास निर्माण गुणवत्ता पारदर्शिता और समयबद्ध लाभ वितरण पर दिया गया जोर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा हेतु निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की वर्तमान स्थिति, निर्माण की प्रगति, लंबित प्रकरणों तथा पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध लाभ उपलब्ध कराना रहा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी




भी प्रकार का समझौता न किया जाय तथा प्रत्येक स्तर पर नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाय। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का चयन पूरी तरह पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाय और सभी स्वीकृत आवासों का निर्माण निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराया जाय ताकि जरूरतमंद परिवारों को समय पर पक्का आवास उपलब्ध कराया जा सके।निगरानी समिति की बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेघर एवं कच्चे मकानों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित एवं स्थायी आवास उपलब्ध कराना है। इसके लिये यह सुनिश्चित किया जाय कि योजना का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। बैठक में जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर,खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं निगरानी समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# व्यापार मण्डल ने शोकसभा का किया आयोजन: दिवंगत व्यापारी नेताओं को दी श्रद्धांजलि, दो मिनट का रखा मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी के प्रतिष्ठान पर आयोजित शोकसभा में बीते दिनों हुए व्यापारी नेता स्व. अजय खंडेलवाल व राइसमिलर लक्ष्मी नारायण अग्रवाल खाद व्यापारी प्रदीप अग्रवाल के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया गया साथ ही व्यापारियों ने तीनों दिवंगतों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई पूरनपुर में शुक्रवार की शाम 5 बजे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कार्यालय पर शोकसभा का आयोजन किया गया इसमें व्यापारियों के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया साथ ही चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर दोनों दिवंगतों की आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई इस दौरान व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी ने कहा कि महामंत्री के निधन से व्यापार मंडल ने एक कर्मठ, समर्थित व सेवाभावी व्यक्ति खो दिया है,जिसकी पूर्ति भविष्य में असंभव है उन्होंने अजय खंडेलवाल वर्तमान में व्यापार मंडल के महामंत्री की जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभा रहे थे व्यापारियों के हक में संघर्ष शीलता किसी से छिपी नही है जब जब व्यापारियों ने आवाज लगाई वह हमेशा तत्पर रहते थे इस दौरान शोक सभा मे भाजपा विधायक बाबूराम पासवान, नगर पालिका चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता,नगर अध्यक्ष मोहम्मद जाहिद खान, विजयपाल सिंह विक्की, बलजीत सिंह खैरा, राजू खंडेलवाल, दीपक बंसल, रणजीत सिंह, सलमान खान, रविंद्र भारद्वाज, ऋग्वेद खंडेलवाल, विजय नागी, संजय गुप्ता, आशीष रस्तोगी, सुशील वर्मा, अशोक अग्रवाल, संजीव अग्रवाल हैप्पी, हर्ष गुप्ता, बृजेश गुप्ता, खुशनूद अली खान, सचिन गुप्ता, एसपीएस संधू, अंकुश खंडेलवाल, अनुज खंडेलवाल, आयुष खंडेलवाल, सुनील खडेलवाल, उमेश गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे है।

# वार्ड 23 में सीसी मार्ग व नाली निर्माण का लोकार्पण पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था ने किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। शहर के वार्ड नंबर 23 में बाबूराम के मकान से सरोज के मकान तक बने सीसी मार्ग एवं नाली निर्माण कार्य का शुक्रवार को नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने फीता काटकर गली का शुभारंभ किया तथा शिलापट का अनावरण किया।इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका परिषद शहर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि मोहल्ले वासियों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस गली का निर्माण कराया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी राहत मिलेगी।



कार्यक्रम के अंत में मोहल्लेवासियों ने गली निर्माण कार्य के लिए नगर पालिका परिषद और पालिकाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर मोहल्लेवासी सरोज, पप्पू, राम सिंह, विपिन मिश्रा, तारीक हुसैन, किरन, विधि, करन प्रजापति, सभासद वतनदीप मिश्रा, साकेत सक्सेना, विकास बाबू, इकबाल हजरत, मोहन स्वरूप, शरीफ अंसारी, अवतार सिंह, मोनू, निर्मल सिंह टीटू, राजू फौजी, रोहित कुमार, दीप अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे हैं।

# पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र में फ़ॉर्म-7 के नाम पर बड़े पैमाने पर साज़िश का आरोप, निष्पक्ष जाँच की मांग को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने 129 विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के विभिन्न बूथों का दौरा कर मतदाताओं की वास्तविक स्थिति का जायज़ा लिया एवं इसके बाद अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेस आयोजित की इस दौरान पत्रकारों से वार्ता करतें हुए उन्होंने कहा की निरीक्षण के दौरान लगभग प्रत्येक बूथ पर संबंधित उख्र्ग के पास 250 से 450 तक भरे हुए फ़ॉर्म-7 पाए गए। प्रारंभिक तौर पर इन फ़ॉर्मों में दर्ज अधिकांश आपत्तियाँ संदिग्ध एवं फर्जी प्रतीत होती हैं, जिससे मतदाता सूची में छेड़छाड़ की गंभीर आशंका उत्पन्न होती है।सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया कि बड़ी संख्या में आपत्तियाँ एक ही व्यक्ति के नाम से दर्ज कराई गई हैं। जबकि दूरभाष पर बातचीत के दौरान संबंधित व्यक्ति ने स्वयं ऐसी किसी भी आपत्ति को करने से स्पष्ट इनकार किया। इससे यह संदेह और गहरा हो जाता है कि यह पूरा मामला सुनियोजित तरीके से मतदाताओं के अधिकारों को प्रभावित करने की नीयत से किया गया प्रयास है।

ज्ञातव्य है कि एक फ़ॉर्म-7 को सही तरीके से भरने में पर्याप्त समय और प्रक्रिया लगती है। इसके बावजूद सैकड़ों की संख्या में प्रिंटेड फ़ॉर्मों का एक साथ मिलना स्वाभाविक नहीं माना जा सकता। यह स्थिति लोकतांत्रिक व्यवस्था, निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया तथा मतदाता अधिकारों के विरुद्ध रची गई एक गंभीर साज़िश की ओर संकेत करती है।

इसी गंभीर विषय को लेकर आज आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए निम्न प्रमुख मांगें रखी गईं।सभी संदिग्ध एवं सामूहिक रूप से भरे गए फ़ॉर्म-7 को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए।पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्चस्तरीय जाँच कराई जाए।इस साज़िश में शामिल व्यक्तियों एवं जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी और पारदर्शिता को और मजबूत किया जाए।

स्पष्ट रूप से कहा गया कि मतदाता अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ लोकतंत्र की मूल भावना के विरुद्ध है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आम जनता के मतदान अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा इस दौरान उन्होंने कई तथ्यों को प्रस्तुत कर पीड़ितों को भी पत्रकारों के सामने पेश किया।प्रेस कांफ्रेस के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व विधायक अरशद खान,पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव,विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय सिंह यादव,सछास के पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी ,वरिष्ठ सपा नेता ओम शर्मा आदि सपाइयों की उपस्तिथि रही हैं।

# लोकतंत्र से खिलवाड़ की साजिश और मतदाता सूची में धांधली बर्दाश्त नही : सुधांशु शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । भारतीय जनता पार्टी अमेठी ने कांग्रेस पार्टी पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान खुलेआम धांधली, फर्जी नाम जुड़वाने और दलित पिछड़ा सामान्य वर्ग के मतदाताओं के नाम जान बूझकर कटवाने का आरोप लगाया है।इसी के विरोध में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कांग्रेस पर करारा प्रहार करते हुये कहा कि अमेठी में कांग्रेस का इतिहास लोकतंत्र को कुचलने, बूथ कैप्चरिंग कराने और फर्जी मतदान के सहारे चुनाव जीतने का रहा है। कांग्रेस को जनता पर भरोसा नही इसलिये वह हर चुनाव में वोट चोरी का रास्ता अपनाती है।उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में कांग्रेस सुनियोजित साजिश के तहत फर्जी नाम जुड़वा रही है और भाजपा समर्थक, दलित, पिछड़ा एवं सामान्य वर्ग के वास्तविक मतदाताओं के नाम कटवाने का षड्यंत्र रच रही है।उन्होंने बीती चार फरवरी की घटना का उल्लेख करते हुये बताया कि ग्राम ठेंगहा तहसील अमेठी के बूथ संख्या दो सौ सात व दो सौ आठ पर पुनरीक्षण अभियान के दौरान कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव राकेश कुमार मौर्य एवं उनकी पत्नी (जो किसी अन्य बूथ की बीएलओ हैं) ने कार्यकर्ताओं को डराने धमकाने, फॉर्म भरने से रोकने और माहौल खराब करने की कोशिश की। विरोध होने पर वे वहां से भाग खड़े हुये।इसके बाद कांग्रेस जिला सचिव द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष को बदनाम करने और झूठे मुकदमे में फंसाने की नियत से एक पूरी तरह मनगढ़ंत, झूठा और दुर्भावनापूर्ण प्रार्थना पत्र उप जिलाधिकारी अमेठी को दिया गया जो यह साबित करता है कि कांग्रेस अब प्रशासन को गुमराह कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करना चाहती है।भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की यह साजिश अब ज्यादा दिन नही चलेगी। अगर निष्पक्ष जांच नही हुई तो भाजपा सड़कों पर उतरकर लोकतंत्र की रक्षा करेगी।भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग, मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी से मांग की कि कांग्रेस के झूठे आरोपों और मतदाता सूची में धांधली की उच्चस्तरीय जांच कराई जाय तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्कीयवाही की जाय ताकि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया को बचाया जा सके।इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा, दुर्गेश त्रिपाठी, उमाशंकर पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, उमेश प्रताप सिंह, राकेश विक्रम सिंह, प्रवीण सिंह, चन्द्रमौलि सिंह, विषुव मिश्रा, प्रभात शुक्ला सहित अन्य तमाम भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# कानून का सम्यक ज्ञान और कोर्ट रूम में जाकर प्रैक्टिस करना दो अलग बाते : डॉ ए के सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। कानून का सम्यक ज्ञान और कोर्ट रूम में जाकर प्रैक्टिस करना दो अलग बातें हैं। फिर भी कानूनी ज्ञान मनुष्य की समझ को बढ़ाता है और परिष्कृत करता है। जनपद ही नहीं पूर्वांचल के सुप्रसिद्ध सर्जन डॉक्टर ए के सिंह ने बताया कि अभी हमने कानून की परीक्षा पास किया है। मेरा मानना है कि कानून का ज्ञान हर नागरिक के लिए जरूरी है क्योंकि इससे हमें अधिकारों / कर्तव्यों / समाज में सही आचरण की समझ आती है। अन्याय या भेदभाव होने पर क्या करना है, पुलिस या प्रशासन की सीमा क्या है। अपने कर्तव्यों को समझना दूसरे के अधिकारों का सम्मान, देश के कानूनों का पालन, लोकतंत्र को मजबूत रखने के लिए एवं जिम्मेदार नागरिकों को गलत कार्य करने से रोकती है। दंड के परिणाम समझाती है और समाज में शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहायक है।

?अतः कानून का ज्ञान व्यक्ति को जागरूक सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनाता है, कानून हमें अधिकारों के साथ ही कर्तव्यों की बात भी सिखाता है। कोविड की दूसरी लहर जिसमें कि हर व्यक्ति को ऑनलाइन स्टडीज, कॉन्फ्रेंस सुनने और एक ही जगह सीमित कर दिया गया था। उस समय का उपयोग मन में आया कि एलएलबी किया जाय, इसमें सर्वप्रथम मैंने केएनआई के प्राचार्य लॉ विभाग में कार्यरत हैं, उनसे मिला समझा पुस्तकों का संकलन और फॉर्म भरने के लिए राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय अयोध्या से ऑनलाइन क्लास की पढ़ाई करते हुए सोचा कि जिस सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण हो जाऊंगा वहीं से पढ़ाई छोड़ दूंगा। पढ़ाई और परीक्षा देते गए रेगुलर कोई बाधा नहीं आयी।

?अधिकतर मेरी पढ़ाई यूट्यूब से हुई, मोटी किताबें पढ़ना छोड़ दिया एल एल बी की, परीक्षा पास करने के बाद मन में था कि एआईबीई की परीक्षा पास करनी है।

जो कि नवंबर में हुई 30 नवंबर 2025, यह मेरी पहली परीक्षा थी जो कि किताबों के साथ हुई। 30 नवंबर पढ़ते समय इऋ्रक की तैयारी के समय यूट्यूब पर बहुत से लोगों ने वीडियो बनाया हुआ पढ़ा, कि कैसे पास कर सकते है प्रश्न निश्चित रूप से सरल नहीं थे (इतने कठिन भी नहीं थे) रणनीतिक मैंने शुरू में जो सही से मुझे प्रश्न आते थे उनको कोशिश करते हुए अपनी उत्तर पुस्तिका साथ-साथ भरा। फिर जो प्रश्न पतली पुस्तकों में थे उनको किया और अंत में निरीक्षक जो परीक्षा हाल में रक्षक कर रहे थे बोले की माइनस मार्किंग नहीं है। फिर सारे शत-प्रतिशत प्रश्न प्रयास किया और परीक्षा पूरी करके बैठ गया ए आई बी ई के परीक्षाफल का इंतजार करता रहा, जो की 30 नवंबर 2025 को हुई थी। 07 जनवरी 2026 को परीक्षाफल आ गया और लगभग 02 लाख 69 हजार के आसपास परीक्षार्थी थे और 69.1% रिजल्ट आया उसमें से मैं भी पास हुआ।

## बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर सख्ती

सुल्तानपुर। परिवहन विभाग ने मोटर वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया है। विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिन वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट या थर्ड रजिस्ट्रेशन मार्क नहीं लगा होगा, उन पर किसी भी प्रकार की परिवहन संबंधी कार्यवाही नहीं की जाएगी। बिना वाले वाहनों के लिए स्वास्थ्यता प्रमाण पत्र, पंजीयन प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति, स्वामित्व अंतरण, पता परिवर्तन, पंजीयन नवीनीकरण, अनापत्ति प्रमाण पत्र, हाइपोथिकेशन पृष्ठांकन अथवा निरस्तीकरण, नया परमिट, परमिट की द्वितीय प्रति, परमिट नवीनीकरण, अस्थायी परमिट, विशेष परमिट, नेशनल परमिट सहित बीमा एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र के अद्यतन जैसे किसी भी कार्य को स्वीकृति नहीं दी जाएगी। परिवहन विभाग ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि सभी वाहन स्वामियों को अनिवार्य रूप से अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगवानी होगी। इसके साथ ही चेतावनी दी गई है ।

## समाजवादी महिला सभा विधानसभा अध्यक्ष पिंकी पाल ने उपजिलाधिकारी कलीनगर को सौंपा ज्ञापन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। वाराणसी काशी उत्तर प्रदेश स्थित मणिकर्णिका घाट पर लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर द्वारा निर्मित ऐतिहासिक घाट एवं उनकी प्रतिमा को क्षति पहुँचाए जाने की घटना के संबंध में आज विधिसम्मत एवं लोकतांत्रिक तरीके से उपजिलाधिकारी महोदय को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। पिंकी पाल विधानसभा अध्यक्ष,प्रमोद पाल,मनोज पाल,दन्ब अमित पाल,नरेश पाल,सुशील पाल,सुमित पाल,मुनीश पाल,हर्षित पाल ,दीपक पाल,सोनू पाल,अजय पाल,हरिराम पाल,राकेश पाल, कई लोग मौजूद रहे।

## घाटमपुर सहित अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल, जिला अस्पताल रेफर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। पहला हादसा शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे हुआ, जब घुंघचिहाई निवासी कपूर सिंह बाइक से किसी काम से पूरनपुर आ रहे थे। घाटमपुर के पास एक बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरे हादसे में सबलपुर निवासी अमित घायल हो गए, जिन्हें भी उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं तीसरे सड़क हादसे में ओमवीर निवासी मुजफ्फरनगर घायल हो गए और प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## पंचायत भवन में प्रधान ने लगवाया निशुल्क दवा वितरण कैंप लखनऊ से पहुंचे चिकित्सक

पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला के युवा प्रधान विवेकानंद सरकार ने गांव में स्थित पंचायत भवन में निशुल्क दवा वितरण कर लोगों को विभिन्न बीमारियों से छुटकारा दिलाने का काम किया है।इस निशुल्क दवा वितरण कैंप में प्रदेश की राजधानी लखनऊ से अनुभवी डॉक्टरो की टीम उपस्थिति रही हैं। टीम ने ग्राम प्रधान द्वारा आयोजित इस निशुल्क कैंप में आने वाले ग्रामीणों को संतोषजनक देखकर संबंधित बीमारी के इलाज के लिए सलाह दी और दवाई वितरण की है। ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार द्वारा इस निशुल्क दवा वितरण कैंप की ग्रामीणों ने काफी सराहना की है।

## मनोविज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा 11 को

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ?मनोविज्ञान विषय के बीए प्रथम , तृतीय व पंचम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा ग्यारह फरवरी को होगी ।

यह जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि सभी विद्यार्थी अपने प्रवेश पत्र, रिकार्ड फाइल एवं अन्य आवश्यक सामग्री के साथ सुबह साढ़े नौ बजे तक महाविद्यालय आ जायें। प्रयोगात्मक परीक्षा छूट जाने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी विद्यार्थियों की स्वयं होगी ।

## 15 फरवरी तक चलेगा मध्यस्थता अभियान 2.0

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर तथा जनपद न्यायाधीश के मार्गदर्शन में जनपद सुलतानपुर में मध्यस्थता अभियान 2.0 संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 01 फरवरी से 15 फरवरी 2026 तक चलेगा, जिसके अंतर्गत न्यायालयों में लंबित मामलों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से कराया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुलतानपुर के सचिव मुक्ता त्यागी ने बताया कि अभियान के तहत मध्यस्थता योग्य वादों को चिन्हित कर संबंधित पक्षकारों को संदर्भित किया जा रहा है। जनपद की समस्त न्यायालयों एवं बाह्य न्यायालयों से भी ऐसे मामलों को मध्यस्थता के लिए भेजे जाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक मामलों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान हो सके।

सचिव ने बताया कि अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे आम जनमानस अधिक से अधिक लाभ उठा सके। जनपद न्यायाधीश सुलतानपुर के निर्देश पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद सुलतानपुर में स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विधिक सेवा शिविर का आयोजन कर वृद्धजनों को उनके अधिकारों, सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं, नि:शुल्क विधिक सहायता तथा अन्य विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

## राष्ट्रीय कथावाचक साध्वी सरस्वती पूरनपुर पहुंचीं:विराट हिंदू सम्मेलन में हिंदुओं को जगाने पर जोर

पूरनपुर **कैनविज टाइम्स संवाददाता**। पूरनपुर के सिरसा चौराहा स्थित मैदान में शुक्रवार प्रातः10 बजे विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया इसमें राष्ट्रीय कथावाचक साध्वी सरस्वती देवी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुईं विधायक बाबूराम पासवान, चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता और संघ के स्वयंसेवक विभाग प्रचारक सहित कई अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी इस आयोजन में उपस्थित थीं कथावाचक सरस्वती ने विराट हिंदू सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है और इसी के तहत ये हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं इन आयोजनों का मुख्य लक्ष्य हिंदुओं को जागृत करना और उन्हें राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्यों से अवगत कराना है हिंदुओं को आपस में बंटना नहीं चाहिए, हालांकि कुछ लोग उन्हें बांटने का प्रयास कर रहे हैं उन्होंने जोर दिया कि निर्णय, सरकार या जनता गलत हो सकती है, लेकिन सही समय पर सभी चीजों में सुधार आवश्यक है आज की हिंदू समाज की प्रत्येक माता-बहन को आत्मरक्षा के लिए तैयार रहना होगा उन्होंने कहा कि खाना बनाना याद हो या न हो, मेकअप करना आए या न आए, लेकिन तलवार चलाना हर स्त्री को अवश्य आना चाहिए साध्वी सरस्वती ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस तरह पुरुषों के लिए शस्त्र चलाना आवश्यक माना जाता है, उसी तरह महिलाओं के लिए भी यह समय की मांग है हर स्त्री को शास्त्र और शस्त्र दोनों की शिक्षा मिलनी चाहिए, ताकि संकट या युद्ध की स्थिति में महिलाएं पीछे न रहें समाज और राष्ट्र की रक्षा में अग्रिम पंक्ति में खड़ी हों उक्त हिन्दू सम्मेलनों में न केवल मातृशक्ति सहित सकल हिन्दू समाज की उत्साहपूर्वक भागीदारी हो रही है बल्कि साधु एवं सन्त महात्माओं द्वारा भी खुले हृदय से आशीर्वचन प्रदान किए जा रहे हैं कुल मिलाकर इन हिन्दू सम्मेलनों की सकल हिन्दू समाज द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की जा रही है इन सम्मेलनों का आयोजन दरअसल सकल हिन्दू समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा मिलकर किया जा रहा है जिससे समाज के समस्त अंगों में आपस में भाईचारा पुष्ट हो रहा है छोटे छोटे आपसी मतभेद समाप्त हो रहे हैं एवं विशेष रूप से युवा नागरिकों को हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों से अवगत होने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है इन हिन्दू सम्मेलनों के आयोजन का उद्देश्य भी सनातन संस्कृति, सनातन धर्म और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना है, जिसकी प्राप्ति होती हुई दिख रही है आज हिंदुत्व यदि सशक्त होता है तो यह न केवल भारत के लिए बल्कि पूरे विश्व के हित में होगा क्योंकि आज विश्व के विभिन्न देशों में फैली अशांति को दूर करने में केवल सनातन हिंदू संस्कृति ही सक्षम दिखाई दे रही है और इस विषय को विभिन्न देशों में फैले भारतीय मूल के नागरिकों के माध्यम से विकसित एवं अन्य देशों के नागरिक भलीभांति समझने लगे हैं क्योंकि इन देशों में निवासरत भारतीय मूल के नागरिक सनातन हिंदू संस्कृति के संस्कारों का अनुपालन करते हुए दिखाई देते हैं जिनमें ल्वसुधैव कुटुम्बकम का भाव दिखाई देता है इन देशों में समस्त भारतीय मूल के नागरिक शांतिपूर्वक अपना जीवन यापन करते हैं ।

# सेवा संघ ने 453 जरूरतमंदों को कराया नि:शुल्क भोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले के अग्रणी सामाजिक संगठन राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा बृहस्पतिवार देर रात स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जिला चिकित्सालय तथा रेलवे स्टेशन परिसर में नि:शुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मरीजों, उनके तीमारदारों, यात्रियों एवं अन्य जरूरतमंदों सहित कुल 453 लोगों को गरम ताज़ा भोजन उपलब्ध कराया गया।



कार्यक्रम का आयोजन संगठन के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के नेतृत्व में संपन्न हुआ। रेलवे स्टेशन परिसर में वरिष्ठ टिकट निरीक्षक अभिषेक अवस्थी ने जरूरतमंद को भोजन की थाली प्रदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

संगठन के सदस्य निजाम खान ने बताया कि स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन की थाली में अरहर की दाल, मौसमी सब्जी, रोटी और चावल शामिल रहे। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय परिसर में 290 तथा रेलवे स्टेशन परिसर में 163 लोगों को भोजन वितरित किया गया। भोजन वितरण कार्यक्रम में नफीसा बानो, हाजी फैज उल्लाह अंसारी, सरदार गुरुप्रीत सिंह, अब्दुल वदूद (मिलियन टेलर), लईक अहमद, राकेश कुमार शुक्ला, इश्तियाक अहमद, सूफियान खान, यूसुफ पठान, बैजनाथ प्रजापति, माता प्रसाद जायसवाल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सम्पादकीय

# ममता बनर्जी का आसमान में सुराख करने का इरादा

न्यायालय में उपस्थित हुईं और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर में हो रही गड़बड़ियों के खिलाफ अपनी दलीलें पेश कीं। देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब किसी मुख्यमंत्री ने वकील की भूमिका भी निभाई है। सबसे खास बात यह कि ममता बनर्जी अपना या अपनी पार्टी का पक्ष रखने शीर्ष अदालत में प्रस्तुत नहीं हुईं बल्कि उन लाखों कमजोर लोगों का पक्ष रखने के लिए सामने आईं, जो एसआईआर से पीड़ित हैं, जिनके मताधिकार पर सरकारी कार्रवाई का चाबुक चला है। संक्षेप में कहें तो ममता बनर्जी लोकतंत्र को बचाने के लिए मुख्यमंत्री होते हुए भी वकील की भूमिका में आईं। अदालत में अपनी दलीलों को पेश करने के बाद आखिरी में माननीय न्यायाधीशों से उन्होंने यही कहा कि लोकतंत्र बचा लीजिए। गौरतलब है कि एसआईआर को लेकर देश भर में गरीब और कमजोर लोग चिंतित हैं कि उनका नाम कहीं मतदाता सूची से कट न जाए। पांच साल में एक दिन उन्हें मिलता है जब उन्हें उसी कतार में खड़े होने का मौका मिलता है, जिस कतार में समाज का धनाढ्य और प्रभावशाली तबका भी लगता है। वोट देने का अधिकार अमीर और गरीब हरेक के पास एक जैसा है। लेकिन एसआईआर के कारण इस अधिकार पर बड़ी चोट पड़ चुकी है। भाजपा और चुनाव आयोग जिसे धार्मिक शब्दावली की तरह मतदाता सूची का शुद्धिकरण कहते हैं, वह असल में अन्याय और असमानता को बढ़ावा देने वाला है। पिछले साल जून में सबसे पहले बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया शुरु हुई थी, जिसका व्यापक और तार्किक विरोध विपक्ष ने किया था। बिहार में इस पर महागठबंधन ने वोटर बचाओ यात्रा भी निकाली थी, जिसे बड़े पैमाने पर समर्थन मिला था। इस मामले में अदालत में याचिकाएं दाखिल हुईं। कायदे से ऐसे में एसआईआर को रोक कर फैसले का इंतजार किया जाना चाहिए था। लेकिन बिहार में यह पूरी भी हुई और करोड़ों नाम वोटर लिस्ट से कटे, उसके बाद चुनाव हुए और नतीजा सबके सामने है। जिन घुसपैठियों के नाम पर एसआईआर को तत्काल कराने की जरूरत बताई गई, उस पर अब सत्ता पक्ष या चुनाव आयोग कुछ नहीं कहता कि कितने विदेशी नागरिक बिहार में वोटर लिस्ट में थे। अब घुसपैठियों का यही लचर तर्क प.बंगाल में दिया जा रहा है। यहां तो अर्मत्य सेन जैसे प्रतिष्ठित नागरिक तक को चुनाव आयोग ने नोटिस भेज दिया, तो आम गरीब आदमी की बिसात ही क्या है। इसलिए ममता बनर्जी को बुधवार को अदालत में कहना पड़ा कि न्याय बंद दरवाजे के पीछे रो रहा है। बता दें कि भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के समक्ष ममता बनर्जी अपने वकीलों के साथ कोर्ट रूम नंबर एक में मौजूद रहीं। मंगलवार को मुख्यमंत्री बनर्जी के नाम पर एक गेट पास जारी किया गया था। मोस्तारी बानू और टीएमसी सांसदों डेरेक ओ श्ब्रायन और डोला सेन की दायर याचिकाओं पर सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने सुनवाई की। जिनमें ममता बनर्जी ने अपनी दलील पेश की। सुश्री बनर्जी ने अपनी बात रखने की इजाजत मांगी। उन्होंने कहा, श्सर, मुझे सिर्फ 5 मिनट दें।श सीजेआई ने कहा कि 15 मिनट लीजिए। फिर ममता बनर्जी ने भावुक होकर कहा, श्न्याय बंद कमरों के पीछे रो रहा है। हम कहीं से न्याय नहीं पा रहे। मैंने चुनाव आयोग को 6 बार पत्र लिखा, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।श ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग बंगाल को निशाना बना रहा है। उन्होंने कहा, श्यह चुनाव आयोग नहीं, व्हाट्सएप कमीशन है। एसआईआर को सिर्फ नाम हटाने का हथियार बनाया जा रहा है, न कि सही जांच का।

# डराने लगी है ऑनलाइन गेमिंग की लत एवं आभासी दुनिया

गेमिंग की दुनिया बच्चों को तात्कालिक रोमांच, आभासी जीत और काल्पनिक पहचान देती है, लेकिन धीरे-धीरे वही दुनिया उन्हें वास्तविक जीवन से काट देती है। परिवार, मित्र, पढ़ाई, प्रकृति, खेल और संवाद-सब कुछ पीछे छूटने लगता है। गाजियाबाद की तीनों बहनों का यह कदम इसी कटाव का चरम और भयावह परिणाम है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अत्यधिक ऑनलाइन गेमिंग बच्चों के मस्तिष्क में आवेग नियंत्रण को कमजोर करती है। जोखिम का आकलन करने की क्षमता घटती है और भावनात्मक अस्थिरता बढ़ती है। हार, असफलता या गेम से वंचित किए जाने की स्थिति में अवसाद, क्रोध और निराशा गहराने लगती है। कई बार बच्चे आत्महत्या जैसे चरम कदम को भी एक 'गेम ओवर' की तरह देखने लगते हैं। यह सोच अपने आप में अत्यंत खतरनाक है। आत्महत्या की प्रवृत्ति का बढ़ना केवल मानसिक स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक चुनौती है, जो हमारी परवरिश, हमारी प्राथमिकताओं और हमारी नीतियों पर सवाल उठाती है।

ऑनलाइन गेमिंग की लत एवं आभासी दुनिया कितनी भयावह एवं घातक हो सकती है, इसकी एक ही दिन में दो अलग-अलग जगह घटी घटनाओं ने न केवल झकझोरा है, बल्कि यह हमारे समय, हमारी सामाजिक संरचना और हमारी सामूहिक असावधानी पर लगा हुआ एक गहरा प्रश्नचिह्न बना है। धीरे-धीरे किशोरवय को अपने चपेट में लेने वाली यह प्रवृत्ति कितनी हृदयविदारक हो सकती है, उसका उदाहरण बुधवार को घटी ये दो भयावह घटनाएं हैं। एक हृदयविदारक घटना में गाजियाबाद की तीन अल्पवयस्क बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में 12, 14 और 16 साल की तीन सुकोमल बहनें असमय काल-कवलित हो गईं। ऑनलाइन कोरियन गेम की दीवानी बहनें कोरिया में जाकर बसने और वहीं नया जीवन शुरू करने का सपना देखती थीं। घर वालों ने जब उनकी ऑनलाइन सनक से परेशान होकर उनसे मोबाइल छीन लिए, तो वे तनाव व अवसाद में घिर गई। फिर तीनों बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। ऐसी ही घटना हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में भी घटी जहां एक पंद्रह वर्षीय किशोर ने ऑनलाइन गेम के अपने एक विदेशी साथी के बिछुड़ने के गम में घर में आत्महत्या कर ली। किशोर दसवीं का छात्र था। इन घटनाओं ने समाज को स्तब्ध ही नहीं किया, बल्कि भीतर तक गहरा घाव दिया है। यह कोई आकस्मिक या अलग-थलग घटना नहीं है। इससे पहले झाबुआ, भोपाल और देश के अन्य हिस्सों में सामने आई ऐसी घटनाएं यह संकेत देती हैं कि आभासी दुनिया किस तरह वास्तविक जीवन पर हावी होती जा रही है और हम अनजाने में एक ऐसे समाज का निर्माण कर रहे हैं जहां संवेदनाएं, संवाद और जीवन-मूल्य स्क्रीन के पीछे दम तोड़ते जा रहे हैं। ऑनलाइन गेमिंग अपने आप में अपराध नहीं है, न ही तकनीक शत्रु है, लेकिन जब यह बच्चों और किशोरों के लिए लत बन जाए, तो यह एक धीमा जहर बन जाती है। यह जहर चुपचाप बच्चों के मस्तिष्क में प्रवेश करता है, उनकी सोच, उनकी भावनात्मक संरचना और उनके निर्णय लेने की क्षमता को विकृत करता है। गेमिंग की दुनिया बच्चों को तात्कालिक रोमांच, आभासी जीत और काल्पनिक पहचान देती है, लेकिन धीरे-धीरे वही दुनिया उन्हें वास्तविक जीवन से काट देती है। परिवार, मित्र, पढ़ाई, प्रकृति, खेल और संवाद-सब कुछ पीछे छूटने लगता है। गाजियाबाद की तीनों बहनों का यह कदम इसी कटाव का चरम और भयावह परिणाम है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अत्यधिक ऑनलाइन गेमिंग बच्चों के मस्तिष्क में आवेग नियंत्रण को कमजोर करती है। जोखिम का आकलन करने की क्षमता घटती है और भावनात्मक अस्थिरता बढ़ती है। हार, असफलता या गेम से वंचित किए जाने की स्थिति में अवसाद, क्रोध और निराशा गहराने लगती है। कई बार बच्चे आत्महत्या जैसे चरम कदम को भी एक 'गेम ओवर' की तरह देखने लगते हैं। यह सोच अपने आप में अत्यंत खतरनाक है। आत्महत्या की प्रवृत्ति का बढ़ना केवल मानसिक स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक चुनौती है, जो हमारी परवरिश, हमारी प्राथमिकताओं और हमारी नीतियों पर सवाल उठाती है। आज के परिवारों में माता-पिता की व्यस्तता, एकल परिवारों की बढ़ती संख्या और संवाद की कमी ने बच्चों को अकेलेपन की ओर धकेला है। स्मार्टफोन कई घरों में बच्चों की चुप्पी खरीदने का सबसे आसान साधन बन गया है। रोता बच्चा हो, जिद करता बच्चा हो या समय न देने की मजबूरी-मोबाइल फोन एक त्वरित समाधान बन चुका है। लेकिन यही समाधान आगे चलकर सबसे बड़ी समस्या बन जाता है। हम यह भूल जाते हैं कि बच्चा केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि मार्गदर्शन, स्नेह और समय चाहता है। जब यह सब उसे स्क्रीन से मिलने लगता है, तो परिवार की भूमिका स्वतः कमजोर हो जाती है। यह भी एक कठोर सत्य है कि कई माता-पिता स्वयं डिजिटल लत के शिकार हैं। ऐसे में बच्चों को रोकने का नैतिक और व्यवहारिक अधिकार भी कमजोर पड़ जाता है। हम बच्चों से अपेक्षा करते हैं कि वे मोबाइल कम चलाएं, जबकि हमारे अपने हाथों में हर समय फोन रहता है। यह दोहरा व्यवहार बच्चों के मन में भ्रम और विद्रोह दोनों पैदा करता है। इसलिए समस्या का समाधान केवल बच्चों पर नियंत्रण नहीं, बल्कि पूरे पारिवारिक वातावरण में संतुलन लाने से जुड़ा है। सरकार और समाज की भूमिका भी इस संकट में कम महत्वपूर्ण नहीं है। ऑनलाइन गेमिंग उद्योग तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन उसके सामाजिक प्रभावों पर पर्याप्त नियंत्रण और निगरानी का अभाव है। कई गेम्स में हिंसा, आक्रामकता और जोखिम भरे व्यवहार को सामान्य और रोमांचक रूप में प्रस्तुत किया जाता है। बच्चों के लिए आयु-उपयुक्त सामग्री, समय-सीमा और चेतावनी संकेतों को सख्ती से लागू करना अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुका है। सरकार को चाहिए कि वह ऑनलाइन गेमिंग और डिजिटल कंटेंट के लिए स्पष्ट और कठोर नियामक ढाँचा विकसित करे, जिसमें बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि हो। विद्यालयों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रह सकती। डिजिटल साक्षरता, मानसिक स्वास्थ्य और जीवन-कौशल को शिक्षा का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए। बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि तकनीक का उपयोग कैसे किया जाए, न कि तकनीक के गुलाम कैसे बना जाए। शिक्षकों को भी बच्चों के व्यवहार में होने वाले बदलावों, अकेलेपन, चिड़चिड़ेपन और अचानक गिरते शैक्षणिक प्रदर्शन जैसे संकेतों को गंभीरता से लेना होगा। मनोवैज्ञानिक सहायता को लेकर समाज में जो झिझक और संकोच है, उसे भी तोड़ना होगा। मानसिक स्वास्थ्य को कमजोरी नहीं, बल्कि स्वास्थ्य का अभिन्न अंग माना जाना चाहिए। यदि किसी बच्चे में अवसाद, अत्यधिक चुप्पी, आक्रामकता या आत्मघाती विचारों के संकेत दिखें, तो समय रहते विशेषज्ञ की मदद लेना अत्यंत आवश्यक है। देर करना कई बार अपूरणीय क्षति में बदल जाता है। निस्संदेह, ये आत्मघात की घटनाएं, ऑनलाइन गतिविधियों के अतिरेक से मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभाव को लेकर गंभीर सवालों को जन्म देती हैं। निश्चित रूप से आत्मघात की ये घटनाएं हमारे नीति-नियंताओं और अभिभावकों को आसन्न संकट के प्रति सचेत करती हैं। दरअसल,ये दुखद घटनाएं एक घातक प्रवृत्ति को ही उजागर करती हैं कि गेमिंग और डिजिटल संपर्क लाखों युवाओं को आभासी समुदाय और मनोरंजन तो प्रदान कर सकते हैं, लेकिन साथ ही ये भावनात्मक कमजोरियों,सामाजिक अलगाव और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों की पूर्ति न होने जैसी समस्याओं को भी जन्म दे सकते हैं। हालांकि, वहीं दूसरी ओर समाज विज्ञानी इस बात पर भी बल देते हैं कि केवल गेमिंग या ऑनलाइन मित्रता ही आत्महत्या का कारण नहीं बन सकती हैं। निस्संदेह, आत्महत्या एक जटिल और बहुआयामी घटना है। लेकिन समस्याग्रस्त डिजिटल जुड़ाव, विशेष रूप से जब यह ऑफलाइन जीवन से अलगाव, बाधित शिक्षा और तीव्र भावनात्मक तनाव के साथ होता है तो संवेदनशील युवा मन में परेशानी को और बढ़ा सकता है। गाजियाबाद की यह घटना हमें यह भी सोचने पर मजबूर करती है कि हमने बच्चों के लिए कैसी दुनिया बनाई है। क्या हमने उन्हें संवाद दिया, या केवल उपकरण थमा दिए? क्या हमने उन्हें संस्कार दिए, या केवल सुविधाएं? क्या हमने उन्हें सुनने का समय दिया, या केवल आदेश? यह आत्ममंथन केवल पीड़ित परिवारों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि पूरे समाज को अपने भीतर झांककर देखना होगा। यह घटना एक चेतावनी है, एक टर्निंग पॉइंट है। यदि अब भी हमने इसे एक सामान्य समाचार की तरह भुला दिया, तो भविष्य में ऐसी घटनाएं और बढ़ेंगी। समाज को, सरकार को और प्रत्येक परिवार को मिलकर कड़े और संवेदनशील कदम उठाने होंगे। तकनीक को नकारना समाधान नहीं है, लेकिन उसे बिना नियंत्रण स्वीकार करना भी आत्मघाती है। संतुलन, संवाद और सहभागिता ही बच्चों की सुरक्षा का वास्तविक आधार हैं। गाजियाबाद की तीनों बहनों हो या कूल्लु के किशोर की असमय मृत्यु हमें यह याद दिलाती है कि अगर हमने अभी नहीं संभला, तो यह इलेक्ट्रॉनिक खतरा हमारे घरों, हमारे भविष्य और हमारी संवेदनाओं को निगलता चला जाएगा। यह समय है जागने का, सोचने का और ठोस कदम उठाने का-क्योंकि यह सवाल केवल तकनीक का नहीं, बल्कि जीवन का है। **– ललित गर्ग**

# डिजिटल डेथ ट्रैपः मासूमों की जान लेता गेम संचालकों का कुत्सित व्यापार

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

गाजियाबाद में फरवरी 2026 की वह हृदयविदारक घटना, जिसमें तीन सगी बहनों ने कथित तौर पर एक कोरियन टास्क-बेस्ड गेम के प्रभाव में आकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली, इस खतरे की भयावहता का जीवंत प्रमाण है।

आज के दौर में स्मार्टफोन केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि एक ऐसा प्रवेश द्वार बन चुका है जिसके दूसरी ओर अंधेरी गलियां भी हैं। गाजियाबाद में फरवरी 2026 की वह हृदयविदारक घटना, जिसमें तीन सगी बहनों ने कथित तौर पर एक कोरियन टास्क-बेस्ड गेम के प्रभाव में आकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली, इस खतरे की भयावहता का जीवंत प्रमाण है। इस तरह के डिजिटल मोबाइल खेल अब केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहे, बल्कि एक सुसंगत वैश्विक 'डार्क इकोनॉमी' और मनोवैज्ञानिक युद्ध का हिस्सा बन चुके हैं। इन घातक खेलों की दुनिया को समझने के लिए इनके फैलाव और इनकी प्रकृति का विश्लेषण आवश्यक है। रूस से शुरू हुआ 'ब्लू व्हेल चैलेंज' इस श्रृंखला का सबसे कुख्यात नाम रहा है, जिसमें मुख्य रूप से 'VKontakte' और इंस्टाग्राम जैसे सोशल प्लेटफॉर्म्स का सहारा लेकर किशोरों को 50 दिनों के आत्मघाती जाल में फंसाया जाता था। इसके बाद व्हाट्सएप और यूट्यूब के माध्यम से जापान और मेक्सिको की जड़ों से निकले 'मोमो चैलेंज' ने दस्तक दी, जो डरावनी कॉल्स और ब्लैकमेलिंग के जरिए बच्चों को मानसिक आघात पहुँचाता रहा। वर्तमान में, के-पॉप संस्कृति की लोकप्रियता का फायदा उठाकर कुछ अज्ञात स्त्रोतों से 'कोरियन लव या टास्क गेम्स' संचालित हो रहे हैं, जो चैटबॉट्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए आई) के जरिए बच्चों से भावनात्मक जुड़ाव बनाकर उन्हें अंतिम आत्मघाती कदम उठाने के लिए उकसाते हैं। सिंगापुर और चीन जैसे देशों से संचालित होने वाले 'फ्री फायर' जैसे आधिकारिक बैटल गेम्स भी अपनी अत्यधिक लत और वित्तीय नुकसान के कारण बच्चों में अवसाद और आत्महत्या का कारण बन रहे हैं। इन खेलों के पीछे का आर्थिक ढांचा अत्यंत भयावह है। अक्सर यह प्रश्न उठता है कि किसी बच्चे की जान लेने से किसी को क्या आर्थिक लाभ हो सकता है, लेकिन इसका उत्तर 'डार्क वेब' की काली दुनिया में छिपा है। गेम के संचालक, जिन्हें अक्सर 'क्यूरेटर' कहा जाता है, शुरुआती टास्क के दौरान ही बच्चों से उनकी निजी तस्वीरें, वीडियो और परिवार की बैंकिंग जानकारी हासिल कर लेते हैं। अंत में, इसी डेटा का उपयोग फिरौती वसूलने या बच्चे को अंतिम टास्क (आत्महत्या) के लिए मजबूर करने के लिए किया जाता है ताकि वह अपनी गोपनीयता बचा सके। इससे भी वीभत्स पहलू डार्क वेब पर होने वाली सट्टेबाजी है, जहाँ दुनिया भर के विकृत मानसिकता वाले लोग इन टास्क्स के पूरा होने पर 'बिटकॉइन' जैसी क्रिप्टोकरेंसी में सट्टे के दांव लगाते हैं। मनोवैज्ञानिक रूप से ये खेल बच्चे को पूरी तरह से दुनिया से काट देते हैं। संचालक बच्चे के मन में यह विश्वास भर देते हैं कि टास्क पूरा न करना कायरता है और मृत्यु ही उसे एक विशेष 'डिजिटल पहचान' दिलाएगी। अभिभावकों के लिए यह अनिवार्य है कि वे तकनीक के इस स्याह पक्ष को पहचानें। जब बच्चा अचानक एकांतप्रिय हो जाए, रात के समय जागने लगे या इंटरनेट के उपयोग को लेकर जरूरत से ज्यादा गोपनीयता बरतने लगे, तो इसे खतरे की घंटी समझना चाहिए। तकनीक की प्रगति जब मानवता की बलि लेने लगे, तो उसे प्रगति नहीं, विनाश समझना चाहिए। माता-पिता की जागरूकता और बच्चों के साथ खुला संवाद ही वह एकमात्र 'फायरवॉल' है जिसे कोई भी डिजिटल शिकारी भेद नहीं सकता। यूएनओ तथा सरकारों को ऐसे गेम्स रोकने के लिए वैश्विक स्तर पर समझौते करने की भी आवश्यकता स्पष्ट है।

## सेहत मंत्र

# सेहत के लिए फायदेमंद है अदरक-नींबू की चाय

बहुत से घरों में सुबह की शुरूआत चाय के साथ ही होती है। माना जाता है कि चाय सेहत के लिए अच्छी नहीं होती, पर यह पूरी तरह सच नहीं है। अदरक-नींबू की चाय सेहत को कई तरह के लाभ प्रदान करती ह। अदरक-नींबू की चाय का सेवन करने का एक लाभ यह है कि यह बढ़ते वजन पर लगाम लगाता है। दरअसल, जब आप इसका सेवन करते हैं तो अदरक के कारण आपको अतिरिक्त भूख नहीं लगती, वहीं दूसरी ओर, नींबू इंसुलिन प्रतिरोध क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ शरीर में फैट की मात्रा को भी कम करता है। इन दोनों का एक साथ सेवन करने पर व्यक्ति को मेलाबॉलिज्म बेहतर तरीके से काम करता है, जिससे वजन कम करने में सहायता मिलती है। अगर आप अपने दिमाग की कार्यक्षमता में वृद्धि करना चाहते हैं तो भी अदरक-नींबू की चाय आपके लिए फायदेमंद होगी। इसमें एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं। साथ ही इसके सेवन से याददाश्त मजबूत होती है और अल्जाइमर का खतरा भी कम होता है। कुछ लोगों की रोग-प्रतिरोधक क्षमता इतनी कमजोर होती है कि वह बहुत जल्द बीमार पड़ते है। लेकिन अगर आप नींबू-अदरक की चाय को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं तो यकीनन आपको बीमारियों से लड़ने की शक्ति मिलेगी। दरअसल, नींबू में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। साथ ही नींबू और अदरक दोनों संक्रमण से लड़ने में काफी प्रभावशाली होते हैं। इसलिए यह आपको कई तरह के संक्रमण से बचाते हैं।अदरक नींबू की चाय व्यक्ति के भीतर शारीरिक व मानसिक तनाव को कम करने में सहायक है, जिसके कारण व्यक्ति खुद को काफी रिलैक्स महसूस करता है। जिन लोगों को मूड स्विंग की समस्या रहती है। उन्हें नींबू-अदरक की चाय अवश्य पीनी चाहिए। इससे उनकी स्थिति में काफी सुधार होता है। अदरक और नींबू की चाय का सेवन एक दर्दनिवारक के रूप में भी किया जा सकता है। दरअसल, अदरक और नींबू दोनों में ही एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो विभिन्न प्रकार के दर्द को कम करने में मदद करते हैं। इसलिए अगर आप नियमित रूप से इसका सेवन करते हैं तो आपको माइग्रेन से लेकर मासिक धर्म में ऐंठन से संबंधित हर परेशानी से छुटकारा मिलेगा।

## धर्म मंत्र

# करणी माता मंदिर जहां चूहों को भोग लगाने से प्रसन्न होती है माता

भारत भर में कई अजीबो-गरीब मंदिर हैं। जहां पहुंचकर कई भक्तों की मुराद पूरी होती हैं और कई मंदिर पर अनोखे चमत्कार देखने को मिलते हैं। आज हम आपको राजस्थान के बीकानेर जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर देशनोक नामक कस्बे में स्थित करणी माताजी के मंदिर के बारे में बताने जा रहें हैं। इस मंदिर की अजीब बात यह हैं कि यहां माता को प्रसन्न करने हेतु चूहों को प्रसाद खिलानी पड़ती हैं और इन चूहों की संख्या 2 हजार से अधिक बताई जाती हैं। कहा जाता है कि यह चूहे करणी माता के परिवार के सदस्य हैं और इन चूहों की झूठी प्रसाद खाने से ही माता प्रसन्न होती हैं। बताया जाता हैं कि करणी माता बीकानेर राजघराने की कुलदेवी हैं और इन्हीं के आशीर्वाद से बीकानेर और जोधपुर अस्तित्व में आए हैं। राजस्थान में करणी माता का यह मंदिर चूहों के मंदिर के नाम से भी प्रसिद्ध हैं। इस मंदिर की ख्याति समूचे भारत में फैली हुई हैं। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालु को पैर घसीटते हुए जाना होता हैं। क्योंकि यहां चूहों की तादाद बड़ी संख्या में हैं। अगर पैर उठाकर चले तो चूहों को हानि पहुँचती हैं। मंदिर परिसर में चूहों द्वारा धमाचौकड़ी मचाना आम बात हैं। मंदिर में अधिकांश काले चूहें नजर आते हैं। लेकिन अगर सफ़ेद चूहा नजर आ जाए तो उसे पुण्य माना जाता हैं। यहां आने वाले भक्तों का कहना हैं कि अगर सफ़ेद चूहें को देखकर अगर कोई मनोकामना करते हैं तो वह जल्द ही पूरी हो जाती हैं।

## पर्यटन




# रहस्य, रोमांच और आश्चर्य की अनोखी दुनिया रामोजी फ़िल्म सिटी

दुनिया की सबसे बड़ी रामोजी फ़िल्म सिटी आठवें आश्चर्य से कम नहीं है। हैदराबाद स्थित इस अजूबे को देखने का अवसर कुछ समय पूर्व मुझे भी मिला तो यकीन नही हुआ क्या भारत की धरती पर ऐसा भी जादुई संसार है। आश्चयों से भरी एक मुक्कमल नगरी जिसका अपना अलग ही वजूद है। प्रकृति की सुंदरता और स्वच्छ वातावरण मन को मोह लेता है। हैदराबाद से कार से करीब पोन घंटे के सफर के बाद हमारे सामने थी सपनों की यह मायावी दुनिया। प्रवेश द्वार आकर्षक और भव्य है। टिकिट लेकर अंदर प्रवेश करने पर किंकर्तव्य विमूढ़ हो गए विशाल परिसर देख कर कि किधर से शुरू करें अपनी यात्रा। हमने वहां भ्रमण कराने वाली बस का सहारा लेना उचित समझा। फ़िल्म सिटी में रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, कोर्ट, अस्पताल, महल, मंदिर, चर्च, गुरुद्वारा, खेल का मैदान, जंगल, समुंदर, नदियाँ, शहर, गांव, सेंट्रल जेल, ईटीवी प्लेनेट, ताल, कृत्रिम जलप्रपात, शॉपिंग कॉपलेक्स, खूबसूरत इमारतें, देहाती दुनिया, स्लम, राजपथ,एशिया का सबसे बड़ा ऐडवेंचर पार्क, बच्चों का किड पार्क, ऊंची इमारतों वाली प्रिंसेस स्ट्रीट, इतिहास की घटनाओं को बताने वाली कृपालु केव्स, जैपनीज गार्डन, सन फाउंटेन गार्डन, बोरासोरा, सेंक्चुरीज गार्डन, एंजेलस फाउंटेन, बर्ड पार्क, मुगल गार्डन, आदि किसी आश्चर्य से कम नहीं थे। देख कर लगा पूरी फिल्म ही यहीं पर बन जाये, कहीं जाने की जरूरत ही नहीं। यहां फिल्मों के कुछ सेट प्राचीन राजा-महाराजाओं के किलों की याद दिलाते हैं तो कुछ देश में बॉलीवुड का दर्शन कराते हैं। भगवंत हॉल पर्यटकों के लिए आकर्षण का विशेष केंद्र हैं जिसका मैथोलोगिकल महत्व है जिसमें भगवान कृष्ण एवं दुर्योधन का दरबार आदि प्रमुख आकर्षण है। बोरसोरा का थ्रिल पार्क रोमांच एवं रहस्य का अनूठा संसार है। गाइड ने हमें बताया कि रामोजी फिल्म सिटी में फ़िल्म के पूर्व-निर्माण, निर्माण और पश्चात निर्माण की तमाम सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसमें 500 से ज्यादा सेट लोकेशन हैं।

# लापता वृद्धा का शव बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।चार दिनों से गायब महिला का शव नहर में मिला। शुक्रवार को सुबह शारदा सहायक नहर कसरैला झाल में एक महिला का शव उतराता देख कर ग्रामीणों में हलचल मच गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना बदोसरांय पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर उसकी पहचान कराई।शव की पहचान के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम चमारनपुरवा मजरे भवानीपुर ददरौली निवासी 75 वर्षीय महिला कल्पवती पत्नी स्वर्गीय कल्लू 2 जनवरी को दिन में करीब 1 बजे घर से दवा लेने के बहाने निकली थी। उसके बाद घर वापस नहीं लौटी थी। परिजनों ने उसकी दो दिनों तक संभावित स्थानों पर तलाश किया। काफी तलाश के बाद पता न चलने पर 4 फरवरी को बदोसरांय थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई। 6 फरवरी को सुबह पुलिस को नहर में महिला के शव की सूचना मिलने पर परिजनों को मौके पर बुलाया गया तो मृतका की पहचान कल्पवती पत्नी स्वर्गीय कल्लू निवासी ग्राम चमारन पुरवा भवानीपुर ददरौली के रुप में हुई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बदोसरांय अजीत विद्यार्थी उपनिरीक्षक सालिक राय आदि ने नहर से शव को बाहर निकलवा कर पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय पर भिजवा दिया है। इस सम्बन्ध में मृतका के पुत्र राजेश कुमार, राकेश कुमार, मुकेश कुमार ने बताया कि गायब होने के बाद से लगातार मां की तलाश की जा रही थी किन्तु कहीं पता नहीं चल रहा था। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार विद्यार्थी ने बताया कि महिला की पहचान के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# दुलहदेपुर में धार्मिक आयोजन सम्मिलित होने आएंगे सीएम योगी जी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी । दुल्हदेपुर में नौ फरवरी से 18 फरवरी 2026 तक आयोजित एक धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सम्मिलित होंगे।10 फरवरी को मुख्यमंत्री के आगमन के दृष्टिगत त

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने एक उच्च स्तरीय बैठक की।बैठक में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सूदन, अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस के सहित कई जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के आगमन और कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की।यह कार्यक्रम दुल्हदेपुर कुटी हड़ाहा स्थित श्री रामजानकी मंदिर बजरंग व्यायामशाला में आयोजित किया जा रहा है। इसका आयोजन अनंत विभूषित परम पूज्य हिन्द केशरी श्री सद्?गुरूदेव ब्रह्मलीन पहलवान महंत श्री श्री 1008 हरिशंकर दास जी महाराज की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है।मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ दुल्हदेपुर कुटी का दौरा भी किया। उन्होंने हेलीपैड, बैरिकेडिंग, पार्किंग और जनसभा स्थल का गहन निरीक्षण कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम 10 फरवरी को प्रस्तावित है। इसी के मद्देनजर अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने सभी विभागों को समयबद्ध तरीके से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं।कार्यक्रम की शुरुआत 9 फरवरी 2026, सोमवार को अखंड श्री रामनाम संकीर्तन से होगी। मुख्यमंत्री के आगमन वाले दिन, 10 फरवरी को रामार्चन महायज्ञ और श्री रामलीला मंचन का आयोजन किया जाएगा।इसके बाद, 11 फरवरी को विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। 12 फरवरी को वेदी पूजन के साथ निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन होगा, जबकि 13 फरवरी को निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। 14 फरवरी को वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह एवं वस्त्र वितरण कार्यक्रम निर्धारित है।महाशिवरात्रि के अवसर पर 15 फरवरी को सामूहिक महारुद्राभिषेक होगा। 16 फरवरी को पुनः श्री रामलीला मंचन और 17 फरवरी को सामूहिक पूर्णाहुति की जाएगी। कार्यक्रम का समापन 18 फरवरी को निःशुल्क सामूहिक कन्या विवाह और महाप्रसाद ग्रहण समारोह के साथ होगा।कार्यक्रम के आयोजक महंत बाबा बलराम दास ने बताया कि उनके निवेदन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस कार्यक्रम में आ रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## तेज हुई सियासी हलचल हाथी सवार हुए कोकब



फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद की सियासत में हलचल मच गई जब कुर्सी विधानसभा के एक कद्दावर सपा नेता ने साइकिल से उतरकर हाथी की सवारी कर ली।पूर्व प्रमुख निन्दूरा तालिम नजीब कोकब द्वारा समाजवादी पार्टी से किनारा करते हुए बसपा का दामन थाम लिया। श्री कोकब ने लखनऊ स्थित बसपा मुख्यालय में पार्टी प्रमुख बहन मायावती से मुलाकात के बाद यह निर्णय लिया।इस अवसर पर बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने तालिम नजीब को विधिवत पार्टी की सदस्यता दी।उनके बसपा में शामिल होने को जिले की राजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।इससे बसपा को संगठनात्मक मजबूती मिलने की उम्मीद है, जबकि समाजवादी पार्टी को क्षेत्र में बड़ा राजनीतिक नुकसान होने का आंकलन किया जा रहा है।तालिम नजीब लंबे समय से कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं और उनका मजबूत जनाधार भी है। उनके दल बदलने से आगामी चुनावों में राजनीतिक समीकरण बदलने की पूरी संभावना है। बसपा नेतृत्व का मानना है कि उनके जुड़ने से पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी और संगठन का विस्तार होगा। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के अनेक नेता गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी दिनेशचंद्र, अजय गौतम, फतेहपुर पूर्व प्रमुख राजेंद्र गौतम, डॉ. रंजीत और प्रमोद कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। इन सभी नेताओं ने तालिम नजीब का पार्टी में स्वागत करते हुए इसे बसपा के लिए एक अहम उपलब्धि बताया।


## सामूहिक विवाह में रिश्तों की डोर में बंधी चार कन्याएं

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत चिलौली स्थित शिव कुमारी शुक्ला इण्टर कालेज के प्रांगण में शुक्रवार को जय महाकाल नर नारायण सेवार्थ ट्रस्ट द्वारा सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया जिसमें चार जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चारण और हिंदू रीति-रिवाजों के साथ एक दूसरे को जीवनसाथी के रूप में स्वीकार किया।सेवार्थ ट्रस्ट का उददेश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग प्रदान करना और समाज में सादगीपूर्ण विवाह की परंपरा को बढ़ावा देना है।कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ जिसके बाद विद्वान पंडितों द्वारा विधि विधान से विवाह संस्कार संपन्न कराया गया।आयोजक द्वारा सभी नवविवाहित जोड़ों को आवश्यक गृहस्थी सामग्री, वस्त्र और आशीर्वाद स्वरूप उपहार भेंट किया गया।सामूहिक विवाह समारोह के मुख्य अतिथि बाबूगंज सगरा के पीठाधीश्वर शिव योगी मौनी महराज ने कहा कि सामूहिक विवाह से समाज में आपसी भाईचारा बढ़ता है और अनावश्यक खर्चों पर रोक लगती है।समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और नवदम्पत्तियों को शुभकामनाएं दी। सामूहिक विवाह समारोह के आयोजक देवेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि ग्राम पंचायत की चार अति गरीब कन्याओं का विवाह जय महाकाल नर नारायण सेवार्थ ट्रस्ट के संरक्षक बाबूगंज सगरा के पीठाधीश्वर शिव योगी मौनी महाराज के सानिध्य में कराया गया।इस मौके पर भाजपा नेता राकेश त्रिपाठी, तेज नारायण मिश्रा,शिवाकांत त्रिपाठी,राम प्रसाद मिश्र, राज कुमार तिवारी,सियाराम दत्त मिश्रा,श्रीकांत त्रिपाठी, गौरव तिवारी,मयंक शुक्ला, रमन शर्मा,अशोक कुमार, रमाकांत शर्मा सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# भाकियू के रक्तदान अभियान में जुटे लोग

## रक्तदान सबसे महत्वपूर्ण एवं पुण्य का काम : राजीव कुमार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन हरपाल गुट भारतीय किसान संगठन के संयुक्त रूप से रक्तदान का कार्यक्रम जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजीव कुमार कुलश्रेष्ठ ने फीता काटकर शुभारंभ किया जिसमें आरपीएफ प्रभारी कपिल चौहान ब्लॉक अध्यक्ष मनोज कुमार गौतम चौबे गौतम विकास कुरील रामराज यादव पांच कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर महादानी बने राजीव कुमार ने कहा की बहुत ही सराहनीय कार्य है किसानों का एक तरफ देश का पेट भरते हैं और रक्तदान कर लोगों को जान बचाने का कार्य करते हैं जिसकी जितनी सराहना की जाए कम है जिला अध्यक्ष विक्रांत सैनी ने बताया कि रक्तदान करने के लिए लोगों को आगे आना चाहिए जिससे गरीब मजदूर गर्भवती महिलाओं की जान बचाई जा सके इससे बड़ा पुण्य का और कोई कार्य नहीं हो सकता है मानव जीवन का यही धर्म है कार्यक्रम में उपस्थित जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी जिलाध्यक्ष के के गुड्डू यादव प्रदेश अध्यक्ष लालजी यादव जिला महासचिव अरविंद यादव मंडल अध्यक्ष सतीश मौर्य राजू खान चंद्रभान मनोज कुमार मुनीम चंद्र राकेश कुमार मोहित कुमार राघवेंद्र नरेंद्र यादव शहाबुद्दीन अंसारी आदि लोग उपस्थित ।

# डीएम एसपी ने महादेवा मेला व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रामनगर बाराबंकी। श्रीलोधेश्वर महादेवा धाम में फाल्गुनी कांवरिया मेले की व्यवस्थाओं का जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान शौचालय पेयजल स्वच्छता प्रकाश व्यवस्था बैरिकेडिंग रैन बसेरा एवं कांवड़ियों की सुविधाओं का जायजा लिया गया।जिलाधिकारी ने बोहनिया तालाब पर सुरक्षा व भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित करने, मेला क्षेत्र में कीचड़ हटवाकर मार्ग समतल कराने तथा मंदिर के सामने डामर रोड निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने कांवड़ियों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और भगवान लोधेश्वर महादेव का दर्शन पूजन किया।मीडिया से बातचीत में जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार फाल्गुनी मेले में व्यवस्थाएं पूर्व की तुलना में बेहतर हैं और सभी अधिकारी सक्रियता से कार्य कर रहे हैं।संजय सेतु की मरम्मत को लेकर उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा 15 फरवरी के बाद मरम्मत कार्य कराया जाएगा।इस अवसर पर सीडीओ एडीएम अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## श्रीमद भागवत कथा में जय कन्हैयालाल की जयकारों से गूंज उठा पण्डाल

तिलोई अमेठी । क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में चल रही श्रीमद भागवत कथा में मध्य प्रदेश के अमर कंटक से पधारे कथा वाचक डॉ नरेंद्र पाण्डेय जी महाराज ने कहा कि धर्म की रक्षा और अधर्म के नाश के लिये ईश्वर धरती पर अवतार लेते हैं।घमण्ड ईश्वर का आहार है।घमण्ड ही कंस की मृत्यु का कारण बना कंस को लगा था कि वह विधि के विधान को टाल सकता है लेकिन विधि के विधान को टाला नही जा सकता है। कथा वाचक डॉ नरेंद्र पाण्डेय जी महाराज ने कहा कि ईश्वर का आगमन हमारे जीवन के सभी बेड़ियों को काट देता है।भगवान श्रीकृष्ण का जन्म जैसे ही हुआ वैसे ही वसुदेव और देवकी के सारे बंधन अपने आप ही खुल गये।उन्होंने कहा कि जो धर्मात्मा थे उन्हें ईश्वर के आने का आभास हुआ लेकिन जो दुरात्मा और पापी थे वह गहरी निद्रा में लीन हो गये।भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कथा अवसर पर पण्डाल में जमकर हर्ष मनाया गया भगवान की झांकी निकाली गयी और भक्तों ने अपने आराध्य का दर्शन कर कृतार्थ हुये।

## पुवाल में मिली नवजात बालिका

बालिका होने की सजा तो नहीं ?

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर के आछेपुर मजरे झरसवां निवासी राधेश्याम वर्मा प्राइमरी विद्यालय में अध्यापक है।शुक्रवार भोर करीब पांच बजे अपनी पत्नी के साथ टहलने निकले थे। गांव के बाहर उन्हे बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी, दोनों लोग चौंक पड़े।वह बच्ची को ढूंढने लगे। कुछ देर बाद पुआल के नीचे कपड़े में लिपटी एक नवजात बच्ची मिली।जिसपर अध्यापक दंपति ने मामले की सूचना पुलिस को दी।सूचना पहुंची पर पुलिस ने बच्ची को निजी अस्पताल ले गई।मामले की जानकारी चाइल्ड केयर टीम को दी गई है।थानाध्यक्ष मनोज कुमार सोनकर ने बच्ची को चाइल्ड केयर को सौंप दिया गया है। मामले की जांच अभी की जा रही है।

बच्ची को गोद लेने की होड़ –

पुआल में नवजात बच्ची को पाने वाले अध्यापक दंपति राधेश्याम के साथ आसपास के लोग भी गोद लेने के लिए अपनी अपनी इच्छा जताई। थानाध्यक्ष ने कहा कि बच्ची को चाइल्ड केयर को सौंप दिया।जिस किसी भी दंपति को नवजात बच्ची को गोद लेना है तो चाइल्ड केयर से संपर्क कर सकता है।

## जाब उत्सव का भव्य आयोजन

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। साई पी.जी कॉलेज में नांदीफाउंडेशन के सहयोग से एक जॉब उत्सव काआयोजन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करना और उन्हें करियर के प्रति सही दिशा में मार्गदर्शन देना था जॉब उत्सव में कॉलेज की बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस आयोजन की सफलता में कॉलेज प्रबंधक विपिन सिंह राठौर व उप प्रबंधक विक्रांत राठौर का विशेष योगदान रहा।

## पंचायत प्रशासन द्वारा फागिंग अभियान जारी

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत क्षेत्र में मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रशासन द्वारा फॉगिंग अभियान चलाया गया। गुरुवार देर शाम नगर पंचायत की टीम ने करने के प्रमुख मार्गों, मोहल्लों, बाजार क्षेत्र और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर फोगिंग कराई। फॉगिंग वाहन के जरिए दवा का छिड़काव किया गया, जिससे क्षेत्र में फैले मच्छरों को नष्ट किया जा सके।नगर पंचायत ईओ संध्या मिश्रा ने बतायाकि बदलते मौसम में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। नगर पंचायत द्वारा नियमित अंतराल पर फॉगिंग कराई जा रही है।

## दो घर में चोरों का धावा, नगदी जेवरात ले उड़े

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी थाना के नई बस्ती मोहल्ला निवासी ताज मोहम्मद की कस्बा में ही फर्नीचर की दुकान हैं। गुरुवार रात पोती की तबियत खराब होने के चलते परिवार के सभी लोग नीचे कमरे में सो गए।देर रात चोर छत के रास्ते ऊपर कमरे में दाखिल हो गए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी व बक्से का ताला तोड़ उसमें रखी दस हजार नकदी सहित कीमती जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने इसके बाद पड़ोस के जमालूद्दीन के मकान को निशाना बनाया।चोर यहां भी छत के रास्ते मकान में दाखिल हुए।और अलमारी का ताला काट कर पांच हजार नकदी सहित कीमती जेवरात चोरी कर ले गए। थानाध्यक्ष कुर्सी कृष्णकांत सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है।मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## ट्राली की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के बिंदौरा परसपुर गांव के 55 वर्षीय महिला नगीना पत्नी शिवचरण निवासी भिज्जू पुरवा थाना जरवल रोड उसे समय हादसे का शिकार हुई जब वह अपने पुत्र के साथ बाइक से घर लौट रही थीं। ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक करते समय बाइक फिसली और महिला ट्रॉली के नीचे आ गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

# डायग्नोस्टिक जांच में लापरवाही का आरोप, महिला की हालत गंभीर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। डायग्नोस्टिक सेंटर में जांच के दौरान कथित चिकित्सकीय लापरवाही का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कुड़वार थाना क्षेत्र के ग्राम बेला पश्चिम निवासी अभिषेक त्रिपाठी ने नगर कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर संबंधित डॉक्टर और कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित के अनुसार 26 जनवरी को वह अपनी पत्नी शीतल को लखनऊ स्थित आशा आयुर्वेद हॉस्पिटल ले गए थे। डॉक्टर की सलाह पर 31 जनवरी को सुलतानपुर के एक डायग्नोस्टिक सेंटर में जांच कराई गई। आरोप है कि जांच के दौरान पैथोलॉजी डॉक्टर व स्टाफ ने लापरवाही बरतते हुए महिला के गर्भाशय में एक यंत्र डाल दिया,जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और वह कई घंटों तक असहनीय दर्द से तड़पती रही।महिला की हालत गंभीर होने पर उसे पहले हनुमत हॉस्पिटल रेफर किया गया,जहां डॉक्टरों ने बताया कि लापरवाही से उसकी जान जा सकती थी। इसके बाद परिजन महिला को तत्काल लखनऊ स्थित मेदांता हॉस्पिटल ले गए। वहां विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बताया कि जांच में हुई गंभीर चूक से महिला की जान खतरे में पड़ गई थी। लंबे इलाज और भारी खर्च के बाद महिला की जान बच सकी।पीड़ित ने पूरे मामले में दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। नगर कोतवाल ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है,जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मानव-हाथी संघर्ष प्रबंधन को लेकर वन एवं वन्यजीव प्रभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत। जनपद में मानव-हाथी संघर्ष प्रबंधन को लेकर वन एवं वन्यजीव प्रभाग द्वारा विश्व प्रकृति निधि-भारत (डडक्क ऋद्धदद्धथ) के सहयोग से मरौरी ब्लॉक परिसर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में वन विभाग के साथ-साथ कृषि विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, पंचायत एवं विकास विभाग, सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, ग्राम प्रधान, बाघ मित्र एवं अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की प्रभागीय वनाधिकारी, पीलीभीत टाइगर रिज़र्व मनीष सिंह ने कहा कि हाथियों से प्रभावित क्षेत्रों की पहचान कर स्थानीय ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा बाघ मित्रों, ग्राम प्रधानों एवं ईको-विकास समितियों के प्रतिनिधियों को सशक्त बनाकर मानव-हाथी संघर्ष प्रबंधन में उनका सहयोग लिया जाएगा इसके लिए सभी संबंधित विभागों का समन्वय अत्यंत आवश्यक है प्रभागीय निदेशक, वन एवं वन्यजीव प्रभाग ने कहा कि यह कार्यशाला पीलीभीत के लिए अत्यंत आवश्यक है जनपद में मानव-हाथी संघर्ष लगातार बढ़ रहा है और इस प्रकार की कार्यशालाओं से प्रशिक्षित बाघ मित्र एवं विभागीय कर्मचारी संघर्ष को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे कृषि वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. ढाका ने बताया कि जंगल के किनारे औषधीय फसलों की खेती कर मानव-हाथी संघर्ष को कम किया जा सकता है मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से हाथी प्रभावित क्षेत्रों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा सीओ ट्रैफिक विधि मौर्य ने कहा कि पुलिस विभाग हमेशा सहयोग के लिए तत्पर है डा. अमिताभ अग्निहोत्री ने कहा की हाथियों का पुराना इतिहास रहा है, हाथी अपने अनुवांशिक गुणों के कारण अपने पूर्वजो के इलाको में भ्रमण करते है डीएफओ, उत्तर खीरी वन प्रभाग कीर्ति चौधरी ने हाथियों के कॉरिडोर को सुदृढ़ करने के लिए पीलीभीत टाइगर रिज़र्व एवं दुधवा टाइगर रिज़र्व के बीच समन्वय पर जोर दिया वरिष्ठ परियोजना अधिकारी श्री दबीर हसन ने तराई एलिफेंट रिज़र्व, हाथियों के व्यवहार, प्राकृतिक आवास, कॉरिडोर, दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक उपायों की जानकारी दी। उन्होंने अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों एवं बाघ मित्रों को मुआवजा प्रक्रिया से अवगत कराया तथा मानव-हाथी संघर्ष प्रबंधन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (ट्टग्घ), समुदाय आधारित संस्थाओं एवं त्वरित प्रतिक्रिया दलों के गठन पर प्रस्तुतीकरण दिया। वरिष्ठ परियोजना अधिकारी, डडक्क ऋद्धदद्धथ श्री नरेश कुमार ने वन्यजीवों से होने वाली जन-धन क्षति की मुआवजा प्रक्रिया की जानकारी दी एवं कार्यशाला का संचालन किया कार्यक्रम में एसडीओ रमेश चौहान,जेई दीपक शुक्ल (शारदा सागर), वीडीओ मरौरी लियाकत अली, वीडीओ अमरिया दिनेश सिंह, वीडीओ ललौरीखेड़ा लक्ष्मण प्रसाद तथा उप निरीक्षक शेर सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## टी20 विश्व कप : खिताब की प्रबल दावेदार भारत की नजरें अमेरिका पर शानदार जीत के साथ आगाज पर

एजेंसी



मुंबई। सितारों से सजी भारतीय टीम टी20 विश्व कप में शनिवार को आत्मविश्वास से ओतप्रोत अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी तो खिताब बरकरार रखने वाली पहली टीम बनने का इरादा जेहन में और क्रिकेटप्रेमियों की अपेक्षाओं का बोझ कंधों पर रहेगा। टी20 विश्व कप 2024 जीतने वाली भारतीय टीम के दो मजबूत स्तंभ विराट कोहली और रोहित शर्मा भले ही इस प्रारूप से विदा ले चुके हों लेकिन भारतीय टीम अभी भी सबसे दमदार दावेदार है। भारत ने उसके बाद से नौ श्रृंखलाएं जीती हैं जिनमें पिछले साल एशिया कप में मिली जीत शामिल है। पिछले पूरे साल खराब फॉर्म से जूझते रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव का बल्ला भी अब खामोश नहीं है जिससे रही सही कसर भी पूरी हो गई। ईशान किशन ने विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर जबर्दस्त फॉर्म के साथ वापसी की है। ईशान और अभिषेक शर्मा की जोड़ी से भारतीय टीम को काफी उम्मीदें हैं चूंकि दोनों का प्रदर्शन अभी तक जबर्दस्त रहा है। भारत की तुलना 2007 वनडे विश्व कप की आस्ट्रेलियाई टीम से की जा रही है हालांकि दोनों प्रारूप अलग है लेकिन सूर्यकुमार की टीम हर विभाग में परिपक्व और संतुलित दिख रही है। सूर्यकुमार का फॉर्म में लौटना, मध्यक्रम में तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या जैसा हरफनमौला, शिवम दुबे और अक्षर पटेल जैसे धुरंधरों की मौजूदगी बल्लेबाजी को मजबूत बनाती है। रिंकू सिंह जैसा फिनिशर भी भारत के पास है। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का कार्यभार प्रबंधन विश्व कप को देखते हुए बड़ी समझदारी के साथ किया गया है। उनके साथ अर्शदीप सिंह नयी गेंद संभालेंगे और हर्षित राणा भी टीम में मौजूद हैं। कुलदीप यादव और वरूण चक्रवर्ती के रूप में भारत के पास इस प्रारूप में दुनिया के दो सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं लेकिन असल चुनौती ओस की होगी। पहला टी20 विश्व कप 2007 में जीतने वाले पूर्व कप्तान एम एस धोनी ने इस ओर इशारा किया था। भारतीय चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन ने हालात के अनुरूप काफी सोच समझकर टीम चुनी है जिसमें शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल जैसे दिग्गज नहीं हैं। संजू सैमसन को भी अंतिम एकादश में शायद ही जगह मिले। सूर्यकुमार को अमेरिकी टीम में कई जाने माने चेहरे दिख जायेंगे। इसी मैदान पर कभी उन्होंने शुभम रंजने, हरमीत सिंह और सौरभ नेत्रवलकर के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया था। पिच और हालात की जानकारी का तीनों 'मुंबईकर' अमेरिकी खिलाड़ियों को अतिरिक्त फायदा मिलेगा।अमेरिका ने पिछली बार अपनी सह मेजबानी में हुए टी20 विश्व कप में पूर्व चैम्पियन पाकिस्तान को हराकर सुपर आठ में जगह बनाई थी और भारत को भी कड़ी चुनौती दी थी।

## अंडर-19 वर्ल्ड कप: वैभव सूर्यवंशी दोहरा शतक से चूके, लेकिन रचा इतिहास,175 में से 150 चौके-छक्कों से जड़े

एजेंसी



हरारे। अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में शुक्रवार (6 फरवरी) को इंग्लैंड के खिलाफ भारत के ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने बेहतरीन बल्लेबाजी का नमूना पेश करते हुए इतिहास रच दिया। वैभव ने न सिर्फ अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में सबसे तेज शतक जड़ा बल्कि सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए। हालांकि, 14 साल का यह खिलाड़ी दोहरा शतक से चूक गया। वैभव ने सिर्फ 80 गेंद पर 175 रन बनाए। इसमें से 150 रन उन्होंने चौके और छक्कों से ठोक दिए। वैभव सूर्यवंशी ने इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में 218.75 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। 175 रनों की पारी में उन्होंने 15 चौके और 15 छक्के लगाए। वैभव ने इस पारी के दौरान अंडर-19 वनडे में सबसे तेज 150 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने 71 गेंद पर 150 रन ठोककर इंग्लैंड के बेन मायस का रिकॉर्ड तोड़ा। मायस ने स्कॉटलैंड के खिलाफ 98 गेंद पर 150 रन ठोके थे। वैभव सूर्यवंशी ने इससे पहले विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान 59 गेंद पर 150 रन ठोके और लिस्ट ए में सबसे तेज 150 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया था। इससे पहले एबी डिविलियर्स ने 2015 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ 64 गेंद पर 150 रन ठोके थे। वैभव सूर्यवंशी इस पारी के साथ अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। उन्होंने 449 रन बनाए हैं। उन्होंने 41 चौके और 30 छक्के जड़े हैं। वैभव सूर्यवंशी को को अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में मैनी लम्सडेन ने थॉमस रीव के हाथों कैच कराया। वैभव ने 32 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा। अगली 23 गेंदों पर उन्होंने शतक पूरा कर लिया। इसके बाद सिर्फ 16 गेंदों पर अगले 50 रन बना लिए।

## संक्षिप्त समाचार

### टी20 वर्ल्ड कप 2026: शास्त्री, स्मिथ और बिशप करेंगे कमेंट्री पैनल की अगुआई

**दुबई।** भारत और श्रीलंका में 7 फरवरी से शुरू हो रहे आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए स्टार खिलाड़ियों और दिग्गजों से सजा कमेंट्री पैनल घोषित कर दिया गया है। इस हाई-प्रोफाइल पैनल की अगुआई रवि शास्त्री, नासिर हुसैन, इयान स्मिथ और इयान बिशप जैसे अनुभवी कमेंटेटर करेंगे। आईसीसी के अनुसार, टूर्नामेंट के 10वें संस्करण में कुल 55 मैचों के दौरान पूर्व महान खिलाड़ियों और मौजूदा सितारों की दमदार मौजूदगी सुनाई देगी। इस सूची में पूर्व टी20 वर्ल्ड कप विजेता एरॉन फिंच, दिनेश कार्तिक, कुमार संगकारा, सैमुअल बैद्री, रॉबिन उथप्पा और कार्लोस ब्रैथवेट जैसे नाम शामिल हैं। खास बात यह है कि मौजूदा खिलाड़ी और आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीतने वाले दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा भी कमेंट्री बॉक्स में नजर आएंगे। इसके अलावा 2014 टी20 वर्ल्ड कप विजेता श्रीलंकाई ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज भी कमेंट्री टीम का हिस्सा होंगे। डिफेंडिंग चैंपियन भारत पर सबकी नजर: टीम इंडिया इस टूर्नामेंट में डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में उतर रही है और तीसरी बार खिताब जीतने के साथ-साथ ट्रॉफी का सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली टीम बनने का लक्ष्य रखेगी। भारत को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है, खासकर अक्टूबर 2023 के बाद से खेले गए 56 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से 48 में जीत और हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ दमदार सीरीज जीत के बाद। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 7 फरवरी को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ ग्रुप-स्टेज मुकाबले से करेगी। आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 के कमेंटेटर्स की सूची: रवि शास्त्री, नासिर हुसैन, इयान स्मिथ, इयान बिशप, एरॉन फिंच, दिनेश कार्तिक, कुमार संगकारा, सैमुअल बैद्री, रॉबिन उथप्पा, कार्लोस ब्रैथवेट, इयोन मोर्गन, वसीम अकरम, सुनील गावस्कर, मैथ्यू हेडन, रमीज राजा, डेल स्टेन, माइकल एथर्टन, वकार यूनिस, साइमन डूल, शॉन पोलक, केटी मार्टिन, हर्षा भोगले, एम्पुमेलेलो म्बांग्वा, नताली जर्मेनोस, डैनी मॉरिसन, एलन विल्किंस, इयान वार्ड, मार्क हॉवर्ड, निक नाइट, अतहर अली खान, कास नायडू, बाजिद खान, रौनक कपूर, नायल ओ'ब्रायन, प्रेस्टन मॉम्सन, एंड्रयू लियोनार्ड, रसेल अर्नोल्ड, रोशन अबेयसिंघे, एंजेलो मैथ्यूज और टेम्बा बावुमा।

### आज की हॉकी में सिर्फ अटैक नहीं, डिफेंस भी जरूरी: नवनीत कौर

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम की स्टार फॉरवर्ड नवनीत कौर का मानना है कि आधुनिक हॉकी में सिर्फ गोल करने की क्षमता ही काफी नहीं है, बल्कि अटैकिंग खिलाड़ियों के लिए डिफेंस में योगदान देना भी उतना ही जरूरी हो गया है। एफआईएच हॉकी महिला वर्ल्ड कप क्वालीफायर हैदराबाद तेलंगाना 2026 से पहले चल रहे राष्ट्रीय शिविर में टीम की तैयारियां जोरों पर हैं। नवनीत ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, आज की हॉकी में सिर्फ अटैकिंग काफी नहीं है। एक स्ट्राइकर के तौर पर डिफेंसिव स्किल्स भी बहुत अहम हैं। मैं टैकलिंग और बिना गेंद के दबाव बनाने पर ध्यान दे रही हूं, क्योंकि गेंद वापस जीतना टीम के लिए बड़ा फायदा होता है। अपने व्यक्तिगत फोकस के साथ-साथ नवनीत ने टीम के लक्ष्य को भी स्पष्ट किया। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य बिल्कुल साफ है। हम वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करना चाहते हैं और क्वालीफायर्स में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना चाहते हैं। यह राष्ट्रीय शिविर भारत की एफआईएच हॉकी महिला वर्ल्ड कप क्वालीफायर हैदराबाद तेलंगाना 2026 की तैयारियों का अहम हिस्सा है। यह टूर्नामेंट 8 से 14 मार्च तक हैदराबाद में आयोजित होगा, जिसमें शीर्ष तीन टीमें 2026 महिला एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। शिविर के माहौल पर बात करते हुए नवनीत ने कहा,कैंप बहुत अच्छा चल रहा है। हमारे पास नया कोच है और टीम का कोर ग्रुप काफी मजबूत है। ट्रेनिंग की क्वालिटी बहुत अच्छी है। सभी खिलाड़ी फोकस्ड हैं और आने वाली चुनौती के लिए अच्छी तैयारी कर रहे हैं। नवनीत ने नए मुख्य कोच स्जोर्ड मारिन के साथ काम करने के अनुभव भी साझा किए। उन्होंने कहा, उनका कम्युनिकेशन बहुत सीधा है। वे साफ तौर पर बताते हैं कि उनसे क्या उम्मीद है, हमें किन बातों में सुधार करना है और मैदान पर किस तरह का प्रदर्शन चाहिए। इससे किसी तरह की भ्रम की स्थिति नहीं रहती और टीम के तौर पर बेहतर काम करने में मदद मिलती है, उन्होंने यह भी बताया कि कई सीनियर खिलाड़ियों के पहले से मारिन के साथ काम करने के अनुभव का टीम को फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा, वे भारतीय खिलाड़ियों की खेलने की शैली को समझते हैं और हमें भी पता है कि वे हमसे क्या चाहते हैं। यह आपसी समझ टीम को तेजी से आगे बढ़ने में मदद करती है। हाल ही में नवनीत ने अपनी टीम एसजी पाइपर्स को महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग का खिताब दिलाया। इस अनुभव पर उन्होंने कहा,ल्हीरो हॉकी इंडिया लीग में विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलने से युवा खिलाड़ियों का आत्मविश्वास अलग स्तर पर पहुंच जाता है। उस एक्सपोजर से मिली सीख राष्ट्रीय शिविर में साफ नजर आती है। उन्होंने टीम के बदले हुए माइंडसेट पर भी जोर दिया। नवनीत ने कहा, कैंप में माहौल बेहद सकारात्मक है। खिलाड़ी नई चीजें आज़माना चाहते हैं। अगर कोई चीज तुरंत काम नहीं भी करती, तो हम खुद को लगातार आगे बढ़ाने और सीखते रहने की कोशिश करते हैं।

### तेल और गैस ब्लॉक की नीलामी की समयसीमा चौथी बार बढ़ी


**नयी दिल्ली।** सरकार ने भारत के सबसे बड़े तेल और गैस क्षेत्रों की पेशकश के लिए बोलियां जमा करने की समयसीमा चौथी बार बढ़ा दी है। हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) के अनुसार, संभावित निवेशकों को अब तीन महीने का अतिरिक्त समय दिया गया है। डीजीएच ने अपनी वेबसाइट पर कहा, ओएएलपी (मुक्त क्षेत्र लाइसेंसिंग नीति) के 10वें दौर के लिए बोली जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 29 मई, 2026 कर दी गई है। हालांकि, डीजीएच ने विस्तार का कोई कारण नहीं बताया, लेकिन उद्योग जगत के सूत्रों का कहना है कि यह निर्णय 'तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक' पारित होने के बाद तैयार किए गए नए उदार नियमों का अध्ययन करने के लिए निवेशकों को समय देने के उद्देश्य से लिया गया हो सकता है। ओएएलपी का 10वां दौर नयी दिल्ली में 'इंडिया एनर्जी वीक' (आईईडब्ल्यू) 2025 के दौरान फरवरी में शुरू किया गया था। शुरुआत में इसे जुलाई के अंत में बंद होना था। इसके बाद, जुलाई के अंत में इसकी समयसीमा बढ़ाकर 31 अक्टूबर और फिर 31 दिसंबर, 2025 कर दी गई थी। बाद में ओएएलपी-10 के लिए बोली की समयसीमा 18 फरवरी, 2026 तक बढ़ाई गई थी। हालांकि, खोज गए छोटे क्षेत्रों (डीएसएफ) के लिए चौथे दौर और विशेष 'कोल-बेड मीथेन' (सीबीएम) दौर के तहत बोलियां जमा करने की समयसीमा 18 फरवरी, 2026 पर ही बरकरार है। ओएएलपी-10 के तहत, तेल और गैस की खोज व उत्पादन के लिए कुल 1,91,986 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र वाले 25 ब्लॉक बोलीदाताओं के लिए पेश किए गए हैं।

## होम एडवांटेज पर भारत की नजर, डेविस कप क्वालीफायर्स में नीदरलैंड्स से होगी टक्कर

एजेंसी

**पहले मुकाबले में सुमित नागल का सामना गाइ डेन ओउडेन से होगा**

बेंगलुरु। भारतीय टीम 2026 डेविस कप क्वालीफायर्स राउंड-1 में अपने अभियान की शुरुआत घरेलू दर्शकों के सामने करेगी। बेंगलुरु के एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में 7 फरवरी को होने वाले मुकाबले में भारत के शीर्ष खिलाड़ी सुमित नागल का सामना नीदरलैंड्स के गाइ डेन ओउडेन से होगा। दोनों देशों के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड फिलहाल 2-2 से बराबर है। ऐसे में कप्तान रोहित राजपाल के नेतृत्व में भारतीय टीम घरेलू परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाकर डच टीम के खिलाफ बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी। पहले दिन सुमित नागल और गाइ डेन ओउडेन के मुकाबले के बाद दूसरा एकल मैच धक्षिणेश्वर सुरेश और जेस्पर डे जोंग के बीच खेला जाएगा, जिससे पहले दिन की कार्रवाई समाप्त होगी। होम कंडीशंस को दबाव की बजाय फायदा बताते हुए सुमित नागल ने कहा कि होम एडवांटेज हर खेल में होता है। टेनिस में जब मैंने ओलंपिक खेला था, तब 7,000 फ्रेंच दर्शकों के सामने मेरे समर्थन में सिर्फ पांच लोग थे। उन्होंने आगे कहा कि जब आप तीन से चार घंटे तक ऐसे माहौल में खेलते हैं, तो इसका बड़ा असर पड़ता है। हमें उम्मीद है कि कल नीदरलैंड्स के खिलाड़ियों को भी ऐसा ही अनुभव होगा और हम इसका पूरा फायदा उठा सकेंगे। दूसरे दिन मुकाबले का आकर्षण पुरुष



युगल मैच रहेगा, जिसमें भारत की जोड़ी एन. श्रीराम बालाजी और युकी भांबरी का सामना सैंडर एरेंड्स और डेविड पेल से होगा। इसके बाद शेष दो एकल मुकाबले खेले जाएंगे, जहां सुमित नागल जेस्पर डे जोंग से भिड़ेंगे, जबकि धक्षिणेश्वर सुरेश का सामना गाइ डेन ओउडेन से होगा। टीम प्रयास पर जोर देते हुए धक्षिणेश्वर सुरेश ने कहा कि यह पूरी तरह से टीम एफर्ट है। कोर्ट के अंदर और बाहर सभी बराबर मेहनत कर रहे हैं, साथ ही स्टेडियम और घर से समर्थन करने वाले दर्शक भी अहम भूमिका निभाते हैं। यहां कोई एक खिलाड़ी पूरी टीम को अकेले आगे नहीं बढ़ाता। ड्रॉ की एक बड़ी खासियत पुरुष युगल जोड़ी में बदलाव रहा, जहां रित्विक चौधरी की जगह एन. श्रीराम बालाजी को शामिल किया गया। इस फैसले पर कप्तान रोहित राजपाल ने कहा कि हमें लगा कि बालाजी लगातार टूर्नामेंट खेल रहे हैं। उन्होंने हाल ही में बहरीन में खेला और अच्छा प्रदर्शन किया, फिर सीधे यहां आए। रित्विक भी शानदार खेल रहे हैं, इसलिए यह फैसला लेना आसान नहीं था। भारतीय टीम अब घरेलू समर्थन के सहारे नीदरलैंड्स के खिलाफ मजबूत शुरुआत करने के इरादे से कोर्ट पर उतरेगी।

## टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो सकते हैं हर्षित राणा, घुटने की चोट ने बढ़ाई चिंता

मुंबई। भारतीय तेज गेंदबाज़ हर्षित राणा आगामी टी20 वर्ल्ड कप से पहले चोट की चिंता में हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए एक अभ्यास मैच के दौरान उन्हें घुटने में चोट लग गई, जिसके बाद उनका टूर्नामेंट में खेलना संदिग्ध माना जा रहा है। भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अमेरिका के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले टूर्नामेंट के पहले मुकाबले से पहले कहा, ल्हर्षित राणा की घुटने की चोट ठीक नहीं लग रही है, लेकिन उनकी उपलब्धता पर आज फैसला लिया जाएगा। यह चोट नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में खेले गए अभ्यास मैच के दौरान लगी। मैच के दौरान हर्षित राणा सिर्फ एक ओवर ही फेंक सके, जिसमें उन्होंने 16 रन दिए। अपना शुरुआती ओवर पूरा करने के तुरंत बाद वे लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए। 24 वर्षीय इस तेज गेंदबाज़ का इस तरह से मैदान छोड़ना टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय बन गया है।

## एनएमडीसी के कौशल विकास से प्रशिक्षित किए सभी युवा को मिला रोजगार

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक कंपनी राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) लिमिटेड ने बस्तर प्रभाग के 80 युवाओं के पहले बैच का स्वागत किया। इन युवाओं ने रोजगार उन्मुख कौशल प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर 100 फीसदी प्लेसमेंट हासिल किया है। इस्पात मंत्रालय ने यह कार्यक्रम एनएमडीसी के सीएसआर प्रयासों के हिस्से के रूप में केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईपीईटी) के सहयोग से लागू की गई कौशल विकास पहल के तहत किया था। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा, बस्तर, सुकमा, नारायणपुर, कोंडागांव और बीजापुर जिलों के साधारण परिवारों से आए छात्रों ने वहां के जीवन के बारे में बात की, जहां अवसर सीमित थे और विकल्प कम थे। उन्होंने कहा कि कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल रोजगार प्रदान करता है, बल्कि अपने गृहनगर





से बाहर निकलकर अपनी शर्तों पर आय अर्जित करने का आत्मविश्वास भी प्रदान करता है। मंत्रालय ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य बस्तर के बेरोजगार और वंचित आदिवासी युवाओं को उद्योग-प्रासंगिक कौशल से लैस करके स्थायी आजीविका में सक्षम बनाकर सशक्त करना है। यह सम्मान समारोह और चर्चा सत्र एनएमडीसी के वरिष्ठ नेतृत्व की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी) और निदेशक (वाणिज्यिक, अतिरिक्त प्रभार), जॉयदीप दासगुप्ता, निदेशक (उत्पादन) और निदेशक (कार्मिक, अतिरिक्त प्रभार), पी.श्याम, महाप्रबंधक (सीएसआर) और बी. रवि, प्रधान निदेशक, सीआईपीईटी, एनएमडीसी और सीआईपीईटी के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।

## ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका, जोश हेज़लवुड टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर

एजेंसी

नई दिल्ली। श्रीलंका/भारत में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 से ऑस्ट्रेलिया के तेज़ गेंदबाज़ जोश हेज़लवुड बाहर हो गए हैं। फिटनेस हासिल करने की समय-सीमा पूरी न कर पाने के कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने पुष्टि करते हुए कहा कि टीम प्रबंधन को उम्मीद थी कि हेज़लवुड सुपर-8 चरण तक मैच फिट हो जाएंगे, लेकिन ताज़ा मेडिकल रिपोर्ट्स के अनुसार उनकी वापसी में अभी और समय लग सकता है। ऐसे में उनकी रिकवरी प्रक्रिया को तेज़ करना जोखिम भरा होता। डोडेमाइड ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हवाले से कहा,ल्हम आशावान थे कि जोश सुपर-8 तक फिट हो जाएंगे, लेकिन अब साफ है कि उन्हें अभी और समय चाहिए। जल्दबाज़ी करने से चोट बढ़ने का खतरा है, इसलिए हमने यह फैसला लिया। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल हेज़लवुड के रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं करेगा। चयनकर्ताओं का मानना है कि शुरुआती मुकाबलों के लिए टीम संतुलित है और आगे की परिस्थितियों को देखते हुए निर्णय लिया जाएगा। डोडेमाइड ने जोड़ा, हम तुरंत किसी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी की घोषणा नहीं करेंगे। शुरुआती मैचों के लिए हमारी टीम कवर में है, आगे ज़रूरत के हिसाब से फैसला लेंगे। हेज़लवुड को एकीलिज की चोट है और वे सिडनी में रिहैब कर रहे थे। उन्होंने आखिरी बार अक्टूबर 2025 में भारत के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज़ खेली थी। इससे पहले हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण वे एशेज़ की शुरुआत से बाहर हो गए थे और बाद में एकीलिज की चोट के चलते पूरी सीरीज़ नहीं खेल पाए। यह ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरा बड़ा झटका है, क्योंकि टीम पहले ही पैट कमिंस के बिना टूर्नामेंट खेल रही है। कमिंस पीठ की चोट से उबर रहे हैं और हाल के महीनों में उनका खेल सीमित रहा है।

## 'पिच परफ़ेक्ट ऑस्ट्रेलिया-भारत' व्यापार केस स्टडी संकलन की हुई लॉन्चिंग

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) में 'पिच परफ़ेक्ट ऑस्ट्रेलिया-इंडिया: 100 अरब डॉलर की साझेदारी के लिए आदर्श स्थितियां' शीर्षक से भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापार केस स्टडीज संकलन लॉन्च किया गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इस आयोजन में नीति निर्माताओं, राजनयिकों, उद्योगपतियों और शिक्षाविदों ने भाग लिया, जहां दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग के अगले चरण पर विचार-विमर्श किया गया। यह पहल भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (ईसीटीए) के फायदों को सुदृढ़ करने और उन्हें आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने इस पहल को अधिक प्रभावी बनाने में आईआईएफटी के प्रयासों की सराहना की और इसे नीति, उद्योग तथा शैक्षणिक हितधारकों के लिए अत्यधिक



प्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि केस स्टडीज यह दर्शाते हैं कि व्यापार समझौतों ने कैसे नए अवसरों का निर्माण किया है और व्यवसायों ने इनका उपयोग अपनी प्रगति के लिए किया है। आईआईएफटी और न्यूलैंड ग्लोबल समूह के सहयोग से तैयार किया गया यह संकलन भारत और ऑस्ट्रेलिया में कार्यरत कंपनियों की वास्तविक व्यावसायिक यात्राओं का संग्रह है। इसमें उन 30 संगठनों की बाजार प्रवेश की कहानियां, विकास रणनीतियां और सीखी गई अहम बातों को शामिल किया गया है, जिन्होंने दोनों बाजारों में अवसरों का सफलतापूर्वक लाभ उठाया है।

## आरबीआई ने पहली और दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया

एजेंसी

मुंबई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2026-27 की पहली एवं दूसरी तिमाही के लिए देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर क्रमशः 6.9 और सात फीसदी कर दिया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में वास्तविक जीडीपी के 7.4 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में कहीं अधिक है। मल्होत्रा ने बताया कि वैश्विक चुनौतियों के बीच निजी उपभोग और स्थिर निवेश ने वृद्धि को सहारा दिया है। मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार बेहतर राह पर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने मुक्त व्यापार समझौतों, जीएसटी युक्तिकरण और मजबूत कृषि उत्पादन के मद्देनजर जीडीपी ग्रोथ





का अनुमान बढ़ाया है। आरबीआई ने दिसंबर में वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.7 फीसदी और जुलाई-सितंबर के लिए 6.8 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था। गवर्नर ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी रहने की उम्मीद है। कृषि गतिविधियों को जलाशयों के स्वस्थ स्तर, मजबूत रबी बुवाई और फसलों की स्थिति में सुधार से समर्थन मिलेगा। इसके अलावा कॉरपोरेट क्षेत्र के प्रदर्शन में सुधार और असंगठित क्षेत्र में बनी गति से विनिर्माण गतिविधियों को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि निर्माण क्षेत्र की वृद्धि मजबूत रहने के आसार हैं और घरेलू मांग के मजबूत होने के साथ सेवा क्षेत्र में भी मजबूती बनी रहेगी। संजय मल्होत्रा ने कहा कि पूरे वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विकास दर का अनुमान अप्रैल में अगली मौद्रिक नीति में घोषित किए जाएंगे, जिसमें नए जीडीपी एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) श्रृंखला को अद्यतन आधार वर्ष (2024) के साथ शामिल किया जाएगा। गवर्नर ने मांग पक्ष पर कहा कि 2026-27 में निजी उपभोग की गति बनी रहने की उम्मीद है जबकि ग्रामीण मांग स्थिर रहेगी। उन्होंने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) युक्तिकरण और नरम मौद्रिक नीति के निरंतर समर्थन से शहरी उपभोग में सुधार होगा। मल्होत्रा ने कहा कि उच्च क्षमता उपयोग, तेज होती बैंक ऋण वृद्धि, अनुकूल वित्तीय परिस्थितियां और बुनियादी ढांचे पर सरकार का निरंतर जोर निवेश गतिविधियों को प्रोत्साहन देगा।

# संभल में सरकारी स्कूल की दीवारों में लिखी गईं कुरान की आयतें, हिंदू संगठनों के विरोध पर दो अध्यापक निलंबित

एजेंसी

संभल । उत्तर प्रदेश के जनपद संभल में शुक्रवार को हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने एक सरकारी स्कूल में जमकर हंगामा काटा। आरोप है कि स्कूल की दीवारों पर कुरान की आयतें लिखी गईं हैं और देश के महापुरुषों की फोटो एक कमरे में रस्सी से लटकाई गईं हैं। बढ़ते विरोध पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। जिला ?बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रधाना अध्यापक और सहायक अध्यापक को निलंबित करते हुए जांच गठित कर दी।

चंदौसी तहसील अर्न्तगत थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव नगला पूर्वा में स्थित सरकारी स्कूल में शुक्रवार दोपहर को हिंदू संगठन विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंचे। आरोप है कि स्कूल परिसर में दीवारों पर मुस्लिम धर्म की आयतें लिखी हुई हैं। वहीं,



मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, मां सरस्वती, भारत माता, सुभाष चंद्र बोस, रवींद्रनाथ टैगोर सहित अन्य महापुरुषों की तस्वीरें एक कमरे में रस्सी से बांधकर रखी गई थीं। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने इसे सरकारी स्कूल में नियमों के खिलाफ बताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा महिला हेडमास्टर और सहायक शिक्षक से सवाल-जवाब किए गए। जिस पर पुलिस ने हस्तक्षेप किया। इसी बात को लेकर पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी बहस हो गई। विद्यालय की प्रधानाध्यापक पुष्पा देवी ने इस पूरे मामले के लिए सहायक अध्यापक मोहम्मद नाजिम को जिम्मेदार ठहराया। वहीं, टीचर ने आरोपों को लेकर अपनी सफाई दी और दोनों एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते नजर आए।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने पुलिस को दी लिखित शिकायत में आरोप लगाया कि स्कूल में नियमों के विपरीत धार्मिक गतिविधियां कराई जा रही हैं। संगठनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान कुछ आपत्तिजनक बयान भी सामने आए। जिन्हें लेकर पुलिस स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी रही। इस विषय में विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता आशीष तूफानी ने कहा, स्कूल पहुंचने पर दीवारों पर कुरान आयतें लिखी मिलीं। महापुरुषों की तस्वीरें एक कमरे में रस्सी से बांधकर रखी हुई थीं। वहीं विभाग संयोजक सत्संग प्रमुख आचार्य, ॠतुपन शर्मा ने स्कूल में धार्मिक प्रतीकों के उपयोग पर आपत्ति जताई थी। इसकी जानकारी पर शिक्षा विभाग को पूरे मामले से अवगत कराया गया है।

इस मामले में बीएसए अलका शर्मा ने बताया कि गांव नगला पूर्वा के प्राथमिक विद्यालय में कुरान की आयतें लिखे होने का मामला संज्ञान में आया है। प्रधानाध्यापक पुष्पा रानी और सहायक अध्यापक मोहम्मद नाजिम को सस्पेंड किया गया है। मामले में अगर आगे और किसी का नाम आता है तो विभागीय कार्रवाई होगी। थाना प्रभारी लोकेन्द्र त्यागी ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने प्रार्थना पत्र दिया है, मामला शिक्षा विभाग से जुड़ा है, इसलिए विभागीय अधिकारियों को भी अवगत कराते हुए जांच की जा रही है।

# मणिपुर के चूड़ाचांदपुर में बढ़ा तनाव, नई सरकार' के विरुद्ध हुई विरोध प्रदर्शन

एजेंसी

इंफाल। मणिपुर के चूड़ाचांदपुर जिले में बीती रात को एक बार फिर से तनाव उस समय बढ़ गया, जब तुइबोंग इलाके में राज्य में नई बनी ''लोकप्रिय सरकार'' के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गए। तनाव बढ़ने के बाद ऐहतियातन भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया। सूत्रों के अनुसार, यह अशांति सुबह जल्दी शुरू हुई, जब कुकी विधायकों द्वारा लोकप्रिय सरकार को समर्थन देने पर प्रदर्शनकारियों में व्यापक गुस्सा फैल गया। प्रदर्शनकारियों ने चुने हुए प्रतिनिधियों पर समुदाय की भावनाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया, खासकर अलग प्रशासनिक व्यवस्था की मांग के संदर्भ में।

रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने अपना रुख कड़ा करते हुए घोषणा की कि जब तक उनकी अलग प्रशासन की मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक वे लोकप्रिय सरकार का समर्थन नहीं करेंगे। कुकी विधायकों, जिनमें उपमुख्यमंत्री नेमचा किपगेन, विधायक एलएम खौटे और न्गुर्संगलुर सनाटे शामिल थे, की मौजूदगी में लोकप्रिय सरकार बनने के बाद तनाव और बढ़ गया। प्रदर्शनकारियों ने इस कदम को समुदाय की आकांक्षाओं के साथ विश्वासघात माना। आंदोलन ने तब एक नाटकीय मोड़ लिया जब कथित तौर पर दो प्रदर्शनकारियों ने विरोध के निशान के रूप में आत्मदाह करने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस कर्मियों के समय पर हस्तक्षेप से घटना को जानलेवा होने से रोक दिया गया। शाम करीब 6 बजे विरोध प्रदर्शन और बढ़ गया और बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती के बावजूद छिटपुट झड़पें हुईं।

हालांकि, अधिकारी बड़ी हताहतों को रोकने में कामयाब रहे। सूत्रों ने पुष्टि की कि झड़पों के दौरान कई प्रदर्शनकारी घायल हुए। नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार, स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है, और सुरक्षा बल इलाके में पूरी तरह से नियंत्रण बहाल करने के प्रयास जारी रखे हुए हैं।

ज्ञात हो कि कुकी समुदाय के कुछ वर्गों ने पहले कुकी विधायकों को चेतावनी दी थी कि अगर लोकप्रिय सरकार बनती है तो वे उसका समर्थन न करें। ऐसे में सरकार में कुकी समुदाय के विधायकों के शामिल होने के चलते पहले से ही नाजुक सुरक्षा स्थिति के बीच क्षेत्र में गहरी राजनीतिक और सामाजिक विभेद फिर से एक बार उजागर हुए हैं।

# उर्दू हमारी पहचान, इसके बिना भारत कमज़ोर हो जाएगा: एमजे अकबर

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री संग्रहालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकाष परिषद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विश्व उर्दू सम्मेलन का उद्घाटन हुआ। ल्लबहुभाषी भारत में उर्दू भाषा और संस्कृतिङ्क विषय पर आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर पूर्व विदेश राज्यमंत्री एम. जे. अकबर, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. तारिक़ मंसूर, मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय (हैदराबाद) के कुलपति प्रो. सैयद ऐनुल हसन, जश्न ए बहार ट्रस्ट के संस्थापक कामना प्रसाद उपस्थित रहे। राष्ट्रीय उर्दू परिषद के निदेशक डॉ. शम्स इक़बाल ने शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने कहा कि भारत में बोली जाने वाली असंख्य भाषाओं में उर्दू कई दृष्टियों से विशिष्ट है। उर्दू का कोई विशिष्ट क्षेत्र नहीं है, लेकिन यह हर क्षेत्र में बोली और समझी जाती है। वर्ष 2047 में जब देश 'विकसित भारत' का उत्सव मनाएगा, तब देश की भाषाओं की भूमिका भी उल्लेखनीय होगी। इसलिए उर्दू भाषा के विकास के लिए इसे नई तकनीक से जोड़ना और नए समय की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना ज़रूरी है। उन्होंने सम्मेलन से जुड़े विभिन्न विषयों और मुद्दों का उल्लेख किया तथा देश-विदेश से आए अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही इस सम्मेलसन के आयोजन के लिए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भारत सरकार का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि एम. जे. अकबर ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने उर्दू अपनी माँ से सीखी।

# तेलंगाना नगर निगम चुनाव को लेकर प्रदेश भाजपा ने जारी किया चुनावी घोषणा पत्र

हैदराबाद । तेलंगाना में नगर निगम चुनावों की तैयारियाँ चरम पर हैं। राज्य की 116 नगरपालिकाओं और 7 नगर निगमों के कुल 2,996 वार्डों में नामांकन दाखिल होने और मंगलवार को नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद कुल 12,993 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। चुनाव अधिकारी व्यवस्थाओं में व्यस्त हैं, जबकि राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों को नियंत्रित करने, जाति और समुदाय के समीकरणों को संभालने और शहरी मतदाताओं को लामबंद करने में जुटे हैं।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र राव ने शुक्रवार को विश्वास जताया कि उनकी पार्टी नगर निगम चुनावों में जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि जीत की स्थिति में नगर निगमों में लंबित कर और बकाया को माफ किया जाएगा और उन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस बनाया जाएगा। उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन और वित्त आयोग से मिले निधियों के पारदर्शी उपयोग का भरोसा दिलाया। रामचंद्र राव ने कहा कि पार्टी अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई करेगी और युवाओं के लिए वॉकिंग ट्रैक विकसित करेगी। नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा ने 'विकसित तेलंगाना ऽ भाजपा संकल्प पत्र' भी जारी किया है। घोषणापत्र में मंदिरों की सुरक्षा, कब्जे वाली मंदिर भूमि को वापस लेना, हर नगर पालिका में गौशालाएँ, छोटी नगर पालिकाओं में एक मल्टीपर्पस पार्क और बड़ी नगर पालिकाओं में दो पार्क विकसित करने सहित सभी नगर निगमों और पालिकाओं में 100% भूमिगत जल निकासी प्रणाली सुनिश्चित करने के प्रावधान शामिल हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य सरकार और मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री केंद्रीय आवंटन पर सवाल उठा रहे हैं और केंद्र से प्राप्त निधियों पर वाइट पेपर जारी करके सार्वजनिक बहस में हिस्सा लें।

रामचंद्र राव ने आरोप लगाया कि राज्य पुलिस भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला कर रही है और डर का माहौल बना रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला किया तो मानव अधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

इस बीच, कंाग्रेस आंतरिक मतभेदों से जूझ रही है, जबकि बीआरएस अपने मजबूत कार्यकर्ता नेटवर्क और रणनीति पर भरोसा जताते हुए चुनावी प्रचार में सक्रिय है। नगर निगम चुनाव अब तेलंगाना की शहरी राजनीति का महत्वपूर्ण टर्निंग पॉइंट बनते जा रहे हैं।

# पेज एक का शेष

## रामभक्तों...

में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, हरिद्वार के सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि और संत समाज के प्रमुख उपस्थित रहे।

## भारत...

कप में सबसे बड़ा रन चेज का रिकॉर्ड भी है। टीम ने यह उपलब्धि अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में हासिल की थी। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में चार विकेट पर 310 रन बनाए। जवाब में भारत के लिए आरोन जॉर्ज ने शतक लगाया, जबकि वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे ने अर्धशतक लगाए जिससे टीम ने 41.1 ओवर में तीन विकेट पर 311 रन बनाकर मैच अपने नाम किया था। भारत ने इस तरह अंडर-19 विश्व कप का सबसे बड़ा रन चेज बनाया था। इससे पहले ये रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम था जिन्होंने 2006 में आयरलैंड के खिलाफ 305 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। भारत ने इस तरह 20 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा था।

## हरिद्वार...

उन्होंने कहा कि स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि भले ही आज हमारे बीच शारीरिक रूप से उपस्थित नहीं हैं, किंतु उनकी साधना, विचार और जीवन दर्शन आज भी समाज को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा उनके जीवन मूल्यों और विचारधारा को पुनः जागृत करने का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि आधुनिकता और संस्कृति एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। तकनीकी ज्ञान के साथ संस्कार जुड़ जाएं तो राष्ट्र को कोई भी कमजोर नहीं कर सकता। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए देश की अखंडता, संप्रभुता और गौरव की रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प लेने का संदेश दिया।

वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देवभूमि उत्तराखंड में अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज ने आध्यात्मिक साधना को समाज सेवा से जोड़कर एक विशिष्ट जीवन दर्शन प्रस्तुत किया। भारत माता मंदिर की स्थापना के माध्यम से उन्होंने राष्ट्र प्रेम और सांस्कृतिक गौरव को मूर्त रूप दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सनातन संस्कृति और विरासत को वैश्विक पहचान मिल रही है तथा उत्तराखंड विकास और विरासत के संतुलन के साथ आगे बढ़ रहा है।

हरिद्वार से सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि भारत माता मंदिर की स्थापना एक दूरदर्शी राष्ट्र मंदिर की अवधारणा के साथ की गई थी, जिसे आज और अधिक सशक्त रूप दिया जा रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष ॠतु खंडूरी भूषण ने कहा कि स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि राष्ट्र, धर्म और मानव चेतना के अमर पथप्रदर्शक थे। उनका संपूर्ण जीवन सनातन संस्कृति, राष्ट्र धर्म और मानव कल्याण को समर्पित रहा।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि संत समाज से उन्हें सदैव प्रेरणा और मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा है। उन्होंने इस आयोजन में सम्मिलित होने को सौभाग्य बताया।

कार्यक्रम में जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि महाराज, कारि्ष्ण पीठाधीश्वर स्वामी गुरु शरणानंद महाराज, मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, विधायक प्रेमचंद अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में साधु-संत, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## लता...

पर पोस्ट कर लिखा कि भारतीय संगीत को अपनी दिव्य स्वर साधना से विश्व पटल पर प्रतिष्ठित करने वाली स्वर कोकिला, 'भारत रत्न' लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उनका अद्वितीय गायन और संगीत के प्रति समर्पण कला जगत के लिए एक अमूल्य धरोहर है, जो सदैव हमारे हृदय में जीवंत रहेगी।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लिखा कि भारतीय संगीत कला को वैश्विक पहचान दिलाने वाली स्वर कोकिला, 'भारत रत्न' लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर नमन। आपकी अद्वितीय संगीत साधना ने न केवल भारतीय संगीत प्रेमियों को भावविभोर किया, बल्कि सुरों के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना को विश्व पटल पर प्रतिष्ठित करने का महान कार्य भी किया।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्वर कोकिला, भारत रत्न लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि लता दीदी भारतीय संगीत की वह अद्वितीय साधिका थीं, जिन्होंने अपने अटूट समर्पण से कला जगत को सींचा। सात दशकों की अविराम साधना ने भारतीय संगीत को विश्वस्तर पर प्रतिष्ठित किया। उनका अनुपम योगदान, सुरीली विरासत और अमिट छवि हर भारतीय हृदय में सदैव अमर रहेगी।

दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनकी मधुर और अमर आवाज ने दशकों तक भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयां दीं और हर पीढ़ी के दिलों में विशेष स्थान बनाया। भक्ति, देशभक्ति, प्रेम और करुणा जैसे भावों को उन्होंने अपने सुरों से जीवंत किया। उनका संगीत भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो सदैव हमारी स्मृतियों में गूंजता रहेगा। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि स्वर कोकिला, 'भारत रत्न' लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। अपने स्वर व सुरों से उन्होंने भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयां प्रदान की। उनके गायन में भावनाओं की हृदयस्पर्शी अभिव्यक्ति थी। संगीत जगत सदैव आपका ऋणी रहेगा। दिल्ली में पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहेब वर्मा ने भारतीय संगीत की अमिट पहचान, अनुशासन और साधना की प्रतीक, 'भारत रत्न' लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज और सांसद कमलजीत सहरावत ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारतीय संगीत को अपनी दिव्य स्वर साधना से विश्व पटल पर प्रतिष्ठित करने वाली स्वर कोकिला, 'भारत रत्न' लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन। उनका अद्वितीय गायन और संगीत के प्रति समर्पण कला जगत के लिए एक अमूल्य धरोहर है, जो सदैव हमारे हृदय में जीवंत रहेगी। उन्होंने अपने अद्वितीय स्वर से न केवल संगीत को समृद्ध किया, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को पीढ़ियों तक अमर बनाया। राष्ट्र सदैव उनके अतुलनीय योगदान का ऋणी रहेगा।'

## घूसखोर...

है। इस नामकरण तथा नेटफ्लिक्स व सोशल मीडिया पर प्रचारित इसके संवादों को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों में तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिली है।

फिल्म के नाम और उसकी सामग्री को लेकर ब्राह्मण समाज तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों में आक्रोश है। कई संगठन इसके विरोध में उग्र प्रदर्शन कर रहे है। इससे सार्वजनिक शांति और कानून-व्यवस्था के प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई थी। पुलिस ने स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल कदम उठाया। इस तरह की सामग्री से सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचने की संभावना रहती है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि उपरोक्त तथ्यों और संवेदनशील परिस्थितियों के दृष्टिगत थाना हजरतगंज पुलिस ने फिल्म के निर्देशक एवं उनकी टीम के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत की है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों, प्रचारित-प्रसारित सामग्री और कानूनी प्रावधानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## घूसखोर पंडत...

करते हुए लिखा, यह बड़े दुख व चिन्ता की बात है कि पिछले कुछ समय से अकेले यूपी में ही नहीं बल्कि अब तो फिल्मों में भी 'पंडत' को घूसखोर आदि बताकर पूरे देश में जो इनका अपमान व अनादर किया जा रहा है। इससे समूचे ब्राह्मण समाज में इस समय ज़बरदस्त रोष व्याप्त है, इसकी हमारी पार्टी भी कड़े शब्दों में निन्दा करती है। उन्होंने कहा कि पार्टी मांग करती है कि ऐसी इस जातिसूचक फिल्म (वेब सीरीज) 'घूसखोर पंडत' पर केन्द्र सरकार को तुरन्त प्रतिबन्ध लगाना चाहिए। इसको लेकर लखनऊ पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज करना उचित कदम है। उल्लेखनीय है कि फिल्म 'घूसखोर पंडत' के निर्देशक के खिलाफ राजधानी की कोतवाली हजरतगंज में एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई समाज में वैमनस्य फैलाने, धार्मिक एवं जातिगत भावनाओं को आहत करने और शांति व्यवस्था को भंग करने के प्रयास के आरोप में की गई है। विवादित फिल्म ल्लघूसखोर पंडितङ्क पर लखनऊ में एफआईआर दर्ज होने के बाद अभिनेता मनोज बाजपेयी का बयान सामने आया है। अभिनेता ने एक्स पर कहा कि वह लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हैं और किसी समुदाय को ठेस पहुँचाने का इरादा नहीं था। उन्होंने बताया कि फिल्म के प्रमोशनल मटीरियल को जनभावनाओं के सम्मान में हटाने का फैसला लिया गया है।

## शिया मस्जिद ...

कार्य में जुट गए। घटना से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई है, जिसमें लोग इमाम बारगाह की जमीन पर बेसुध पड़े हैं। वहीं कुछ लोग एक दूसरे की मदद करते दिखाई दिए।

अस्पतालों में भी लगाई इमरजेंसी

सुरक्षा एजेंसियों ने इमाम बारगाह और आसपास के पूरे इलाके की घेराबंदी करते हुए कड़ी निगरानी रखी जा रही है। राजधानी के पॉलीक्लिनिक, पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमस), और सीडीए अस्पताल में इमरजेंसी लगा दी गई है। पीआईएमस के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (ईडी) के निर्देश पर अस्पताल में इमरजेंसी लागू कर दी गई है। एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य इमरजेंसी, ऑर्थोपेडिक, बर्न सेंटर और न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट को एक्टिव कर दिया गया है।

## शिक्षा...

प्रश्नपत्रों और तथाकथित ल्लइम्पोर्टेंट क्वेश्चनङ्क पर अत्यधिक निर्भरता को लेकर छात्रों को आगाह किया। उन्होंने कहा कि जब छात्र केवल सीमित पैटर्न पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तब प्रश्नपत्र कठिन लगने लगता है, जबकि वह सिलेबस के बाहर नहीं होता। यह प्रवृत्ति उनके छात्र जीवन के समय भी थी और आज भी कुछ शिक्षक अनजाने में इसे बढ़ावा देते हैं। अच्छे शिक्षक वही होते हैं जो पूरे सिलेबस को जीवन से जोड़ कर पढ़ाते हैं।

प्रधानमंत्री ने खेल का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे एक खिलाड़ी केवल कंधे की मांसपेशियां मजबूत करके अच्छा बॉलर नहीं बन सकता, वैसे ही पढ़ाई में भी संपूर्ण तैयारी जरूरी है। शरीर, मन, नींद, खानपान- सबका संतुलन जरूरी है। शिक्षा भी ऐसी ही है; उसे जीवन के हर पहलू से जोड़कर देखना चाहिए।

पढ़ाई के दौरान एकाग्रता और भूलने की समस्या पर प्रधानमंत्री ने व्यावहारिक सलाह दी। उन्होंने कहा कि छात्र अपने से कमजोर विद्यार्थियों को पढ़ाएं और अपने से बेहतर विद्यार्थियों से कुछ समय मार्गदर्शन लें। इससे दोहरा लाभ होगा- समझ मजबूत होगी और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि किसी क्षण में जितना अधिक हम शामिल होते हैं, वह उतना ही लंबे समय तक याद रहता है।

कक्षा 12वीं के छात्रों द्वारा बोर्ड परीक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की एक साथ तैयारी के सवाल पर प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राथमिकता बोर्ड परीक्षा को देनी चाहिए। यदि छात्र अपने सिलेबस को गहराई से आत्मसात कर लेते हैं तो प्रतियोगी परीक्षाएं अपने आप आसान हो जाती हैं। उन्होंने माता-पिता से भी आग्रह किया कि वे बच्चों को उनकी क्षमता, रुचि और गति के अनुसार आगे बढ़ने दें।

परीक्षा के दौरान घबराहट और जल्दबाजी से होने वाली गलतियों पर प्रधानमंत्री ने एक सरल तकनीक साझा की। उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र मिलने पर 30 सेकंड शांत बैठकर गहरी सांस लें। इससे मन स्थिर होता है और सही उत्तर सूझता है। उन्होंने कहा, ल्लनहीं आता है या गलती होना अलग बात है, लेकिन आता है और फिर भी गलती हो जाए- यह अक्सर हड़बड़ी के कारण होता है।ङ्क

सपनों के विषय पर प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सपने न देखना एक तरह का अपराध है लेकिन केवल सपने गुनने से कुछ नहीं होता, उन्हें कर्म से जोड़ना जरूरी है। यदि कोई छात्र अंतरिक्ष यात्री बनना चाहता है तो उसे उस दिशा में पढ़ना, जीवनी पढ़नी, संबंधित कार्यक्रम देखना और रुचि को धीरे-धीरे पोषित करना चाहिए। उन्होंने यह भी सलाह दी कि सपनों को सार्वजनिक करने के बजाय उन्हें लिखकर निजी रूप से संजोया जाए।

प्रधानमंत्री ने छात्रों को महान व्यक्तियों की जीवनी पढ़ने की सलाह देते हुए कहा कि इससे यह समझ आता है कि बड़े लोग भी कभी साधारण हालात से ही आगे बढ़े थे। इससे छात्रों में यह विश्वास पैदा होता है कि वे भी उसी रास्ते पर चल सकते हैं- एक कदम, फिर दूसरा और फिर तीसरा।

कौशल विकास पर बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जीवन कौशल और पेशेवर कौशल दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने संतुलन पर जोर देते हुए कहा कि जैसे शरीर का संतुलन बिगड़ने पर व्यक्ति गिर जाता है, वैसे ही जीवन में किसी एक पक्ष पर अत्यधिक जोर नुकसानदेह हो सकता है।

प्रधानमंत्री ने छात्रों से विकसित भारत के निर्माण में भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि वर्ष 2047 में यही छात्र देश की सबसे सक्रिय पीढ़ी होंगे और उन्हें अभी से उसके लिए तैयारी करनी चाहिए। आज के युवा उस समय अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण दौर में होंगे। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे विकसित भारत के लिए अपने व्यक्तिगत संकल्प लिखें और रोजमर्रा की आदतों में स्वदेशी, स्वच्छता और अनुशासन को अपनाएं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार का नहीं, हर नागरिक का कर्तव्य है।

गेमिंग से जुड़े सवाल पर प्रधानमंत्री ने कहा कि गेमिंग एक कौशल है और यह व्यक्तित्व विकास में सहायक हो सकता है लेकिन इसे केवल मनोरंजन या जुए के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को गेम खेलने के बजाय गेम निर्माता बनने और भारतीय संस्कृति व कथाओं पर आधारित खेल विकसित करने की सलाह दी।

तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई एक महान शिक्षक है लेकिन उसका उपयोग समझदारी से होना चाहिए। केवल सारांश निकालना बुद्धिमानी नहीं है; एआई का उपयोग अपनी रुचि के अनुसार सीखने और ज्ञान बढ़ाने के लिए करना चाहिए।

एक छात्र द्वारा शिक्षक के बहुत तेज पढ़ाने की शिकायत पर प्रधानमंत्री ने शिक्षक के दृष्टिकोण से उत्तर देते हुए कहा कि शिक्षक को छात्रों से एक कदम आगे रहना चाहिए, ताकि लक्ष्य चुनौतीपूर्ण रहे लेकिन असंभव न हो। वहीं, छात्रों को शिक्षक द्वारा पढ़ाये जाने वाले पाठ को पूर्व में अध्ययन कर शिक्षक से दो कदम आगे रहने की सलाह भी दी। प्रधानमंत्री ने शिक्षकों को सलाह दी कि वे छात्रों में जिज्ञासा पैदा करने और समझ बेहतर बनाने के लिए उन्हें पहले से जानकारी दें कि अगले सप्ताह कौन-सा पाठ पढ़ाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारा लक्ष्य ऐसा होना चाहिए, जो पहुंच में हो लेकिन पकड़ में ना हो।ङ्क

कार्यक्रम के दौरान सिक्किम की छात्रा श्रेया प्रधान ने हिंदी, नेपाली और बांग्ला भाषा में स्वयं रचित गीत प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि पढ़ाई, कौशल, विश्राम और शौक इन सबका संतुलन ही वास्तविक विकास की कुंजी है।

प्रधानमंत्री ने सभी छात्रों को कार्यक्रम की शुरुआत में असम का गमछा भेंट किया। प्रधानमंत्री ने असम के गमछा का उल्लेख कर उसे नारी सशक्तिकरण और पूर्वोत्तर की कारीगरी का प्रतीक बताया।

अंत में प्रधानमंत्री ने छात्रों को संदेश दिया कि परीक्षा को उत्सव की तरह लें, स्वयं पर भरोसा रखें और अपने जीवन के केंद्र में सत्य और आत्मविश्वास को रखें। उन्होंने कहा, ल्लशिक्षा परीक्षा के लिए नहीं, जीवन के लिए है और परीक्षा स्वयं को पहचानने का अवसर है।ङ्क

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का अगला एपिसोड 9 फरवरी को सुबह 10 बजे प्रसारित होगा।

## प्रधानमंत्री...

प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'' उल्लेखनीय है कि यह समझौता केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह और नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो की उपस्थिति में हुआ। यह समझौता नागालैंड के छह जिलों, तुएनसांग, मोन, किफिरे, लोंगलेन्ग, नोकलाक और शमाटोर के लिए फ्रंटियर नागालैंड टेरीटोरियल अथॉरिटी (एफएनटीए) के गठन और एफएनटीए को 46 विषयों के संबंध में शक्तियों के हस्तांतरण का मार्ग प्रशस्त करता है।

यह समझौता, अन्य बातों के अलावा, एफएनटीए के लिए एक लकु सचिवालय का प्रावधान करता है। इसका नेतृत्व अतिरिक्त मुख्य सचिव और प्रधान सचिव करेंगे। साथ ही जनसंख्या और क्षेत्रफल के अनुपात में पूर्वी नागालैंड क्षेत्र के लिए विकास परिव्यय को साझा करने का प्रावधान करता है। महत्वपूर्ण यह है कि समझौता भारत के संविधान के अनुच्छेद 371(ए) के प्रावधानों को किसी भी तरह से प्रभावित नहीं करता है। इस अवसर पर अमित शाह ने कहा कि आज विवाद मुक्त पूर्वोत्तर के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक ऐसे पूर्वोत्तर की कल्पना की है जो उग्रवाद, हिंसा, विवादों से मुक्त और विकसित हो। आज हमने उस सपने को साकार करने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि 11 साल पहले, उत्तर पूर्व में कई सशस्त्र समूह और विवाद इस क्षेत्र को बंटवारे की ओर धकेल रहे थे और इसकी शांति भंग कर रहे थे। साथ ही, कई अंतरराज्यीय विवाद राज्यों की शांति भंग कर रहे थे। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार हर विवाद का समाधान खोजने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 2019 से मोदी सरकार ने उत्तर पूर्व में 12 महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह एक्स पोस्ट में अमित शाह की एक दिन पहले की गई पोस्ट को भी री-पोस्ट किया है।

# विधायकों,विधान पार्षदों सदस्यों और सरकारी कर्मचारियों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा दी जाएगी

**बिहार विधानमंडल बजट सत्र**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधानमंडल में बजट सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह की मांग पर सरकार ने घोषणा किया कि राज्य में अब विधायकों-विधान पार्षदों सदस्यों और सरकारी कर्मचारियों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा दी जाएगी। इससे प्रदेश के करीब 10 लाख कर्मचारी और उनके आश्रित लाभान्वित होंगे। प्रश्नकाल के दौरान राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने सदन में कैशलेस सुविधा पर कहा कि, मंत्री की तरफ से कैशलेस का आश्वाशन दिया गया है। लेकिन अभी सरकार की तरफ से जो व्यवस्था है, उसमें बहुत खामियां है। जब हम जांच कराते है तो वहां बहुत सारी रसीद नहीं मिलती है, पैसे देने पर जांच की जाती है। कोई मरीज अस्पताल में दम तोड़ दें, उसके बाद सुविधा मिले, इसका कोई मतलब है। मुख्यमंत्री ने कैशलेस सुविधा की बात की थी, लेकिन इससे वंचित क्यों किया जा रहा है?. कैशलेस सुविधा कई सालों से विचाराधीन है, यह कब तक होगा? इस सवाल पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि, सरकार इस बात से सहमत है। लेकिन जो सुविधा अभी हम दे रहे है, वो सुविधा सीजीएचएस में नहीं है। एक मुश्किल यह है कि एडवांस में पैसा देना पड़ता है। सम्राट चौधरी के जवाब पर राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि, सीधी बात है 'कैशलेस' उसके अलावा कोई डिमांड नहीं, कई बैठक हो चुकी है, घूमाने का काम नहीं किया जाय। कैशलेस सुविधा पर भाजपा विधायक जिवेश मिश्र ने भी कहा कि दिल्ली एम्स के एमडी का हस्ताक्षर होने के बाद विधानसभा उसे वेरिफाई करती है, और सदस्यों को परेशान किया जाता है। इसका सरकार को उत्तर देना चाहिए। इस पर राघवेंद्र प्रताप सिंह अड़ गए। जाले से भाजपा विधायक जीवेश मिश्रा ने भी सरकार पर दबाव बनाते हुए कहा कि सरकार सदन में मौजूद है, तो बैठक की जरूरत क्यों। इसके बाद सम्राट चौधरी ने सदन में ही कैशलेस सुविधा देने की घोषणा कर दी। अब तक बिहार के सरकारी कर्मचारियों के लिए इलाज की रीइंबर्समेंट व्यवस्था लागू थी। विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने इसे अव्यावहारिक बताते हुए कैशलेस व्यवस्था की मांग उठाई। सरकार ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा लागू की जाएगी और एक सप्ताह के भीतर इस पर बैठक होगी। विधायक आईपी गुप्ता ने बिहार में प्रति व्यक्ति स्वास्थ्य सुविधा पर होने वाले खर्च को लेकर सवाल पूछा। आईपी गुप्ता ने कहा कि झारखंड और पश्चिम बंगाल से भी प्रति व्यक्ति स्वास्थ्य पर खर्च बिहार का कम है।

# मुख्यमंत्री ने नेत्रहीन महिला टी-20 विश्व कप विजेता टीम की खिलाड़ी अनु कुमारी को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 01 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' सभागार में प्रथम नेत्रहीन महिला टी-20 विश्व कप-2025 की विजेता भारतीय टीम की खिलाड़ी अनु कुमारी को 23 लाख 43 हजार 750 रूपये का चेक एवं अंगवस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।

अनु कुमारी प्रथम नेत्रहीन महिला टी-20 विश्व कप-2025 की विजेता भारतीय टीम की सदस्य रही है। भारतीय टीम को विजय बनाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। मुख्यमंत्री ने अनु कुमारी को बधाई एवं शुभकामना देते हुये कहा कि आप इसी तरह से अच्छा क्रिकेट खेलते रहिये और राज्य एवं देश का नाम रौशन करते रहिये। हम सब लोगों के लिए यह प्रसन्नता की बात है कि बिहार की एक साधारण घर की बेटी अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर अंतर्राष्ट्रीय मुकाम हासिल की है। राज्य सरकार 'मेडल लाओ-नौकरी पाओ' योजना के तहत पदक जीतनेवाले राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी भी प्रदान कर रही है। राज्य में आधुनिक और विश्वस्तरीय खेल इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कराया जा रहा है। खिलाड़ियों को सरकार प्रोत्साहित करते हुये उन्हें हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करा रही है। आप आगे बढ़ते रहिये, सरकार आपको हरसंभव सहयोग प्रदान करती रहेगी। आप बिहार की बेटियों के लिए प्रेरणा हैं, हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।खिलाड़ी अनु कुमारी ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह (क्रिकेट का बल्ला और बॉल) भेंट किया। अनु कुमारी ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुये कहा कि आपके सहयोग से हम सब आगे बढ़ रहे हैं। राज्य सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुये हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है। हम सब खिलाड़ी बहुत खुश हैं। बिहार में खेल इफ्रास्ट्रक्चर का बहुत अच्छा विकास हुआ है जिसका लाभ खिलाड़ियों को मिल रहा है।

# शुभ मुहूर्त पर गंगा नदी के रामरेखा घाट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बक्सर। सोलह संस्कारों में प्रमुख माने जाने वाले मुंडन संस्कार के शुभ मुहूर्त पर शुक्रवार को गंगा तट आस्था और श्रद्धा से सराबोर नजर आया। तड़के सुबह से ही शहर के प्रमुख रामरेखाघाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बढ़ती भीड़ के चलते घाट क्षेत्र में मेला जैसा माहौल बना रहा और दिन भर चहल-पहल बनी रही। सड़को पर जाम का नजारा बना रहा। रामेश्वर नाथ मंदिर के पुजारी पंडित विक्की बाबा ने बताया कि बक्सर ऋषि-महर्षियों की तपोभूमि रही है और उत्तरायणी गंगा के कारण यहां का धार्मिक महत्व और बढ़ जाता है। इसी आस्था के चलते दूर-दराज से श्रद्धालु अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कराने पहुंचे।

# दिल्ली सरकार ने डीयूएमटीए के लिए विधेयक का मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने एकीकृत परिवहन की दिशा में निर्णायक कदम उठाते हुए दिल्ली यूनिफाइड मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (डीयूएमटीए) और एक समर्पित दिल्ली अर्बन ट्रांसपोर्ट फंड (डीयूटीएफ) के गठन के लिए विधेयक का मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। यह जानकारी आज एक विज्ञप्ति के जरिए दी गई। विज्ञप्ति के मुताबिक, प्रस्तावित कानून के शीघ्र और समावेशी मसौदे को सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया है। टास्क फोर्स को निर्देश दिए गए हैं कि वह निर्धारित समय-सीमा में विधेयक का मसौदा तैयार कर प्रस्तुत करे, जिससे सरकार की सुधारोन्मुख प्रतिबद्धता और तत्परता स्पष्ट होती है। इस टास्क फोर्स में परिवहन, शहरी विकास, वित्त, योजना, लोक निर्माण और दिल्ली पुलिस सहित प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी), दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) और भारतीय रेलवे जैसे प्रमुख नागरिक एवं परिवहन संस्थानों के प्रतिनिधियों को भी इसमें सम्मिलित किया गया है। वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं और स्थानीय आवश्यकताओं के संतुलित समावेश के लिए मुख्यमंत्री ने शहरी परिवहन के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों को सह नामित करने का भी सुझाव दिया है। इस पहल की पृष्ठभूमि स्पष्ट करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की परिवहन एजेंसियां ऐतिहासिक रूप से पृथक रूप से कार्य करती रही हैं, जिससे मार्ग योजना, अवसंरचना विकास और सेवा प्रदायगी में समन्वय की कमी रही है। उन्होंने कहा कि 'डीयूएमटीए' दिल्ली की संपूर्ण शहरी गतिशीलता प्रणाली में समन्वय स्थापित करेगा। मेट्रो, बस, क्षेत्रीय रेल, रेलवे और फीडर सेवाओं जैसे सभी परिवहन साधनों को एकीकृत योजना क्षेत्राधिकार के अंतर्गत लाकर हम यह सुनिश्चित करेंगे कि परिवहन समाधान कुशल, समावेशी और नागरिक केंद्रित हों। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि डीयूएमटीए सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने, अंतिम मील कनेक्टिविटी सुधारने और निजी वाहनों पर निर्भरता कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे सड़कों पर जाम में कमी आएगी। उन्होंने रेखांकित किया कि यह पहल वायु प्रदूषण से निपटने की सरकार की दीर्घकालिक रणनीति का एक अहम अंग है। वाहन उत्सर्जन प्रदूषण का एक प्रमुख स्थानीय स्रोत है और सुव्यवस्थित व विश्वसनीय सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क का विस्तार पर्यावरणीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अनिवार्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रदूषण से निपटने के लिए अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक समाधानों पर एक साथ काम कर रही है। यह समस्या पिछले वर्षों में संरचनात्मक सुधारों के अभाव में और गंभीर हुई।

## जालंधर में गुरुद्वारे के बाहर आआपा नेता की गोली मारकर हत्या

चंडीगढ़। पंजाब के जालंधर में शुक्रवार सुबह एक्टिवा सवार दो नकाबपोश युवकों ने आम आदमी पार्टी नेता लक्की ओबराय की गोली मारकर हत्या कर दी। लक्की गुरुद्वारा साहिब में माथा टेककर बाहर निकले थे। परिवार के सदस्य उन्हें मॉडल टाउन के प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही एडीसीपी जयंत परी व अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने पूरे इलाके को सील करके सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। पुलिस के अनुसार लक्की शुक्रवार सुबह रोजाना की तरह गुरुद्वारा में माथा टेकने के लिए आए हुए थे। इस दौरान गुरुद्वारा के बाहर उन पर हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। इससे उनकी गाड़ी थार के शीशे कनाचूर हो गए। पुलिस ने हमलावरों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लिया है। एडीसीपी जयंत परी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि लक्की ओबेरॉय गुरुद्वारा से निकलकर अपनी थार में बैठने लगे तो एक युवक ने आकर गोलियां चला दीं।

## देह व्यापार रैकेट का पर्दाफाश कर 11 युवतियां मुक्त कराई गईं, 10 आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के द्वारका इलाके में पुलिस ने शुक्रवार को बड़े देह व्यापार रैकेट का पर्दाफाश किया। डाबड़ी थाना पुलिस ने एक घर पर छापा मारकर 11 युवतियों को मुक्त कराया, जिनमें 5 नाबालिग हैं। पुलिस ने मौके से 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस छापेमारी से पूर्व एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (एवीए) की तरफ से जानकारी जुटा कर दक्षिण पश्चिम दिल्ली पुलिस के उपायुक्त को बताया गया कि इन किशोरियों को नौकरी का झांसा देकर पश्चिम बंगाल, असम और उत्तर प्रदेश से लाया गया। पुलिस की छापेमारी में 11 युवतियों को मुक्त कराया गया और मौके से 8 ग्राहकों और दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया, जिनपर अड्डे के संचालक होने का संदेह है।

# नालंदा जिले में कृषि निदेशक ने की संसाधनों व किसानों के लिए संचालित कार्यक्रमों समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नालंदा, बिहारशरीफ। नालंदा जिले के कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) हरनौत में शुक्रवार को बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर के प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. एस.के.पाठक का दौरा किया गया। उन्होंने करीब साढ़े तीन घंटे तक केंद्र में रुककर कार्यालयों, प्रयोगशालाओं, परिसर में स्थापित विभिन्न डेमो यूनिट तथा खेतों में लगी फसलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वैज्ञानिकों के साथ बैठक कर केंद्र की गतिविधियों, उपलब्ध संसाधनों तथा किसानों के लिए संचालित कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की।डॉ. पाठक ने केंद्र पर संचालित समेकित कृषि जीविकोपार्जन विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को विभिन्न कृषि सिद्धांतों एवं आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने वैज्ञानिकों से कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अधिक व्यावहारिक और किसानोन्मुखी बनाया जाएगा, ताकि इसका सीधा लाभ ग्रामीणों को मिल सके। इस अवसर पर केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. सीमा कुमारी भी मौजूद थीं। निरीक्षण के दौरान डॉ. पाठक ने मशरूम उत्पादन, स्पॉन उत्पादन इकाई, बकरी पालन, मत्स्य पालन, प्राकृतिक खेती, अजोला उत्पादन, पोषण वाटिका, क्राफ्ट कैफ़ेटेरिया, जैव अपघटक कंपोस्ट, पौधा प्रबंधन, बायोचार तथा वर्मी कंपोस्ट यूनिट का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित वैज्ञानिकों को इन डेमो यूनिटों को व्यवस्थित एवं आकर्षक ढंग से सजाने तथा किसानों के लिए मॉडल के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया कि बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर (पूर्व में राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत) के अधीन यह केवीके आता है और डॉ. एस.के. पाठक का यह पहला दौरा था। उन्होंने केंद्र की विभिन्न समस्याओं को भी नजदीक से देखा। करीब 25 एकड़ में फैले इस परिसर में किसान घर, प्रशासनिक भवन, गोदाम, शेड, बीज प्रसंस्करण इकाई, ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन सहित अनेक संरचनाएं मौजूद हैं। प्रशासनिक सह कृषक भवन की आधारशिला 26 दिसंबर 1999 को तत्कालीन कृषि मंत्री नीतीश कुमार ने रखी थी और 12 अप्रैल 2003 को तत्कालीन रेल मंत्री नीतीश कुमार द्वारा इसका उद्घाटन किया गया था।वर्तमान में परिसर की स्थिति जर्जर बताई गई है।

## कार का साइड मिरर टूटने के विवाद में युवक की हत्या, साथी घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। बदरपुर के गौतमपुरी इलाके में सेंट्रो कार का साइड मिरर टूटने को लेकर हुए विवाद में दो नाबालिगों तथा उसके साथियों ने दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे की हालत गंभीर बनी है। मृतक की पहचान अरुण (25) के रूप में हुई है। घायल का नाम शिवम (25) है। उसके पेट में चाकू लगा है। पुलिस ने छापेमारी कर वारदात में शामिल नाबालिगों व उनके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों से वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद हुआ है। दक्षिण पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि 5 फरवरी की रात लगभग 10 बजे गौतमपुरी में सार्वजनिक शौचालय और आयुर्वेद अस्पताल के पास चाकूबाजी की घटना की पीसीआर कॉल मिली। तत्काल बदरपुर एसएचओ तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर भीड़ के अलावा काफी संख्या में खून फैला हुआ था। पता लगा घायलों को एम्स टॉमा अस्पताल में ले जाया गया है। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर क्राइम टीम व फोरेंसिक टीम को मौके पर साक्ष्य संकलन के लिए बुलाया। घटना के चश्मदीदों ने पुलिस को बताया कि सेंट्रो कार का साइड मिरर टूटने पर दोनों युवकों का स्थानीय दो नाबालिगों व उनके साथियों से विवाद हुआ था। दोनों पक्ष में पुरानी रंजिश की बात भी सामने आई। इसी के चलते नाबालिगों व उनके दो साथियों ने अरुण तथा शिवम से मारपीट के बाद चाकू से वार कर घायल कर दिया।

# परीक्षा जीवन की कड़ी है, सम्पूर्ण जीवन नहीं : धामी

**■ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के 9वें संस्करण में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नेशविला रोड स्थित सेंट एंग्नेस स्कूल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा अब केवल संवाद नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय आंदोलन बन चुका है। प्रधानमंत्री का संदेश हमें यह सिखाता है कि परीक्षा जीवन की एक कड़ी हो सकती है, लेकिन सम्पूर्ण जीवन नहीं।

मुख्यमंत्री ने अपने स्कूली जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्कूल का समय अमूल्य होता है, जो दोबारा लौटकर नहीं आता। इसलिए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल और अन्य गतिविधियों में भी निरंतर प्रतिभाग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा एक अवसर है, जिसमें छात्र एक योद्धा की तरह पूरे आत्मविश्वास, धैर्य और शांति के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं। केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना ही काबिलियत नहीं, जीवन में और भी अनेक लक्ष्य होते हैं। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से लक्ष्य तय कर प्राथमिकताओं के साथ आगे बढ़ने तथा परीक्षा के दबाव से मुक्त रहकर सकारात्मक सोच के साथ सफलता प्राप्त करने का आह्वान किया। साथ ही अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें और उनकी तुलना दूसरों से न करें। संदर्भित है कि परीक्षा पे चर्चा 2026 के अंतर्गत देशभर में चार करोड़ से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने पंजीकरण किया है, जिससे पूर्व का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी टूटने जा रहा है। उत्तराखंड राज्य से इस वर्ष लगभग 7 लाख विद्यार्थी, 53 हजार से अधिक शिक्षक एवं 14 हजार से अधिक अभिभावक जुड़े हैं, जबकि गत वर्ष यह संख्या 2 लाख 98 हजार विद्यार्थियों तक सीमित थी। राज्य के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए 10 प्रेरक वीडियो में से एक वीडियो राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुआ है, जो राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाला कुराली, विकासखंड जखोली, जनपद रुद्रप्रयाग के छात्र रोहन सिंह राणा द्वारा तैयार किया गया है। रोहन सिंह राणा को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में दिल्ली आमंत्रित किया गया है, जो पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम के दौरान महानिदेशक शिक्षा दीप्ति सिंह, निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल कुमार सती, शिक्षक व बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रदेश में शीघ्र शुरू होगी सहकारिता आधारित 'सहकार टैक्सी' सेवा : डॉ. धन सिंह रावत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। प्रदेश में सहकारिता आंदोलन को नई दिशा देते हुए राज्य में जल्द ही सहकारिता आधारित टैक्सी सेवा शुरू की जाएगी। यह जानकारी सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दी।

सहकारिता मंत्री ने बताया कि यह पहल केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय की 'भारत टैक्सी' सेवा से प्रेरित है, जिसका शुभारंभ गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा किया गया। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता के तहत नई पहल करते हुए 'भारत टैक्सी' योजना का शुभारंभ किया, जिसमें टैक्सी चालकों को केवल चालक नहीं बल्कि वाहन और सेवा का वास्तविक स्वामी बनाया गया है। इस सहकारी मॉडल का उद्देश्य बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियों की तरह कमीशन आधारित पूंजी निर्माण नहीं, बल्कि सारथियों को उनके मुनाफ़े का अधिकार देकर उनकी आय, सुरक्षा और आत्मसम्मान को सुदृढ़ करना है। डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि होने के साथ-साथ अब तेजी से पर्यटन, तीर्थाटन और वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी उभर रहा है। राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, धार्मिक आस्था और शांत वातावरण के कारण देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंच रहे हैं। सहकारिता मंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित सहकार टैक्सी योजना के अंतर्गत सारथी भाई-बहनों के लिए स्वामित्व, सुरक्षा, सामाजिक कवच और सम्मान को केंद्र में रखकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता आधारित टैक्सी योजना को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं। शीघ्र ही इसका विस्तृत रोडमैप तैयार कर उत्तराखंड में सहकार टैक्सी योजना को धरातल पर उतारा जाएगा। डॉ. धन सिंह रावत ने यह भी बताया कि इस योजना को चार पहिया, तीन पहिया और दो पहिया टैक्सी वाहनों के साथ जोड़ा जाएगा, जिससे शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ पर्वतीय और ग्रामीण इलाकों में भी स्थानीय युवाओं और चालकों को सीधा लाभ मिलेगा। सहकारिता आधारित टैक्सी सेवा से न केवल टैक्सी चालकों को आर्थिक सशक्तिकरण मिलेगा, बल्कि यह योजना उत्तराखंड में बढ़ते पर्यटन, चारधाम यात्रा और वेडिंग डेस्टिनेशन गतिविधियों को भी संगठित, सुरक्षित और आत्मनिर्भर सहकारी ढांचे से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी।


चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063